> "The items mentioned above constitute the direct receipts of the Irrigation Department. In adition, this head receives a large indirect credit from "VII-Land Revenue" on account of the amount of land revenue which can be directly attributed to the construction of canals. The principles on which this indirect credit is calculated are fixed for each canal, and, broadly speaking, they represent at the present receipts of land revenue on canal irrigated lands less a fixed deduction on account of the amount which Government would have received in land revenue, grazing dues, etc, had the land not received canal irrigation."

यानी इस असूल को इस memorandum में वित्त सचिव ने भी माना है कि water advantage rate का credit सम्बन्धित नहर की आमदनी की ओर जाए। इस प्रकार 45 लाख रुपया water rates का, और 11 लाख रुपया water advantage rate और local rate आदि का सब मिला कर 56 लाख रुपया हुआ। इस हिसाब से 24 लाख की आमदनी हुई है और यह आमदनी खर्चा करने के बाद बचत है। इसके बावजूद बग़ैर परवाह किए हुए खरीफ़ की crop पर 9 लाख रुपए की betterment levy Western Jamuna Canal पर लगा दी गई है। इस प्रकार सारी instalments का हिसाब लगाएँ तो कई करोड़ रुपया W.J.C. पर betterment levy का बसूल कर लिया जाएगा। अगर हम सारा Western Jamuna Canal का हिसाब लगाएं तो उससे हमें 1957-58 में 1 करोड़ 23 लाख की आमदनी हुई है, जो केवल आबयाने से हुई है। इस सिलसिले में मैंने पहले भी आंकड़े रखे थे कि नए रजबाहे निकालने के बाद, re-modelling करने के बाद जो 1947 के बाद सारी आमदनी आबयाने से 1 करोड़ 23 लाख हुई है। वही मैंने आज भी कहा है। अगर हम 1959 का भी हिसाब लगाएं तो इससे भी

[श्री शेर सिंह]

ज्यादा figures बढ़ जाती है। मैंने 9 साल के figures लिए हैं और working expenses की average निकाली है तो उसका हिसाब यह बनता है कि एक साल में 45 लाख के करीब working expenses होते हैं। और अगर सारे खर्चों को मिलाया जाए जैसे tube-wells पर हुआ खर्चा, 3 करोड़ 2 लाख कुल खर्च का सूद, और जो extention व improvement पर खर्च हुआ है वह भी मिला लें तो सारा 28 लाख रुपया बैठता है। इस प्रकार सब मिला कर 73 लाख का खर्चा बैठता है। और आमदनी हुई है एक करोड़ 23 लाख की जो 1957-58 की आमदनी है। इस हिसाब से 50 लाख की आमदनी एक साल में हुई और water-advantage rate और लोकल रेट् आदि की 11 लाख की आमदनी मिला दी जाए तो 60 लाख से ऊपर यह आमदनी बनती है। अब हमारी समझ में नहीं आता कि जब सरकार को 60 लाख से ऊपर आमदनी उस वक्त हो जब सिर्फ 3 करोड़ रुपया खर्च किया गया है तो फिर betterment levy impose करने का क्या मतलब रह जाता है; मैं तो इससे भी आगे जाता हूं। Western Jamuna Canal से जो ज़मीन सींची जाएगी वह 5 लाख 73 हज़ार एकड़ तो है perennial supply के लिए और 2 लाख 81 हज़ार एकड़ non-perennial और 8 लाख 64 हज़ार में improved supply होगी। अब अगर हम re-modelling भी करें और जो उस पर खर्च करें, उस रुपए को भी शामिल कर लें और रिवाड़ी lift scheme को भी मिला लें तो पौने चार करोड़ के करीब और खर्च होना है। यानि 3 करोड़ 70 लाख रुपया खर्च होना है। हमारे पास महकमे से मिली हुई figures हैं। उनके मुताबिक जो नई perennial supply होनी है वह 5 लाख 83 हज़ार एकड़ ज़मीन को होगी जिसको 3 हज़ार cusecs पानी मिलेगा। और 6 लाख 75 हज़ार ऐसी ज़मीन है जिसमें दो फसला पानी दिया जाएगा। और जिस ज़मीन को non-perennial supply मिलेगी वह 2 लाख 81 हज़ार एकड़ है। कुल साढ़े पन्द्रह लाख एकड़ है। यह figures महकमे की हैं। अब मैं इस हिसाब से देखता हूं तो पता चलता है कि पौने चार करोड़ रुपया खर्च होने के पश्चात् नई आबपाशी के द्वारा आबयाने से 45 लाख रुपया केवल आबियाने का बन जाता है। इसमें से अगर हम maintenance वगैरह का और सूद का भी खर्च निकाल दें तो भी 20 लाख रुपया इसमें से बच रहता है। इसका मतलब यह हुआ कि 3 करोड़ 70 लाख रुपया खर्च होने के बाद यह additional आमदनी हो जाएगी। और जब सारी स्कीम मुकम्मल हो जाएगी तो 70 लाख रुपए की बचत सिर्फ आबयाने से ही होने लगेगी और अगर water advantage rates और सवाई भी शामिल कर लें तो 30 लाख के करीब और आमदनी बढ़ जाती है। यानी जो बचत होगी वह 1 करोड़ सालाना के करीब होगी। और कुल खर्चा जो होगा वह 6 करोड़ 73 लाख का होगा। अब बताइए कि 6 करोड़ रुपये लगभग खर्च करके जब 1 करोड़ की आमदनी होगी तो फिर betterment levy यह कैसे justify करते हैं? यह हैरानी की बात है।

चौधरी सूरजमल ने 1952 में आए हुए Betterment Levy Act का हवाला देते हुए कहा कि मैंने कहा था कि हम लोगों के सामने घर घर जा कर यह कहेंगे कि चूंकि इससे फायदा होता है इसलिए हमें betterment levy देनी चाहिए। यह ठीक है

क्योंकि किसानों की खुशहाली बढ़ती है इसलिए यह देना चाहिए लेकिन उसमें आगे जो लिखा है वह जान बूझ कर छोड़ गए । वह उन्होंने नहीं पढ़ा और जान बूझ कर छोड़ दिया । जो Joint Select Committee बनी थी उस कमेटी में मैं ने कहा था कि जो schemes productive हैं उनके लिए सरकार को कोई अख्तियार नहीं कि वह चार्ज करे । उसके राव बहादुर साहिब मेम्बर थे ।

> "The peasants will be called upon to meet the actual expenditure. The proviso to the proposed clause 3 lays down that if it is possible to meet the expenditure from the money realized as Abiana Betterment Charges will not at all be levied. So Betterment Charges will be levied only to the extent necessary to cover the difference between the actual expenditure and the money realized in the form of Abiana............
>
> No peasants can have any objection to such a proposal. It was on my request that the Joint Select Committee decided to recommend the insertion of another proviso on this subject".

This I have quoted from my speech.

श्री अध्यक्ष : आप ने जब तकरीर की थी उस वक्त आप Minister थे और अब नहीं हैं। उन्होंने जब वह speech की थी उस वक्त वह Minister नहीं थे लेकिन अब वह Minister बन गए हैं । इसलिए उन speeches को आप cancel समझिए । (When the hon. Member delivered that speech he was Minister and today he is not so. But when Chaudhri Suraj Mal made that speech, he was no longer a Minister while today he is in the ministry. He should, therefore, consider these speeches to have been cancelled.)

श्री शेर सिंह : स्पीकर साहिब, मैं बताना चाहता हूं कि वह उस वक्त क्या कह रहे थे । अगर आज हमारी सरकार यह साबित कर दे कि हमारी Western Jamna Canal unproductive है तो मैं आज इस बात की हिमायत करूंगा कि सरकार को betterment levy लेनी चाहिए और अगर मैं यह साबित कर दूं कि दोनों schemes Western Jamna और Bhakra-Nangal productive हैं तो फिर सरकार का levy लेने का अधिकार नहीं रहता । मेरी 1952 में जो position थी आज भी वही है, उसमें कोई inconsistency नहीं है । अध्यक्ष महोदय, जब 1952 में betterment levy का Act देश हुआ था उस वक्त चौधरी सूरज मल जी ने जो बातें कही थीं वह मैं आप की information के लिए पढ़ देता हूं । यह मैं समझता हूं कि उस वक्त चौधरी सूरज मल साहिब खुद बोल रहे थे लेकिन आज वे स्वयम् नहीं बोल रहे उन की bench बोल रही है । जो 1952 में उन्होंने speech की वह यह है :

> "I make bold to say that so far as this particular case is concerned, the Government of India have acted like a greedy boat-man......."

आगे चल कर उन्होंने फरमाया है कि उन्होंने boat में बैठा कर पानी के बीच में जा कर कहा कि या पैसे दो नहीं तो यहीं डुबाते हैं । उन्होंने यह बताया कि इसी तरह भारत सरकार कह रही है कि हमें पैसे दो । इस के अलावा आगे चल कर वह उसी speech में कहते हैं —

> "I, therefore, want that the expenditure on the Dam should be met from the general income of the State"

[श्री शेर सिंह]

मैंने तो निवेदन किया था कि सारी नहरों की आमदनी को pool करके उससे अगर यह खर्च पूरा हो सके तो कर लेना चाहिए क्योंकि यह सारा एक ही महकमा है। लेकिन चौधरी सूरज मल साहिब तो उस से भी आगे बढ़ गए हैं। उन्होंने कहा था कि सारी State के Revenue में से इस project का खर्च पूरा करना चाहिए। फिर उन्होंने कहा कि इस dam से ज़मीनों में कोई improvement नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जो 50 रुपऐ फी एकड़ betterment levy लगाई जा रही है यह बहुत ज्यादा है और 50 रुपऐ एकड़ तो ज़मीन की कीमत भी नहीं पड़ती है। यह चौधरी साहिब की उस वक्त की speech है। मैं निवेदन करूंगा कि उन की इस speech को और मेरी भी 1952 की speech को मान लिया जाए और सरकार उन पर अमल करे। अध्यक्ष महोदय, चौधरी साहिब ने कहा था कि 50 रुपऐ फी एकड़ तो ज़मीन की कीमत भी नहीं होगी लेकिन मैं Opposition में होते हुए भी यह नहीं कहता कि इतनी थोड़ी कीमत होगी। मैं मानता हूं कि ज़मीन की कीमत बड़ी है। जिन इलाकों में पानी गया है, वहां पर खुशहाली हुई है। इसके साथ ही मैं यह भी कहता हूं कि जिन इलाकों में पानी नहीं है उन्हें पानी देना चाहिए ताकि वहां के किसान पैदावार बढ़ा सकें। लेकिन यहां पर सवाल इस बात का है कि यह जो Act आज in force है इस के मुताबिक हम betterment levy ले भी सकते हैं या नहीं। इस Act के मुताबिक अगर वह unproductive scheme है तो हम tax ले सकते हैं और अगर productive scheme है तो हम betterment levy नहीं ले सकते। हमने यह नहीं देखना कि किसान के घर कितनी ज्यादा पैदावार गई है। इस आधार पर यह betterment levy नहीं लगाई जा सकती। (घंटी) यदि यह आधार मान लिया जाए तब तो Upper Bari Doab और सभी नहरों पर लगेगी।

अध्यक्ष महोदय, मैं आप का और ज़्यादा समय न लेता हुआ फिर दोबारा अपने मंत्री जी का ध्यान इस तरफ दिलाना चाहता हूं कि हरियाणे के साथ पहले भी काफी अन्याय हुआ है। इसलिए अब कुछ न्याय होना चाहिए। Upper Bari Doab Canal पर कुल मिला कर आबियाने की 56 लाख रुपऐ साल की आमदनी होती है जबकि Western Jamna Canal पर अब $1\frac{1}{4}$ करोड़ की और आगे चल कर यह आमदनी 2 करोड़ रुपए सालाना की हो जाएगी। इस से साफ ज़ाहिर है कि Western Jamna Canal सब से ज़्यादा मुनाफा देने वाली नहर है। लेकिन उस के बावजूद भी आप betterment levy लगा रहे हैं और 80% betterment levy आप हरियाणे के लोगों से ले रहे हैं।

श्री अध्यक्ष : Betterment levy के सिलसिले में आप के सामने एक Bill और एक resolution आ रहा है। उस वक्त आप इस subject पर बोल सकते हैं। (A Bill and a Resolution in connection with the betterment levy are coming before this House. The hon. Member can speak on this subject at that time.)

श्री शेर सिंह : अध्यक्ष महोदय, मैं एक बात कह के बैठ जाता हूं। मैं निवेदन करूंगा कि हरियाणे के साथ आप न्याय करें। कृपा कर के अगले साल के लिए जो budget में रुपया

रखा गया है वह सारा खर्च करवाएं और वहां पर जो जमना का remodelling आदि का काम है उसे पूरा करें। एक construction circle इस काम के लिए तुरन्त खोल दें। इस के अलावा वहां पर drainage का जो काम है उस के लिए भी शीघ्र प्रबन्ध किया जाए। इन शब्दों के साथ मैं आप का धन्यवाद करता हूं कि आप ने मुझे खुला समय दिया।

मौलवी अब्दुल गनी डार (नूह) : जनाब स्पीकर साहिब, पंजाब तकसीम हुआ तो उस वक्त हमारे हिस्से में नहरें बहुत कम आईं। ज्यादा नहरें मगरबी पंजाब के हिस्से में आईं। हम हैरान थे कि इस कमी को किस तरह से पूरा किया जाएगा। मगर जिस अकलमंदी से इस कमी को पूरा किया गया उसके लिए मैं अपनी सरकार को और अपने engineers को मुबारिकबाद देता हूं। आज हम देख रहे हैं कि नहरों का जाल बिछ गया है। इस के अलावा मुझे इस बात की भी खुशी है कि पंजाब में बेशुमार tube-wells लगाए गए हैं। मैं इस बात की भी दाद देता हूं कि आज दुनिया का एक अज़ीमुश्शान कारनामा जिसे भाखड़ा डैम कहते हैं मुकम्मल होने जा रहा है। इन सब बातों के लिए मैं मुबारिकबाद देता हूं। लेकिन एक बात मैं पूछना चाहता हूं। इत्तफाक से हमारे सब engineers भी यहां पर बैठे हुए हैं वह भी सुन लेंगे। मैं पूछना चाहता हूं कि जब आपने सब पर दया की है तो हमें यह बताया जाए कि गुड़गांव के लोगों ने क्या गुनाह किया है, उन्हें नहर क्यों नहीं मिली ह। उन का ख्याल क्यों नहीं किया जा रहा है। जब Prof. Sher Singh वज़ीर थे तो उन्होंने भी सारे पंजाब के लिए काम किया। फिर चौधरी लहरी सिंह जी ने भी इसी ख्याल से काम किया। अब राड़ेवाला साहिब की शराफत के मुताल्लिक भी दो राएं नहीं हो सकतीं। लेकिन मैं पूछना चाहता हूं कि गुड़गांव वालों ने क्या खता की है जिस की वजह से उन पर इस तरह की सख़्ती की जा रही है। स्पीकर साहिब, आपने देखा है कि हर budget में भारी से भारी रकमें दी गईं। इन्होंने थोड़ा मांगा मगर उन्होंने कहा आप घबराते क्यों हो हम लाखों नहीं करोड़ों रुपये देंगे। लेकिन स्पीकर साहिब, जब मैं ने यह पूछा कि खर्च कितना आया तो कहा कि नकद 735 रुपये। यह बात सारे पंजाब के सामने है और खासी तबाही के लिए ज़िम्मेदार है। पिछले चार वर्ष से गुड़गांव में मतवातर और ख़सूसन पलवल, बल्लभगढ़ और नूह के इलाकों में सैलाब से और बरसात से हज़ारों नहीं लाखों एकड़ ज़मीन ज़ेरे आब हो जाती है लेकिन इस के बावजूद इस सिलसिला में खर्च कितना होता है : सिर्फ 735 रुपऐ। प्रोफैसर शेर सिंह भी देखने गए। हमारे राओ वीरेन्द्र सिंह जो उस वक्त Deputy Minister थे वह भी गए और अपने नेक राड़ेवाला साहिब से भी कई दफा अर्ज़ की कि हमें बचाओ, हमें नहरें दीजिए और हमारे हां drainage का बन्दोबस्त भी कीजिए और गुड़गांव के इस हिस्से को एक झील की शकल में तबदील होने से बचाइए, लेकिन कोई शुनवाई न हुई और इन इतने बड़े बड़े engineers के होते हुए सब से ज़्यादा नुक्सान हमारा हुआ। मैं जानना चाहता हूं कि ऐसा क्यों हुआ है। जब कोई दुश्मनी नहीं, कोई इन्तकाम का जज़बा नहीं तो फिर यह ऐसा सलूक हमारे साथ क्यों ? बजाये इसके हमें tunnel scheme देते हमें उन्होंने तबाही ही तबाही दी।

स्पीकर साहिब, आप सुन कर हैरान होंगे कि जहां सारे पंजाब में 31 करोड़ रुपये का फ़सल का नुक्सान हुआ वहां 8 करोड़ के करीब नुक्सान अकेले गुड़गांव का हुआ है। मैं मानता

[मौलवी अब्दुल ग़नी डार]
हूँ कि बारिशें बहुत हुईं और उन से मकानात गिरे लेकिन बारिशों के साथ साथ drainage का इन्तज़ाम न होने की वजह से जो पानी आया उस से मकान ज़्यादा गिरे और जहां सारे पंजाब में मकानों का 5 करोड़ रुपये का नुक्सान हुआ है वहां सिर्फ गुड़गांव में 2 करोड़ 18 लाख का मकानों का नुक्सान हुआ है। स्पीकर साहिब, आप कहेंगे कि इतने बड़े मज़मून को मैं महदूद कर रहा हूं लेकिन मैं महदूद नहीं कर रहा हूं बल्कि मैं एक लफ़्ज़ में यह कहूंगा कि यह बड़ी भारी negligence है और इस का ज़िक्र मैंने अपने Nagpur Session में भी किया था जहां हमारे मुल्क के महबूब और अज़ीम नेता पण्डित जवाहर लाल जी थे और दूसरे बड़े नेता थे। मैं ने कहा था कि बड़ी भारी तबाही हो रही है। पंजाब में दो अर्ब से ऊपर रुपया भाखड़ा-नंगल के लिए खर्च किया गया है और इस लिए खर्च किया गया है कि हमारी ज़मीन बने और हमारी पैदावार बढ़े और मैं इस को बड़ा भारी कदम समझता हूं। लेकिन स्पीकर साहिब, यहां पर आगे दौड़ और पीछे चौड़ वाली बात हुई। बनने वाली ज़मीन तो जब बनेगी तब ही बनेगी लेकिन जो पहले बनी हुई थी उस को बचाने के लिए drainage पर सिर्फ एक करोड़ 17 लाख रुपया खर्च किया गया है जिस में से 38 लाख रुपया अमृतसर की किस्मत में आया जिसे आप भी represent करते हैं। 38 लाख रुपया फीरोज़पुर की किस्मत में आया और 33 लाख रुपया करनाल की किस्मत में आया। बाकी सारा पंजाब शायद पंजाब नहीं था और वहां drainage की कोई ज़रूरत नहीं थी। दुनिया का कोई काबिल planner जो planning करता है वह इस तरह से नहीं करता है कि अपने पास जो पूंजी मौजूद है उस को तो खो दे और नई के लिए कोशिश करे। मैं नई के लिए इन को मुबारिकबाद देता हूं लेकिन जो पूंजी इन्होंने खाई है तो जैसा कि मैंने पहले भी कहा था कि अगर मेरे बस में होता तो उस के लिए इन पर Planning Commission से लेकर अपने ने कतरीन वज़ीर और काबिल इंजीनियरों तक सब पर मुकदमा चलाता और इन को सारी कौम के सामने जवाबदेह होना पड़ता कि किस तरह से इन की कोताही से बाज़ लोगों के नज़दीक वहां 90 लाख एकड़ ज़मीन बरबाद हुई और हमारे Congress President सरदार दरबारा सिंह के नज़दीक 30 लाख एकड़ ज़मीन खराब हुई और किस तरह इन्होंने बेदर्दी से कौम का नुक्सान किया (*Interruptions by Chaudhri Suraj Mal*) देखिए मैं आप की ताईद नहीं चाहता लेकिन आप के दिल में अगर दया दृष्टि आए तो ठण्डे दिल से सोचें कि यह जो निकम्मी प्लैनिंग की है और अगर उस गलत प्लैनिंग से कोई नुक्सान होता है तो वह कौम के सामने उस के लिए मुल्ज़म हैं और कौम आप को मुआफ नहीं कर सकती। अगर आप इस का जवाब आज नहीं देंगे तो आने वाली नसलें इस का जवाब ले कर रहेंगी।

चौधरी धर्म सिंह राठी : आने वाली नसलें तो सज़ा देंगी।

मौलवी अब्दुल गनी डार : तो मैं अर्ज़ कर रहा था कि सिर्फ यही नुक्सान नहीं हुआ कि वह ज़मीन एक हिसाब से 9 अर्ब की और दूसरे हिसाब से 4 अर्ब की खराब हुई बल्कि यह मसला भी साथ के साथ और टेढ़ा होता गया और यहां तक कि करोड़ों रुपया की फसलें खराब हुईं, करोड़ों रुपया का इस सरकार को मालिया छोड़ना पड़ा और हमारे नेक मिनिस्टर के कहने के मुताबिक

आबियाना का बकाया भी बढ़ता ही चला गया। इस लिए बढ़ता गया कि लोग गरीब हो गए और देने की ताकत उन में न रही। स्पीकर साहिब, इस के अलावा एक नुक्सान और हुआ और यह शायद मुझे समझें या न समझें कि जहां इन की सारी दुनिया में भाखड़ा की वजह से नेक नामी हुई और सारा पंजाब इन की खिदमात का शुक्रगुज़ार है कि इन्होंने यह अज़ीमतरीन कारनामा कर दिखाया है वहां आज किसान का एक एक खेत सेम से बरबाद हो रहा है। भूख से किसान आज इतना तबाह है कि वह औरों को तो क्या वह खुद अपने लिए अन्न चाहता है और इन को चाहिए था कि यह drainage का बहुत पहले से बन्दोबस्त करते। सब से ज़्यादा तबाही गुड़-गांव में सैलाब से हुई है और संगरूर के नज़दीक हांसी में सेम से हुई है। स्पीकर साहिब, आज भी ज्यादा पानी जहां खड़ा है वह गुड़गांव है जहां कि 32 हज़ार एकड़ ज़मीन में पानी खड़ा है और उस में कोई फसल नहीं हुई है। उस में से 25 हज़ार एकड़ ज़मीन अकेले नूह में है। आप हैरान होंगे कि जब किसानों को बोने के लिए गन्दम दी गई तो अमृतसर को 61 हज़ार मन दे दी और गुड़गांव को 17 हज़ार मन दी। मैं यह क्यों कहता हूँ? इस लिए कहता हूं कि इन गलत तरीकों से और drainage के न होने से जो नुक्सान हुआ वह नुक्सान और आगे बढ़ता चला गया और हम और ज़्यादा नीचे आते चले गए। हम कहते थे कि पंजाब को यह फख्र हासिल है कि वह surplus है और हिन्दुस्तान के दूसरे हिस्सों को अनाज मुहैया करता है लेकिन वह credit जो हमें मिलता था वह इस नुक्सान की वजह से और कोताही की वजह कम हुआ है। जो नेक नामी का काम आप ने किया है उस के लिए हम आप के मशकूर हैं लेकिन दूसरी तरफ जो बदनामी है उस के लिए तो हाउस जितना कहे कि उन्होंने गल्तियां की हैं उतना कम है और हाउस को कहने का पूरा हक हासिल है।

स्पीकर साहिब, एक अर्ज़ मैं और करना चाहता हूं और वह यह है कि इस वक्त इस बात का बड़ा चर्चा है कि भाखड़ा पर जो खर्च हुआ उस में से कुछ तो वह है जिस से बनिए की दुकान को फायदा होता है और कुछ वह है जो गबन हुआ है। उस से फायदा नहीं होता बल्कि नुक्सान होता है। उस पर आन्दोलन चलाने वालों ने एक आन्दोलन चलाया है। मैं उस पर बहस नहीं करूंगा क्योंकि वह आज का मौज़ू नहीं लेकिन मैं यह कहता हूं कि क्या ही अच्छा होता कि आप हिन्द सरकार से कहते कि हम ने जो कारनामा किया है वह सिर्फ पंजाब के लिए ही नहीं सारे देश के लिए किया है और इस से पंजाब को ही फायदा नहीं सारे देश को फायदा है। जो लोग दूसरे मुल्कों से आते हैं हमारे काबिले ताज़ीम नेता पण्डित जवाहर लाल जी उन को इस को दिखाने लाते हैं कि आओ देखो हमारा भाखड़ा। तो इस से अकेले पंजाब का नाम रोशन नहीं होता बल्कि सारे हिन्दुस्तान का नाम रोशन होता है। तो यह बात हमारी सरकार को उन को बतानी चाहिए थी कि इस का फायदा सारे देश को है अकेले हम को ही नहीं, इसलिए हमारी मदद करो। जहां उन्होंने इतना कुछ आगे किया है और लाखों शरणार्थियों की आबाद-कारी पर अर्बों खर्च कर के फ़याज़ी दिखाई है तो हातम ताई की कबर पर एक टांग और लगा देते और यह रकम भी मुआफ कर देते और कह देते कि आप ने जो सारे देश के लिए credit की बात की है और इन काबिल इंजीनियरों ने जो इस तबाह हाल पंजाब में यह कारनामा किया है उस के पेशेनज़र हम यह छोड़ते हैं। कौन सी मुसीबत आने

[मौलवी अब्दुल ग़नी डार]

वाली थी, अगर वह हिसाब किताब न कर सकते थे तो प्रोफैसर शेर सिंह को वहां भेज देते, वे जा कर वहां हिसाब समझा आते ।

ਸਰਦਾਰ ਕਰਤਾਰ ਸਿੰਘ ਦੀਵਾਨਾ : ਉਹ ਤਾਂ ਜਾਟ ਹਨ ।

मौलवी अब्दुल ग़नी डार : दीवाना साहिब, मैं जाटों की बात नहीं कर रहा । मैं अर्ज़ करता हूं कि सिख तो दरिया दिल होते हैं और बनिया हिसाब जानता है । (घंटी) ।

स्पीकर साहिब, मैं यह अर्ज़ कर रहा था कि यह ठीक है कि यह सब रुपया बैटरमेंट लैवी के लिए लिया जाएगा लेकिन अगर सरकार उन से कहती और सैंटर की सरकार से 35 लाख शरणार्थियों के लिए माफी मांग ली जाती तो यह एक दानाई का काम होता । लेकिन अगर लेनी ही थी तो साथ वाली State उत्तर प्रदेश के rate आबियाना के लगा देते और सब पर बराबर बोझ डाल देते । शायद इस बात पर सरदार करतार सिंह जी दीवाना शोर मचाते कि सब पर क्यों.........

श्री अध्यक्ष : आप कहां फिर रहे हैं ? (The hon. Member is not relevant.)

मौलवी अब्दुल ग़नी डार : स्पीकर साहिब, मैं आप की मार्फत गवर्नमेंट को समझा रहा हूं ।

श्री अध्यक्ष : यह बात आप किसी और जगह पर समझाइए । इस डिमांड पर आप कैसे समझाएंगे (The hon. Member may bring these things home to them somewhere else. Now the point is how he will explain matters on this demand.)

मौलवी अब्दुल ग़नी डार: स्पीकर साहिब, अगर आप की मदद से नहीं समझा सकता तो और किसी जगह नहीं समझा सकता । और किसी जगह पर यह क्या सुनेंगे ।

श्री अध्यक्ष : ये तो हम पर भी लगाने वाले हैं आप कैसे समझाएंगे । (How can he make them realise? They are going to impose it on our district as well.)

मौलवी अब्दुल ग़नी डार : स्पीकर साहिब, आप के ज़िला में मुसीबत आई लेकिन हरियाना में सेम और सैलाब से किसी कद्र कम नुक्सान नहीं हुआ । आपके यहां पंजाबी रिजन में चार ड्रेनेज डिवीज़नें हैं जबकि हिन्दी रिजन में सिर्फ एक डिवीज़न है । अगर आप गुस्सा न करें तो मैं एक और बात बताऊं कि एक काबलतरीन इंजीनियर को इस लिए बदल दिया गया कि उस ने जल्दी से कैरों drainage तैयार नहीं की । (घंटी)

स्पीकर साहिब, मैं सरकार से कहता हूं कि अगर उसने पंजाब के किसानों से betterment levy लेनी है तो इसका बोझ मिल जुल कर सब पर डालें ताकि किसानों को कम तकलीफ हो । क्योंकि अभी तो लोगों को कोई फायदा पहुंचा ही नहीं । पिंड वसिया ही नहीं चोर पहले ही पै गए ।

श्री अध्यक्ष : आप का ख्याल है कि सब ज़िलों में सत्या ग्रह हो? (Does the hon. Member think that this agitation be launched in all the districts ?)

मौलवी अब्दुल गनी डार : स्पीकर साहिब, मैं यह नहीं कहता । मैं तो यह कहता हूं कि किसान को समझाया जाए कि करोड़ों रुपया का कर्ज़ा है और वह बकाया है; मालिया का है, आबयाना का है, Rehabilitation loan है, तकावी है, कुओं का कर्ज़ा है । हम ने करोड़ हा रुपया लेना है और हमारा मकसद किसान भाइयों को तकलीफ़ देना नहीं है । आखिर सरकार इतना बरदाश्त कर रही है कि तुम पर जो कर्ज़ा है वह नहीं लेती तो यह मामूली सी चीज़ है । अगर इस spirit से लोगों में एहसास पैदा किया जाता तो इतना आन्दोलन न होता । बहरहाल, मैं राड़ेवाला साहिब से अर्ज़ करूंगा कि तबाह हों नूह के इलाका के लोग और ड्रेन बने कैरों में, इस ढंग से पंजाब की स्टेट का कोई भला नहीं हो सकता । महाराजा रनजीत सिंह की तरह उन्हें सब को एक आंख से देखना चाहिए, आंखें बेशक दोनों ही हों । आखीर में मैं एक बात अर्ज़ करूंगा कि ज़िद में आ कर अब्दुल ग़नी के हलका को तबाह करने के लिए वहां पर सड़क न बनाने, ड्रेन या नहर न बनाने से बेहतर है कि आप मुझे कहें कि मैं यहां से resign कर दूं । लेकिन इस तरह ज़िद में आ कर एक इलाका को बरबाद करना इनसाफ़ नहीं ।

राव गजराज सिंह (गुड़गांव) : सब से पहले मैं अपने चीफ़ मिनिस्टर साहिब का मश्कूर हूं और राड़ेवाला साहिब का खास तौर पर मश्कूर हूं कि वे पहली दफा गुड़गांव Tunnel Scheme को expenditure के सफा 207 पर लाए । जनाब, मैं तह दिल से मश्कूर हूं कि आखिर कुफर टूटा खुदा खुदा करके ।

जो कहते हैं कि हम कुफर के मालिक हैं उन से तो नहीं टूटा। मैं राड़ेवाला साहिब से अर्ज़ करूंगा कि वे personal level पर इस स्कीम को पूरा करने के लिए कोशिश करें । दूसरे मैं अर्ज़ करूं कि अगर सैंटर और राजस्थान के नुमायन्दों के साथ इकट्ठे होकर इस स्कीम पर काम करें तो सफलता जल्दी होगी । खुशकिस्मती से हमारे चीफ़ इंजीनियर लाम्बा साहिब, जोकि इस स्कीम में बहुत दिलचस्पी रखते थें और इसकी वजह से बाज़ औकात इसे लाम्बा स्कीम भी कह देते हैं, इस वक्त राजस्थान में लगे हुए हैं । उन की मदद लें और राजस्थान गवर्नमेंट की मदद लें ।

दूसरे जैसे प्रोफैसर साहिब ने फरमाया यह ठीक है कि अगर इस वक्त land acquire करने की कोशिश करें तो ज़्यादा मुफीद होगा क्योंकि वहां कीमतें बढ़ रही हैं । इस लिए अगर इस वक्त acquire कर लें तो ज़मीन कम कीमत पर मिलेगी ।

4. 00 p. m.

Speculators ने ज़मीनें इस जगह खरीदनी शुरू की हैं और फर्ज़ी कागज़ पुर करवाने की कोशिश कर रहे हैं और ज़्यादा कीमतें दिखा रहे हैं ताकि अगर गवर्नमेंट वह ज़मीन acquire करे तो ज़्यादा कीमत वसूल हो सके । इस तरह की चालें चली जा रही हैं । इस लिए मैं मुअदबाना गुज़ारिश करूंगा कि इस मामले को खतोकिताबत से नहीं बल्कि personal level पर सैंटर के नुमायंदों के साथ बैठ कर हल करवा लें ।

[राग्रो गजराज सिंह]

इस के अलावा, स्पीकर साहिब, मैं एक और चीज़ आप के नोटिस में लाना चाहता हूं कि रिवाड़ी तहसील में 150 गांव बग़ैर पीने के पानी के हैं। हमारे मौजूदा गवर्नर साहिब ने जो, पहले Centre में मिनिस्टर रह चुके हैं, इस मसले की अहमियत को समझते हुए special अमला मुकर्रर करवाया। उस अमले ने बजाय ठीक तरीके से जांच करने के जल्दी करके इस काम को अधूरा छोड़ दिया। राय बहादुर कंवर सैन, इंजीनियर, ने इस स्कीम को सही तौर पर न समझा। उन्होंने दूसरी तजवीज़ की कि पानी को रोक कर stages by stages बांध लगा कर पानी मिल सके। इस वक्त रिवाड़ी स्कीम का ज़िक्र है। आप स्पीकर साहिब, मुलाहज़ा फरमाइए कि 425 गांव हैं और सिर्फ 11 गांव में पानी जाना है। जो अमला रिपोर्ट कर के वापस आया है वह ठीक नहीं है। गांव वाले लोगों से tube-well लगवाना मुनासिब नहीं। इसलिए मैं मिनिस्टर साहिब से गुजारिश करूंगा कि वह personal तौर पर इस मामले पर गौर फर-. माएं और इस चीज़ को examine करवा कर किसी engineer को मुकर्रर करें ताकि वह देखे कि यह क्या चीज़ है। यह एक मायूस-कुन बात है कि एक civilised nation के 100 गांव के लोगों को पीने का पानी मुयस्सर न हो।

दूसरी बात मैं यह अर्ज़ करूंगा कि बांध एक life line का काम करते हैं। मुझे बतौर चेयरमैन, डिस्ट्रिक्ट बोर्ड, होने के इस बात का तजरुबा है कि बांध सैलाब के आने में काफी रुकावट पैदा करते हैं। 26,000 रुपये का जो provision किया गया है इस से तो सिर्फ चार बांधों के लिए मिट्टी डाली जा सकेगी बाकी उसी हालत में रह जायेंगे। यह रकम कुछ Forests Department से ली जाती है और कुछ District Boards से लेते थे। यह उसी तरह ही मामला रहेगा जिस तरह स्कूलों की हालत है कि वह provincialise तो हो गये हैं लेकिन वहां न teacher होता है और न building की मुरम्मत। इन बांधों के लिए Rs. 26,000 की provision से कुछ नहीं बनने वाला। इस सिलसिले में और मद्दों से रुपया हासिल कर के इस रकम में इज़ाफा करने की ज़रूरत है। अगर इस साल बांध अच्छी हालत में होते तो सैलाब का पानी आगे न बढ़ता। इन हालात को मद्देनज़र रखते हुए एक स्कीम बनी लेकिन immediate order होने के बाद भी एक महीना काग़ज़ात दफ़तर में पड़े रहे और Engineer Incharge तक वह कागज़ न पहुंचे। मिनिस्टर साहिब के इल्म में यह बात होगी कि किस वजह से वह काग़ज़ $1\frac{1}{2}$ महीने तक दफतर में पड़ा रहा। मैं उन से दरखास्त करूंगा कि इस ज़िला गुड़गांव पर रहम फरमाइए और इंजीनियर साहिबान को हिदायत जारी करें कि इनसानियत के नाते इस की हालत सुधारने की कोशिश करें। मैं उन से अर्ज़ करूंगा कि बांधों के सिलसिले में दूसरी मद्दों में से रुपया निकालें ताकि आयंदा साल ज़्यादा रकम relief पर न खर्च करनी पड़े। इन बांधों की वक्त पर मुरम्मत हो जानी चाहिए।

इस के अलावा एक और चीज़ मैं स्पीकर साहिब, आप के नोटिस में लाना चाहता हूं कि गुड़गांव Canal को Agra Canal से मिला रहे हैं। Agra Canal का rate हमारे rate से तीन गुना है और $1\frac{1}{2}$ गुना से कम किसी जगह नहीं। यह अजीब बात है कि जमना से नहर निकले और तीन गुना rate U.P. वाले charge

करें। Bureaucratic regime में इतनी चीज़ तो थी कि Agra Canal का मैम्बर S.D.O., Palwal, हुआ करता था। वह देखता था कि लोगों को वक्त पर पानी मिला है या नहीं लेकिन आज मुलाहज़ा फरमाइए कि इतना रुपया खर्च कर रहे हैं लेकिन इस canal की Advisory Committee में हमारी गवर्नमेंट का कोई नुमायंदा नहीं और न ही कोई M.L.A. है जो उस हलका से ताल्लुक रखता हो। इस से ज़्यादा हैरान-कुन बात क्या होगी कि तमाम पैसे हम से U.P. वसूल करे और तीन गुना rate charge करे लेकिन इस की Advisory Committee में पंजाब का कोई मैम्बर न हो। U.P. Government इतनी छोटी सी बात नहीं मान सकी। इस लिए हमारी गवर्नमेंट को चाहिए कि वह उस गवर्नमेंट को लिखे कि कोई वजह नहीं कि वह तीन गुना rate charge करे जबकि Agra Canal का पानी हमारे इलाके से जाता है।

एक और बात, स्पीकर साहिब, आप के नोटिस में लाना चाहता हूं कि गवर्नमेंट ने कुओं पर आबयाना लगाया हुआ है। एक तरफ़ तो गवर्नमेंट कहती है कि ज़्यादा तादाद में कुएं खोदो लेकिन इन पर भी आबयाना लोगों से वसूल किया जाता है। गो यह रकम 10 या 20 रुपये सालाना है लेकिन असूली तौर पर यह बात ग़लत है। Unionist Government के वक्त हमारे मौजूदा चीफ़ मिनिस्टर कहा करते थे कि इस से ज़्यादा ज़ुल्म की बात क्या हो सकती है। हज़ारों की तादाद में लोगों ने कुएं बनाये हैं लेकिन उन पर भी आबयाना वसूल किया जा रहा है। अब कांग्रेस की हुकूमत के ज़माने में यह बात शोभा नहीं देती। चाहे यह रकम थोड़ी है लेकिन असूली तौर पर अगर कोई ग़लत दस्तूर कायम हुआ हुआ है तो उसे दूर करने की कोशिश करनी चाहिए।

मैं यह अर्ज़ करूं कि अगर आप इस सिलसिले में consensus of opinion लेंगे तो लोगों की राए का आप को पता लगेगा। मुझे तो पता है; चौधरी सुमेर सिंह और दूसरे District Board के मैम्बरों ने मेरे साथ काम किया है इसलिए वे जानते हैं। बजाय इसके कि नहर को चौड़ा किया जाए अगर वहां tube-wells लगाए जाएं तो कम खर्च आएगा। इस से हमारा pupose serve हो जाएगा। यह मैं Gurgaon Canal के मुताल्लिक कह रहा हूं, Tunnel Scheme के मुताल्लिक नहीं। आप ने बड़ी मेहरबानी फ़रमा कर वक्त दिया है और मैं ने बहुत कुछ कहा है। मैं ने seriousness के साथ, suggestion के तौर पर, अपने ज़ाती तजरुबे की बिना पर यह चीज़ें अर्ज़ की हैं। मैं अर्ज़ करूंगा कि हरियाणा की जो पानी की मांग है उसे पूरा किया जाए और उनकी पानी की दिक्कतों को दूर किया जाए। मैं ने यह बात अपने दिल से कही है। आप जब नारनौल में गए हैं तो आप को पता है कि वहां की क्या हालत है। उस इलाका में पानी के बग़ैर गुज़ारा नहीं होता। हमारी National Government जिस aim को लिए बैठी है उसे पूरा करना चाहिए। हमारी कांग्रेस सरकार का aim है कि पैदावार को बढ़ाया जाए। उस का तरीका यही है कि electricity पैदा करने के साथ २ irrigation में भी ज़्यादा से ज़्यादा हिस्सा लिया जाए। जो कुएं हैं उनके लिए सस्ते rate पर बिजली दिलवाएं ताकि वे लोग ज़्यादा से ज़्यादा अनाज पैदा कर सकें और अपने private

[राम्रो गजराज सिंह]

कुम्रों पर मशीनें लगा सकें। (घंटी)। मैं अभी खत्म किए देता हूं। मैं आप को फिर याद दिलाना चाहता हूं कि गुड़गांव ज़िला के एक गांव के किसान ने अपनी ज़मीन के एक एकड़ में इतना गेहूं पैदा किया जितना और कहीं नहीं हुआ। उसने अपने कुएं पर बिजली लगा कर यह काम किया और उसने सोने का medal हासिल किया। उसने एक एकड़ में 85 मन गेहूं पैदा किया जहां और तरीकों से irrigation नहीं होती वहां आप की मेहरबानी होनी चाहिए। Nation के interest में यह काम होना चाहिए। जो मीठे पानी के कुएं लगे हैं उनके लिए बिजली देनी चाहिए ताकि irrigation का काम चल सके (घंटी)। स्पीकर साहिब, मैं आपका मश्कूर हूं।

श्री मंगल सेन (रोहतक) : स्पीकर साहिब, आज जो 4,70,64,200 रुपये की demand House के सामने पेश है उस पर विचार विमर्श चल रहा है। मैं भी कुछ कहने के लिए आपकी सेवा में उपस्थित हुआ हूं। हमारा पंजाब प्रदेश संसार में नहरों के जाल के बारे में बड़ा प्रसिद्ध था। दुर्भाग्य से हमारे देश का बटवारा हो गया और बहुत सा अच्छा सरसब्ज़ इलाका पश्चिमी पंजाब में, जहां पर नहरें ज्यादा थीं पाकिस्तान के हिस्से में आ गया। हमारी सरकार को बटवारे के पश्चात् इस बात का सामना करना पड़ा और उन्होंने बहुत सी योजनाएं भी बनाईं। इस demand में भाखड़ा scheme का ज़िक्र नहीं इस लिए मैं इस पर विचार व्यक्त नहीं करना चाहता। स्पीकर साहिब, आज हमारे प्रदेश की पैदावार इस बात पर निर्भर है कि खेती को समय पर पानी मिले और सस्ते भाव पर मिले। इस से पैदावार अच्छी हो सकती है। इसीलिए हम इस महकमे को इतने रुपये की स्वीकृति देने जा रहे हैं। स्पीकर साहिब, मैं ने यह अनुभव किया है कि ज़मीदार जितना इस महकमे से दुखी है शायद ही किसी और महकमे से इतना दुःखी होगा। (*Interruption*) मन्त्री महोदय कुछ कह रहे हैं, मैं ने सुना नहीं। सुन लेता तो जवाब दे देता। मेरा निवेदन है कि एक मोघा लगवाना हो तो कई दरखास्तें दे कर चक्कर काटने पड़ते हैं। अगर किसी ने दूर मोघे की बजाय अपने खेत के नज़दीक मोघा लेना हो तो मोघा तबदील करवाने के लिए कई वर्ष लग जाते हैं। वाराबन्दी की भी यही हालत है। रोहतक में एक गांव भड़ौलीखुर्द है। वहां के लोगों ने वाराबन्दी करवाने के लिए दो वर्ष हुए दरखास्त दी थी। उन्होंने मुझे भी कहा। वहां जो आने वाले X.E.N साहिब हैं उन्होंने कहा कि हम कार्यवाही कर रहे हैं, हम ने reminder भेजा था वगैरह वगैरह। ये शब्द कह कर वे टालने का प्रयत्न करते हैं। स्पीकर साहिब, यही नहीं। जहां पर इन्होंने नहरें बनाई हैं वहां भी इंतज़ाम ठीक नहीं। पहले भी मैं ने कई बार निवेदन किया है। मन्त्री महोदय ने समझा होगा कि शायद Opposition वालों का तो काम ही यही है कि कोई न कोई बात कहनी है खड़ग कला, और कलिंग के पास से नहर जाती है। उसके पास से जिस ज़मीन में से मिट्टी निकाली गई आज भी इनसान के कद जितने गहरे खड्डे वहां मौजूद हैं जो अभी तक भरे नहीं गए। जिन की ज़मीन थी उन पर मालिया लगाया गया और उन को मुआवज़ा देने का कोई प्रबन्ध नहीं किया गया। मन्त्री महोदय बड़े गम्भीर व्यक्ति हैं। मैं विनय करूंगा कि वह मेरी बात को note कर लें और इसका जवाब ज़रूर दें।

स्पीकर साहिब, इस demand में हमारी सरकार ने कुछ betterment levy भी लगा दी है। Western Jamna Canal से जो पानी लिया जाता है

वह कोई नया पानी नहीं, कोई नई नहर नहीं; लेकिन उन्होंने betterment charges लगा दिए। हमारे सदन के सम्माननीय सदस्य अभी अभी उस पर विस्तार से कह चुके हैं। मैं इस बारे आंकड़े नहीं बताना चाहता। उनको सुनने के पश्चात् और budget में देखने के पश्चात् यह बात ज़ाहिर हो जाती है कि भविष्य में वहां से होने वाली आमदनी इतनी काफ़ी है कि नई betterment levy लगाने की यानी extra पैसे लेने की आवश्यकता नहीं। Betterment levy असूल के तौर पर वहां लगानी चाहिए जहां पर खेती-बाड़ी करने वालों की आर्थिक अवस्था सुधर गई हो, उनके रहन सहन का स्तर ऊंचा उठ गया हो, उनके खाने पीने का स्तर ऊंचा उठ गया हो और वहां समृद्धि होने के पश्चात् इस ओर ध्यान दें तो अच्छा है। तब तो यह लोग levy देने में संकोच नहीं करेंगे। लेकिन समझ में नहीं आता कि अब यह levy क्यों लगाई गई है? आप ने पानी देना है पैसा लेना है; यह तो दुकानदारी की बात है कि कोई चीज़ लेगा तो पैसे की अदायगी करेगा। इस तरह यह charges लगा कर किसान को क्या प्रसन्न कर रहे हैं, यह बात मेरी समझ में नहीं आई। स्पीकर साहिब, सरकार ने तो ग़लती से यह बात कर दी इसलिए मन्त्री महोदय अब फ़राखदिली से आगे आएं और विशाल हृदय करके आगे बढ़ें और इसे वापस लें। प्रकृति का प्रकोप विचित्र होता है; अनावृष्टि हो जाती है और किसान का खेत सूख जाता है। यदि अधिक वर्षा होने लगे तो खेत तो खेत, घर पर भी काबू नहीं पाया जा सकता। प्रकृति पर कोई काबू तो नहीं पा सकता। आगे शायद हम प्रकृति पर काबू पा लेंगे लेकिन आज तक तो प्रकृति पर किसी ने काबू नहीं पाया। पिछली दफ़ा जब वर्षा आई तो वर्षा के कारण पंजाब में बहुत सा नुक्सान हुआ। ज़िला रोहतक में भी बहुत सा नुक्सान हुआ और आज भी कई स्थानों पर पानी खड़ा है। मेरे हलका में एक गांव कलोई के पास आज भी पानी खड़ा है। हमारी सरकार ने चालाकी से, चुस्ती से और होशियारी के साथ यह मुआमला लिया और levy लगा दी। झज्जर में पटौदी पटौदा ऐसे ही गांव हैं। वहां मीलों मील तक पानी खड़ा है। बजाय इसके कि सरकार उन लोगों की सहायता करती उलटा उन पर भी मामला लगा दिया है। स्पीकर साहिब, चंद दिनों की बात है कि मैं गुड़गांव ज़िले में गया। मैं ने वहां जा कर देखा है कि पलवल, होडल और फिरोज़पुर-झिरका की तहसीलों में मीलों पानी खड़ा है। इस चीज़ के लिए हम केवल प्रकृति को ही दोषी नहीं ठहरा सकते। इसमें बात को बढ़ा चढ़ा कर कहने या exploit करने का सवाल नहीं है। तथ्य यह है कि इस में सरकारी कर्मचारियों का भी कहीं न कहीं दोष अवश्य है। उन्होंने पानी को उचित समय पर रोका नहीं है, थामा नहीं है। आज तक उस क्षेत्र में यह हालत है कि कई कई गांव में आना जाना भी असम्भव है। पानी खड़ा रहने की वजह से रास्ते बन्द हैं। आगरे को देखने के लिए जो लोग विदेशों से आते हैं वे भारतवर्ष के सभी ऐतिहासिक स्थानों को देखने के लिए आते हैं। वे लोग भारतवर्ष की राजधानी को भी देखने के लिए आते हैं परन्तु वहां आने जाने के सारे रास्ते बन्द हैं। सड़क की तामीर नहीं की जा सकी। हमारी सरकार का विशेष ध्यान इस ओर जाना चाहिए।

स्पीकर साहिब, अब नहरें चल पड़ी हैं और कई स्थानों पर वर्षा भी बहुत ज़्यादा हो गई है। समय पर पानी का निकास न होने के कारण सेम हो गई है। रोहतक ज़िले की तहसील झज्जर और गोहाना के कई देहात आज भी पानी में खड़े हैं। उन में से पानी बहुत सरलता से निकाला जा सकता था लेकिन पता नहीं है कि सरकार क्यों ढील कर रही है। मैं जानता हूं कि कई इलाकों

[श्री मंगल सेन]

से पानी आसानी से निकाला जा सकता है लेकिन सरकार सुस्ती से काम ले रही है। रिठाल और किलाई के गांव में मीलों दूर तक पानी खड़ा है। जिन दिनों मन्त्री महोदय रोहतक में गए थे वहां की जनता ने सारी तकलीफ़ें उन के सामने रखी थीं। मुझे आज विधान सभा में इन बातों के कहने का अवसर प्राप्त हो गया इसलिए मैं ने भी ये बातें निवेदन कर दी हैं ताकि वे जल्दी ही इस समस्या को हल करने का प्रयत्न करें। नाईवाला से आठ नम्बर की drain चलती है। वह drain रोहतक के सीने पर से होती हुई सारे ज़िले को बरबाद करती हुई और सारे गांव को नुक्सान पहुंचाती हुई झज्जर की तहसील में झील का रूप ले कर खड़ी है। मैं मन्त्री महोदय से निवेदन करूंगा कि वे हमारी शंकाओं का समाधान करें। मैं उन से पूछता हूं कि सरकार का विशेष ध्यान इस तरफ़ क्यों नहीं है ? मुझे इतना कहने में संकोच नहीं है कि मन्त्री महोदय इन स्थानों पर गए और लोगों की बातों को उन्होंने सुना था। लेकिन उन तकलीफ़ों का उपाय करने में सरकार क्यों ढील कर रही है, इस बात की समझ नहीं आ रही। सोनीपत तहसील में जाटांकलां के पास का कुछ इलाका ऐसा है जोकि हर वर्ष यमुना की बाढ़ का शिकार होता रहा है। यह इलाका यमुना के तट के साथ लगता है। मैं मन्त्री महोदय की सेवा में यह निवेदन करना चाहता हूं कि वहां पर बांध लगा कर उस इलाके को तबाह होने से बचाया जाए। जब भी बाढ़ आती है तो खड़ी फ़सलें तबाह हो जाती हैं। इस का जल्दी ही इलाज होना चाहिए। हमारे पहाड़ी इलाके में नूरपुर का क्षेत्र है वहां सात आठ हज़ार एकड़ ज़मीन ऐसी पड़ी हुई है कि जहां पर आबपाशी की जा सकती है। लेकिन मेरा विचार है कि सरकार यह सोचती है कि हमने अपने इलाके में काम न किया, हरियाणे के पिछड़े हुए इलाके में या पहाड़ी इलाके में उन्नति के काम करने शुरू कर दिये तो क्या बात बनेगी। मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि वह सात आठ हज़ार एकड़ ऐसी भूमि है कि यदि वहां पर भली भांति irrigation की व्यवस्था की जाए तो यह इलाका food belt बन सकता है और इस से सरकार को लाखों रुपये की आमदनी हो सकती है। मेरा कहने का अभिप्राय यह है कि इस विभाग के मन्त्री महोदय pains लेते हैं उन को और pains लेनी चाहिएं। उनके ध्यान देने पर ही खेती-बाड़ी की व्यवस्था निर्भर करती है।

स्पीकर साहिब, अन्त में मैं यह बात फिर repeat करना चाहता हूं कि हरियाणा का इलाका बिल्कुल पिछड़ा हुआ है। Punjabi Region में तो कुओं में भी पानी बहुत दूरी पर नहीं, आसानी से निकाला जा सकता है। Tubewells की इतनी ज़्यादा ज़रूरत नहीं है। लोग वैसे भी समृद्ध हैं। संसार के बहुत से देशों में जा कर आबाद हुए हैं। राजनैतिक तौर पर भी बहुत चालाक हैं। लेकिन हमारा इलाका बहुत पिछड़ा हुआ है। सरकार मानती है कि वह इलाका पिछड़ा हुआ है। उस को विशेष सुविधाएं देनी चाहिएं। जब सरकार स्वयं यह बात मानती है तो फिर वहां पर Betterment Levy लगाने की बात हमारी समझ में नहीं आई। यह तो इस शब्द का दुरुपयोग करने वाली बात है। इस लिए मैं मन्त्री महोदय से निवेदन करूंगा कि अपनी फ़राखदिली का सबूत देते हुए इस levy को वापस ले लें और इस तरह से जनता की भावना का आदर करें।

श्री मुलतान सिंह (घरौंडा) : स्पीकर साहिब, ग्राज की Irrigation की demand के बारे में मैं यह ग्रर्ज़ करना चाहता हूँ कि राड़ेवाला साहिब के ग्राने के बाद tube-wells को बिजली तकरीबन मिल चुकी है, खाल भी पक्के बन चुके हैं ग्रौर उन्हों ने बिजली का रेट भी जो कम किया है उस के लिये भी पंजाब के किसान उन के ममनून रहेंगे। पहले हमारे ज़िला के ग्रन्दर जो बाढ़ ग्राया करती थी वह कुँजपुरा बांध लगाने से बहुत हद तक रुक गई है। वज़ीर साहिब, खास तौर पर एक घंटा समय निकाल कर वहां गए थे। उन्हों ने खुद मौका देखा था, Engineers का हिसाब किताब तो ग्रलग ही होता है। ग्रगर उन की सलाह पर चला जाता तो करोड़हा रुपये ख़र्च होते। लेकिन ग्राज थोड़े ख़र्च में एक छोटा सा बांध बांधने से ही हमारे ज़िला का काफ़ी। हद तक बचाव हो गया है। पहले उस इलाके की ग्राबादी का बहुत नुक्सान हुग्रा करता था, उस के लिये लोग बहुत शुक्रगुज़ार हैं। लेकिन हमारे ज़िले में drains पर जो ख़र्च किया जा रहा है वह काफ़ी नहीं है। हमारे ज़िले के ग्रन्दर drainage की एक ही division थी, मुझे ठीक पता तो नहीं है, लेकिन सुना है कि वह drains की division वहां से shift की जा रही है। वह division सारी करनाल तहसील को cover करती थी लेकिन वह भी उठाई जा रही है। यह बड़ी शर्म की बात है कि प्रचार तो यह किया जाता है कि हरियाणे पर 60 फ़ी सदी ख़र्च किया जाता है लेकिन ख़र्च चालीस फ़ी सदी से भी कम किया जाता है। ग्रगर चालीस फ़ी सदी भी ख़र्च किया जाए तो हम मश्कूर होंगे। पंजाब में drains की तीन divisions थीं——एक गुरदासपुर में, दूसरी ग्रमृतसर के ज़िला में ग्रौर तीसरी करनाल के ज़िला में। ग्रगर ग्रमृतसर ग्रौर गुरदासपुर से करनाल का मुकाबला किया जाए तो ग्राप देखेंगे कि वहां के चीफ़ मिनिस्टर खुद हैं ग्रौर पण्डित मोहन लाल वहां के हैं। उन इलाकों के हकूक का उन को फ़िक्र है। जहां तक गुड़गांव का ताल्लुक है वहां के Minister भी हैं ग्रौर राग्रो गजराज सिंह Public Accounts Committee के चेयरमैन भी हैं, ग्रपने इलाके के लिये वे लड़ सकते हैं लेकिन ग्रगर यतीम हैं तो हम ही हैं। हमें ग्रपने हकूक के लिये खुद लड़ना पड़ता है। ग्रब मैं ग्राप को उस इलाके के मुताल्लिक ग्रर्ज़ करना चाहता हूँ कि हरियाणे का heart सफ़ीदों, कुछ गोहाना का इलाका ग्रौर कुछ पानीपत तहसील का इलाका है। उसी इलाके में सींक गांव वाक्या है। साबका डिप्टी मिनिस्टर चौधरी इन्द्र सिंह उसी इलाके के रहने वाले हैं। चौधरी सुमेर सिंह भी उसी इलाके के हैं, पंडित श्री कृष्ण शास्त्री ग्रौर श्रीमती प्रसन्नी देवी भी उसी इलाके की हैं। ग्राप सुन कर हैरान होंगे कि बावजूद इस बात के कि वह गांव पांच हज़ार से भी ज़्यादा ग्राबादी का है ग्रौर तकरीबन तकरीबन हर मकान पुख्ता है, वह चारों तरफ़ से पानी में घिरा पड़ा है। एक तरह से वह पानी के ग्रन्दर float कर रहा है। इसी तरह उरलाना ग्रौर कुराना गांव हैं। छः हज़ार की ग्राबादी है। सारे का सारा गांव पुख्ता है। कितने शानदार गांव, लेकिन वहां तबाही का मंज़िर देखने को ग्रा रहा है। इतना ही नहीं। ग्रहल, ग्रलुपुर गांव की भी यही हालत है। कवि गांव पांच हज़ार की ग्राबादी का है। लेकिन वह भी इस मुसीबत से मारा जा चुका है। पता नहीं इस ग्राबादी को कहां पर ले जाया जाएगा।

[श्री मुलतान सिंह]

इतने पर ही खत्म नहीं। स्पीकर साहिब, हम लोगों को दो तरफ़ा मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। एक तो इस तरह सेम और पानी की मुसीबत और दूसरी तरफ़ लाखों एकड़ ज़मीन Utilization of Waste Land Act के तहत हासिल करके दूसरे ज़िलों के लोगों को दी गई है। मैं अर्ज़ करना चाहता हूँ कि यह एक बहुत भारी ज़ुल्म और बेइनसाफ़ी है। यहां पर नारा तो यह लगाया जा रहा है कि हम ने हरियाणा को 60 फ़ी सदी हिस्सा दिया है और देना चाहते हैं लेकिन मैं आप के ज़रिये मिनिस्टर साहिबान से यह अर्ज करना चाहता हूँ कि अगर यह साबत कर दें कि 30 फ़ी सदी तक भी दिया है तो भी यह एक बहुत बड़ी बात होगी।

गवर्नमैंट ने यह भी अपनी एक पालिसी बनाई हुई है कि जिन इलाकों को बाढ़ की वजह से नुक्सान पहुँचा हो वहां पर मैट्रिक तक तालीम मुफ़त दी जाएगी। लेकिन यह concession भी जालन्धर डिवीज़न के इलाकों को ही दी गई है, हमारी तरफ़ extend नहीं की गई। मैं उम्मीद करता हूँ कि हमारे साथ इस तरह का discriminatory सलूक नहीं किया जाएगा और जो रियायत उधर के लोगों को दी जाए वह यहां पर भी लागू की जाएगी।

चूंकि वक्त बहुत थोड़ा दिया गया है इस लिये मैं बिल्कुल मुख्तसर तौर पर अपने points को आप के सामने रखूंगा। जहां तक drainage का ताल्लुक है, करनाल ज़िला के अन्दर यह काम एक-चौथाई पर भी नहीं किया गया। करनाल के अन्दर एक बहुत पुरानी नहर है और यह नहर भी दरिया की शक्ल की है जो कि सारे हरियाणे को सैराब करती है। इस के ज़रिये अगले इलाकों को पानी दिया जाता है लेकिन जिस इलाका से यह गुज़रती है वहां सेम ही सेम हो चुकी है। बहुत भारी रक़बा बर्बाद हो रहा है। हमें खुशी है कि भाखड़ा बनाया जा रहा है और इस से सूबा की मजमूई तौर पर बड़ी तरक्की होगी। कहा जा रहा है कि इस से 34 लाख एकड़ से ज़्यादा ज़मीन यहां की सैराब होने वाली है। लेकिन जो मौजूदा ज़मीन है, जो उपजाऊ ज़मीन है वह इस सेम की वजह से खराब होती जा रही है। गवर्नमैंट की अपनी figures हैं कि 30 लाख एकड़ ऐसा रकबा है जो कि सेम की ज़द में आ चुका है। वैसे बाहर लोगों के ख्यालात के मुताबिक यह रक़बा 90 लाख एकड़ के करीब पहुँचने वाला है। मतलब यह हुआ कि दाढ़ी से मूंछें बढ़ गईं। इस लिये मैं यह सुझाव दूंगा कि छः महीने के लिये भाखड़ा का काम बन्द करके भी अगर हमें drains का काम मुकम्मल करना पड़े तो गवर्नमैंट को इस में कोई हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिये। आप भाखड़ा पर करोड़हा रुपया खर्च कर रहे हैं और वह भी इस मकसद के लिये कि इस से बंजर ज़मीनों को सैराब किया जाए। लेकिन आप अन्दाज़ा लगाएं कि अगर करोड़हा रुपये की उपजाऊ ज़मीनें सेम की वजह से बर्बाद हो गईं तो इतनी भारी रक़म के खर्च करने से क्या फ़ायदा होगा। इस लिये ज़रूरी है कि पहले इस drains के काम को पूरा करने की तरफ़ फ़ौरी तौर पर ध्यान दिया जाए ताकि ज़मीनों को बर्बाद होने से बचाया

जा सके। इस बजट के अन्दर इस काम के लिये 75 लाख रुपया की रकम रखी गई है। मैं महसूस करता हूँ कि यह बहुत थोड़ी रकम है। इसके लिये इस से भी बहुत ज़्यादा रुपये का इन्तज़ाम करने की ज़रूरत है। इस थोड़ी सी रकम से काम नहीं चल सकता। (*Interruptions*) अगर करनाल के अन्दर बान्ध न लगवाया जाता तो सारा शहर और G. T. Road पानी के नीचे आ जाती। यह कोई मुबालग़े की बात नहीं है। मिनिस्टर साहिब ने खुद आ कर मौका देखा। लेकिन इसी तरीका से सेम के मामले में इकदाम नहीं उठाए गए। आख़िर एक दम से इतनी सेम क्यों हो गई? इस की भी खास वजूहात हैं और मैं तो यहां तक कहने को तैयार हूँ कि इस के अन्दर political हाथ भी है। कैसे? जब मुरब्बाबन्दी हुई तो जो ज़ोरदार आदमी थे उन्हों ने जो drains थीं उन को इधर से उधर और उधर से इधर करवा लिया। उन को बाद में भरवा दिया और इस तरह से जो natural drains थीं उन को ख़त्म कर दिया गया। जब drains थीं नहीं तो पानी को बाहर निकलने के लिये रास्ता कैसे मिलता? बाहर इलाकों में भी लोगों में इस बात की तशवीश पाई जाती है। वह पूछते हैं कि यह सेम एकदम से कैसे आ गई? आखिर पहले भी तो बारिशें होती थीं। पहले क्यों न इतनी ज़्यादा सेम आई? हम पांच-साला प्लानें बना रहे हैं। लेकिन इन प्लानों का क्या फ़ायदा होगा जब कि हमारी लाखों एकड़ ज़मीन हर साल सेम की ज़द में आती जा रही हो? मैं, जैसा कि पहले अर्ज़ किया, यह महसूस करता हूँ कि इस मसले की बुन्याद काफ़ी हद तक मुरब्बाबन्दी का ग़लत तरीका है। इस लिये मैं यह सुझाव दूंगा कि अगर अब भी जो consolidation हो रही है उस में से natural drains को खाली रखा जाए, अलग रखा जाए तो आगे के लिये सेम से बर्बादी काफ़ी हद तक कम हो सकती है। (*Interruptions*) जालन्धर डिवीज़न में यह मसला इतना ज़्यादा नहीं क्योंकि वहां की आवाज़ बड़ी effective है। इसलिये उस इलाका में इस की वजह से ज़्यादा बर्बादी हो रही है जहां की आवाज़ इतनी ज़्यादा effective नहीं है। (घंटी) बस एक ही मिनट में ख़त्म करता हूँ।

मैं यह अर्ज़ करता हूँ कि करनाल शहर एक बहुत पुराना शहर है। इस में पुरानी नहर भी है। यह फ़िरोज़ शाह तुग़लक के वक्त की नहर है। लेकिन इस इलाके में पांच हज़ार से ज़्यादा एकड़ ज़मीन drains के न होने की वजह से बर्बाद हो रही है। हमने वहां के X.E.N के पास भी जा कर कहा। लेकिन वह ऐसी चीज़ें खुद पास नहीं कर सकता। क्योंकि इस पर उस का कंट्रोल नहीं है। इस के अलावा Floods Control Board में जो हरियाणे के मैम्बर हैं, वे सब ineffective मैम्बर हैं, वह अपने गांव को भी ठीक नहीं करवा सके तो यह क्या करेंगे। इसलिये, मैं आप की मार्फ़त मिनिस्टर साहिब से दरखास्त करता हूँ कि इस इलाके की तरफ़ पूरा ध्यान दें और हमारे साथ भी पूरी तरह से इनसाफ़ होना चाहिये ताकि लोगों की हालत बेहतर हो सके।

ਸਰਦਾਰ ਧੰਨਾ ਸਿੰਘ ਗੁਲਸ਼ਨ (ਪੱਕਾਕਲਾਂ ਰਿਜ਼ਰਵਡ) : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ ਅਜ irrigation ਦੀ demand ਤੇ ਬਹਿਸ ਚਲ ਰਹੀ ਹੈ । ਜਿਥੋਂ ਤਕ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਪਾਣੀ ਦੀ ਜ਼ਰੂਰਤ ਸੀ, ਉਸ ਨੂੰ ਪੂਰਾ ਕਰਨ ਵਿਚ, ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ, ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਨੇ ਬਹੁਤ ਵਡਾ ਤੇ ਸ਼ਲਾਘਾਯੋਗ ਕੰਮ ਕੀਤਾ ਹੈ । ਜਿਥੇ ਆਏ ਸਾਲ ਬੜੇ ਬੜੇ ਕਾਲ ਪੈਂਦੇ ਸਨ, ਅਜ ਉਸ ਧਰਤੀ ਦੀ ਛਾਤੀ ਉਤੇ ਪਾਣੀ ਛਾਲਾਂ ਮਾਰਦਾ ਫਿਰ ਰਿਹਾ ਹੈ । ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਨੇ ਧਰਤੀ ਦੇ ਥਲਿਓਂ ਔਰ ਪਹਾੜਾਂ ਦੀ ਛਾਤੀ ਵਿਚੋਂ ਵੀ ਪਾਣੀ ਕਢ ਕੇ ਲੈ ਆਂਦਾ ਹੈ । ਬਲਕਿ ਮੈਂ ਤਾਂ ਇਹ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਇੰਜ ਮਲੂਮ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਜਿਵੇਂ ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਨੇ ਇੰਦਰ ਦੇਵਤਾ ਨੂੰ ਵੀ ਆਪਣੇ ਵਸ ਵਿਚ ਕਰ ਲਿਆ ਹੈ ਜਿਹੜਾ ਹੁਣ ਐਡਾ ਖੁਸ਼ ਹੈ ਕਿ ਪਾਣੀ ਦੀ ਬਰਖਾ ਨੂੰ ਬੰਦ ਹੀ ਨਹੀਂ ਕਰਦਾ । ਫੇਰ ਵੀ ਮੈਂ ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਦੀ ਪ੍ਰਸ਼ੰਸਾ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਨੇ ਪਾਣੀ ਦੀਆਂ ਬਹੁਤ ਸਾਰੀਆਂ ਪੰਜਾਬ ਦੀਆਂ ਲੋੜਾਂ ਨੂੰ ਪੂਰਾ ਕਰਨ ਲਈ ਕੰਮ ਕੀਤਾ ਹੈ ਜਿਸ ਕਾਰਨ ਮੈਂ ਇਸ ਦੀ ਦਾਦ ਦਿਤੇ ਬਗੈਰ ਨਹੀਂ ਰਹਿ ਸਕਦਾ । ਲੇਕਿਨ ਇਕ ਗਲ ਜ਼ਰੂਰ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਭਾਵੇਂ ਜਿਥੇ ਪਾਣੀ ਦੀ ਲੋੜ ਸੀ ਉਥੇ ਪਾਣੀ ਪਹੁੰਚਾਣ ਦੇ ਜਤਨ ਕੀਤੇ ਗਏ ਪਰ ਜਿਹੜਾ ਬਠਿੰਡੇ ਦਾ ਇਲਾਕਾ ਹੈ ਔਰ ਹਿਸਾਰ ਦਾ ਨਾਲ ਲਗਦਾ ਇਲਾਕਾ ਹੈ ਜਿਹੜਾ ਕਿ tail ਦਾ ਇਲਾਕਾ ਹੈ ਉਸ ਵਿਚ ਪਾਣੀ ਦੀ ਹਾਲੇ ਵੀ ਬਹੁਤ ਭਾਰੀ ਕਮੀ ਹੈ । ਉਥੇ tube-well ਨਹੀਂ ਲਗ ਸਕਦੇ ਕਿਉਂਕਿ ਜ਼ਮੀਨ ਦੇ ਥਲੇ ਪਾਣੀ ਬਹੁਤ ਡੂੰਘਾ ਹੈ । ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਹੀ ਇਕ ਹੋਰ ਵੀ ਨੁਕਸਾਨ ਹੈ ਜਿਹੜਾ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ । ਸਰਹੰਦ ਕੈਨਾਲ ਜਿਹੜੀ ਬਠਿੰਡੇ ਨੂੰ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਉਸ ਦੇ ਹੇਠ ਬਰਨਾਲੇ Division ਦੇ ਨਾਲ ਲਗਦੇ ਆਸ ਪਾਸ ਦੇ ਪਿੰਡਾਂ ਨੂੰ ਸੇਮ ਨਾਲ ਵੀ ਬਹੁਤ ਨੁਕਸਾਨ ਪੁਜਿਆ ਹੈ । ਕਈ ਥਾਵਾਂ ਤੇ ਸੜਕਾਂ ਦੇ ਆਸ ਪਾਸ ਸੇਮ ਪੈ ਜਾਂਦੀ ਹੈ । ਇਸ ਦਾ ਕਾਰਨ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਕਈ ਥਾਵਾਂ ਤੇ ਪਾਣੀ ਰੁਕ ਜਾਂਦਾ ਹੈ । ਕਈ ਥਾਵਾਂ ਤੇ ਨਹਿਰਾਂ ਹੋਣ ਕਰਕੇ, ਰਜਬਾਹੇ ਹੋਣ ਕਰਕੇ, ਸੜਕਾਂ ਹੋਣ ਕਰਕੇ ਪਾਣੀ ਇਧਰੋਂ ਉਧਰ ਨਹੀਂ ਜਾਂਦਾ ਤੇ ਰੁਕ ਜਾਂਦਾ ਹੈ । ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਜੇ ਦੋ ਚਾਰ ਮਹੀਨੇ ਬਰਖਾ ਦਾ ਪਾਣੀ ਰੁਕ ਜਾਏ ਤਾਂ ਨਾਲ ਲਗਦੀ ਧਰਤੀ ਵਿਚ ਸੇਮ ਪੈ ਜਾਂਦੀ ਹੈ । ਇਸ ਲਈ ਮੇਰੀ ਬੇਨਤੀ ਹੈ ਕਿ ਜੇ ਨਹਿਰਾਂ ਦੇ ਹੇਠਾਂ ਦੀ ਜਗ੍ਹਾ ਬਣਾਈ ਜਾਏ, ਰਜਬਾਹੇ ਦੇ ਹੇਠ syphons ਬਣਾਏ ਜਾਣ ਔਰ ਸੜਕਾਂ ਦੇ ਹੇਠ ਦੀ ਪਾਣੀ ਨਕਾਲੇ ਜਾਣ ਲਈ ਪੁਲ ਬਣਾਏ ਜਾਣ ਜਾਂ ਪਾਣੀ ਕਢ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਕਿਸਾਨ ਸੇਮ ਤੋਂ ਬਚ ਸਕਦਾ ਹੈ । ਠੀਕ ਹੈ ਕਿ ਕਈਆਂ ਥਾਵਾਂ ਤੇ ਮਹਿਕਮੇ ਨੇ ਕਾਫੀ ਸੰਤੋਖਜਨਕ ਯਤਨ ਕੀਤੇ ਹਨ ਕਿ ਪਾਣੀ ਬਾਹਰ ਲੰਘ ਜਾਵੇ ਪਰ ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਇਲਾਕੇ ਅਜੇ ਵੀ ਭਾਰੀ ਨੁਕਸਾਨ ਬਰਦਾਸ਼ਤ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ । ਮੈਂ ਖੁਦ ਕਈਆਂ ਇਲਾਕਿਆਂ ਨੂੰ ਵੇਖਿਆ ਹੈ । ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਰਾਏਕੋਟ ਵਲ ਮੂਮ, ਗਹਿਲ, ਦੀਵਾਨੇ ਦੀ ਜ਼ਮੀਨ ਵਿਚੋਂ ਇਸ ਪਾਣੀ ਦੇ ਅਗੇ ਲੰਘਣ ਲਈ ਕੋਈ ਜਗ੍ਹਾ ਨਹੀਂ । ਸਾਰੇ ਦਾ ਸਾਰਾ ਪਾਣੀ ਉਥੇ ਖਿੰਡ ਜਾਂਦਾ ਹੈ । ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਰਾਏਕੋਟ ਤੋਂ ਲੈ ਕੇ ਸ਼ਹਿਣਾ, ਭਦੌੜ, ਦੁਲੇਵਾਲ ਔਰ ਭਾਈ ਰੂਪਾ ਤਕ ਪਾਣੀ ਖਲੋਤਾ ਰਹਿੰਦਾ ਹੈ ਜਿਸ ਨਾਲ ਬੜੀ ਸੇਮ ਪੈ ਜਾਂਦੀ ਹੈ । ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਪਤੋ ਹੀਰਾ ਸਿੰਘ ਚੋਂ ਹੁੰਦਿਆਂ ਹੋਇਆਂ ਖਾਈ, ਦੀਨਾ, ਪਖਰ ਵਢ ਨੂੰ ਲੰਘਦਾ ਹੋਇਆ ਇਹ ਪਾਣੀ ਗੁਰੂਸਰ, ਭਗਤਾਭਾਈ, ਬਹੁਜ ਥਰੋੜ ਅਰਕਲੀਆ ਜਲਾਲ ਆਦਿ ਦੇ ਪਿੰਡਾਂ ਨੂੰ ਬਿਲਕੁਲ ਹੀ ਤਬਾਹ ਕਰ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਜਿਸ ਨਾਲ ਇਹ ਪਾਣੀ ਨਾਲ ਦਬ ਗਏ ਹਨ । ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਦੇ ਵਜ਼ੀਰ ਸਰਦਾਰ ਗਿਆਨ ਸਿੰਘ ਰਾੜੇਵਾਲਾ ਨੇ ਖੁਦ ਜਾ ਕੇ ਵੇਖਿਆ ਕਿ ਪਿੰਡ

ਕਿਸ ਹਾਲਤ ਵਿਚ ਹਨ । ਜਲਾਲਦੀ ਔਰ ਛੋਡੀਪੁਰੇ ਵਿਚ 6 ਮਹੀਨਿਆਂ ਤੋਂ ਅਜੇ ਤਕ ਪਾਣੀ ਖੜਾ ਹੈ। ਆਵਾਜਾਈ ਦਾ ਸਿਲਸਲਾ ਹੀ ਬੰਦ ਰਿਹਾ ਹੈ । P.W.D. ਦੇ ਮਿਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਵੀ 8 ਫਰਵਰੀ ਨੂੰ ਜਾ ਕੇ ਮੌਕਾ ਦੇਖਿਆ ਹੈ।

ਮੈਂ, ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਤੁਹਾਡੇ ਰਾਹੀਂ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਅੱਗੇ ਬੇਨਤੀ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਜਿਥੇ ਸੇਮ ਨਾਲ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਭਾਰੀ ਨੁਕਸਾਨ ਪਹੁੰਚ ਰਿਹਾ ਹੈ ਅਤੇ ਜਿਥੇ ਕੱਲਰ ਪੈ ਗਿਆ ਹੈ ਉਥੇ ਸੇਮ ਨੂੰ ਵੀ ਦੂਰ ਕੀਤਾ ਜਾਏ ਤੇ ਨਾਲ ਹੀ ਕੱਲਰ ਨੂੰ ਦੂਰ ਕਰਨ ਦਾ ਉਪਾ ਵੀ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਅਤੇ ਜਿਥੇ ਨਹਿਰਾਂ ਦੇ ਬਣ ਜਾਣ ਨਾਲ ਆਵਾਜਾਈ ਦੇ ਰਸਤੇ ਬੰਦ ਹੋ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਰਸਤੇ ਨਹੀਂ ਰਹਿੰਦੇ ਉਥੇ ਪਹਿਲਾਂ ਪੁਲਾਂ ਦੇ ਬਣਾਉਣ ਦਾ ਇੰਤਜ਼ਾਮ ਕੀਤਾ ਜਾਏ । ਮੈਂ ਤੁਹਾਡੇ ਰਾਹੀਂ, ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਤੋਂ ਇਹ ਆਸ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਹ ਇਨ੍ਹਾਂ ਗੱਲਾਂ ਵੱਲ ਆਪਣਾ ਧਿਆਨ ਦੇਣਗੇ ।

चौधरी सरूप सिंह (हांसी 'जनरल') : स्पीकर साहिब, इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता कि पिछले 11, 12 सालों में पंजाब में नई नहरें निकालने का काम बड़ी तेज़ी से हुआ है लेकिन जहां इस महकमे की तरफ़ से ज़्यादा से ज़्यादा नहरें निकाली गई हैं वहां उतनी ही तेज़ी से सेम का फैलाव भी होता गया है। आज हालत यह है कि जितनी नई ज़मीन में आबपाशी होने लगी है, जहां partition के बाद नहरें निकाली गई हैं और जो उन से सैराब होती है, तकरीबन उस के मुकाबिले में उतनी ही ज़मीन पंजाब में सेम के नीचे आ गई है। आज से पहले चार पांच सालों से मतवातर इस हाउस में और इस से बाहर पब्लिक जलसों में और अखबारात के ज़रिये इस सेम के मसला की तरफ़ सरकार का ध्यान कई मर्तबा दिलाया गया है। लेकिन मैं तो यह कहूँगा कि यह पहला ही साल है जब सरकार ने यह महसूस किया है कि यह मसला काफ़ी भयानक शक्ल में हमारे सामने आ खड़ा हुआ है। इस से पहले इस water-logging के लिये जो रुपया कभी रखा गया है वह तो मैं समझता हूँ, जैसा कि मेरे साथी ने कहा है, कि वह सिवाय दो तीन जगहों के और किसी के लिये नहीं रखा गया है यानी यह सिर्फ़ ज़िला अमृतसर और करनाल के लिये रखा गया है। मैं इस बात से तो इनकार नहीं करता और यह नहीं कहता कि वहां यह मसला नहीं है। वहां यह मसला काफ़ी भयानक है लेकिन इस के साथ साथ, पहाड़ी इलाकों को छोड़ कर आज पंजाब का कोई ज़िला भी ऐसा नहीं जहां सेम का मसला न खड़ा हो गया हो। आज जहां हम कहा करते हैं कि क्योंकि पंजाब एक ज़रायती सूबा है इस लिये यहां पैदावार बढ़े और यहां अनाज ज़्यादा पैदा हो ताकि हम दूसरी States को फालतू अनाज भेज सकें वहां हमें उन बीमारियों के इलाज के लिये भी रुपया रखना चाहिये जिस से अनाज की पैदावार घटती है। Water-logging से अनाज की पैदावार घटती तो है ही, इस के साथ मैं यह भी बताना चाहता हूँ कि कुछ ऐसी ज़मीनें हैं जो पिछले चार पांच सालों से सेम के नीचे आ चुकी हैं और जिन के बारे में मैं सही तौर पर बताना चाहता हूँ कि वहां सिर्फ़ अनाज की पैदावार के घटने का सवाल नहीं बल्कि वहां तो अनाज के पैदा होने का ही सवाल है।

[चौधरी सरूप सिंह]
वहां अनाज पैदा ही नहीं होता। इस मसले की तरफ़ हमारे Minister for Irrigation का और Chief Engineers साहिबान का ध्यान कई बार दिलाया जा चुका है और इस के लिये अभी हमारी पंजाब सरकार ने एक जर्मन expert डाक्टर जेनहर की खिदमात हासल की थीं और उसे हांसी में भी दो तीन रोज़ के लिये जाने का इत्तफ़ाक हुआ और हमारे वज़ीर साहिब भी वहां गये थे और मुझे भी उन के साथ वहां दो तीन दिन रहने का मौका मिला था। वह इस बात का ही पता लगा रहे थे कि सेम के हो जाने के कारण क्या हैं और यह रोकी किस तरह से जा सकती है। वैसे तो तीन चार साल से इस बात पर गौरो-खौज़ किया जा रहा है कि किन वजूहात से यह होती है और इस मसले का हल क्या हो सकता है। आये साल यह मसला हाउस के सामने आता है और इस साल जिस शक्ल में आया है वह भी हमारे सामने ही है। इस से मैं यह तो मानता हूँ कि कुछ रुपया इस बात के लिये रखा गया है लेकिन जहां तक इस बीमारी की मार का ताल्लुक है और इस मसला की गहराई का ताल्लुक है इस बजट में इस के इलाज के लिये जितना रुपया चाहिये उतना दिखाई नहीं देता। हम ने सब से पहले करोड़ों नहीं अरबों रुपये नई नहरों के बनाने पर खर्च किये हैं। जहां तक उस काम का ताल्लुक है उस के लिये मैं अपने वज़ीर साहिबान को भी और Chief Engineers साहिबान को भी मुबारिकबाद पेश करता हूँ क्योंकि यह एक बड़ा टेढ़ा काम था और partition के बाद इस सूबा में यह काम बड़ा तसल्लीबख्श तरीके से हुआ और इस से पंजाब की जनता को काफ़ी फ़ायदा हुआ है लेकिन इस के साथ साथ मैं कहूँगा कि इस बीमारी का इलाज नहीं हो पाया। मैं यह कहना चाहता हूँ कि यह जो नई नहरें निकाली गई हैं उन से भी आहिस्ता आहिस्ता नई ज़मीनें सेम के नीचे आती जायेंगी और इस से पंजाब में सेम का यह मसला हल होना और भी मुश्किल हो जाएगा और यह बीमारी और भी भयानक रूप अख्तियार कर लेगी। क्योंकि time कम है इस लिये मैं मुख्तसर तौर पर इस मसले को हल करने के लिये कुछ सुझाव देना चाहता हूँ कि यह मसला किस तरह से हल किया जाये।

पिछले चार पांच सालों में सरकार इस के लिये यह करती रही है कि मसले की वजूहात तलाश की जायें, इस बीमारी के क्या कारण हैं उन का ठीक तरह से पता लगाया जाये ताकि उन को दूर किया जा सके। स्पीकर साहिब, मैं तो यह समझता हूँ कि सरकार को अपना ज्यादा ध्यान इस तरफ़ देना चाहिये था। इसी मसले की वजह से सरकार को सारे इलाकों का survey कराने की ज़रूरत पड़ी है। फिर यह कोई स्कूल वग़ैरह का काम तो है नहीं जो महीने दो महीने में मुकम्मल हो सके। यह तो सालों का काम है क्योंकि सालों में ज़मीनें बनती हैं और सालों में ही बिगड़ती हैं। इस लिये इन के संवारने का जो काम होगा उस के लिये भी काफ़ी समय चाहिये। इस के लिये ज़रूरी था कि यह देखा जाये कि ज़मीन के ऊपर का structure कैसा है और नीचे के structure की हालत कैसी है। पिछले पांच सालों में यह

survey का काम हो चुका है और आज हमारी सरकार इस हालत में है कि आये साल कुछ न कुछ रुपया इस काम के लिये खर्च कर देती है। एक साल जब एक तरफ़ से ज़ोर पड़ा तो उधर कुछ रुपया खर्च कर दिया गया और उस से अगले साल जब इसी तरह की बात हाउस में आ जाती है और जहां से ज़्यादा आवाज़ उठती है वहां के लिये ज्यादा रुपया रख लिया जाता है और सही इलाज इस बीमारी का अभी तक न निकाला गया है और न ही किया गया है। इस लिये मैं वज़ीर साहिब से कहूँगा कि वह हाउस को आज बतलायें कि वह किस ढंग से इस बीमारी का इलाज करना चाहते हैं और यह भी बतायें कि कितना रुपया इस साल इस बीमारी के इलाज पर खर्च करना चाहते हैं और वह रुपया किस ढंग से खर्च करेंगे क्योंकि मैं समझता हूँ कि एक planned तरीका से इस बीमारी का इलाज होना चाहिये। हमारा जो महकमा नहर है नई नहरों के निकालने से उस का काम इतना ज्यादा बढ़ गया है कि उस से अपना रोज़मर्रा का काम भी नहीं हो पाता और उस के साथ साथ यह water-logging की schemes का काम भी उसी महकमा के सुपुर्द कर दिया गया है। इस के नतीजे के तौर पर यह होता है कि इन schemes पर काम होता नहीं और जो रुपया इन के लिये रखा जाता है वह सालहा साल वैसे का वैसा बजट में आ जाता है जैसा कि अभी मेरे एक भाई ने इस बारे में फ़रमाया है कि जो रुपया इस साल इन स्कीमों के लिये रखा गया है वही अगले साल रखा जायेगा। जब तक यह काम बाकायदा किसी अफ़सर के सुपुर्द नहीं किया जाता और जब तक इस काम की देख भाल ठीक तरह से न होगी तब तक यह काम पायाए तकमील तक अच्छी तरह से नहीं पहुँच सकेगा। इस लिये मैं सरकार से दरखास्त करूँगा कि इस के लिये survey का जो काम था वह तो अब खत्म हो चुका है इस लिये अब उन जगहों की यह छांट करे कि कहां २ यह मसला ज्यादा धयानक रूप में खड़ा हो गया हुआ है ताकि वहां कल से ही इस बीमारी का इलाज शुरू कर दिया जाये। दूसरा मैं यह कहूँगा कि water-logging को दूर करने के लिये एक महकमा अलग खोला जाये क्योंकि आज के दिन पंजाब में जहां Irrigation के महकमे की ज़रूरत है उस के साथ साथ यहां water-logging के महकमे की भी बड़ी ज़रूरत है।

श्री शेर सिंह : क्या इस के लिये अलग महकमा खुलवाओगे ?

चौधरी सरूप सिंह : महकमा के अफ़सर तो वही हैं जो पहले हैं। उन्हीं पर यह काम भी डाल दिया जाएगा। महकमा का मतलब है कि इस के लिये अलग Chief Engineer हो। जिन इलाकों में यह मसला है वहां के लिये एक अलग Division खोला जाए क्योंकि महकमा के एक Sub-Divisional Officer से यह काम नहीं हो सकता और न ही हमें उस से उम्मीद रखनी चाहिये।

इस के बाद मैं जिक्र करूँगा कि इस काम के दो पहलू हैं। एक तो है वह पानी जो ज़मीन के ऊपर खड़ा रहता है और दूसरा है subsoil water यानी वह पानी जो ज़मीन के नीचे है। जहां तक तो बरसाती पानी या उस पानी का ताल्लुक है जो ऊँची जगहों से बह कर नीची जगहों जैसे कि करनाल और हांसी हैं, में आता

[चौधरी सरूप सिंह]

है तो उस का इलाज तो यह है कि पहाड़ी इलाकों या जिन ऊँची जगहों से बह कर पानी नीची जगहों में आता है वहां पर बन्ध बांध कर उस पानी को divert किया जाए या जहां पर यह मुमकिन नहीं और पानी ज़मीन पर खड़ा रहता है उस को हटाने के लिये surface drains तैयार की जाएं। फिर ऐसे इलाके भी हैं जहां तीन २ और चार चार साल से पानी खड़ा है और यह मसला बढ़ता आ रहा है। ज़मीन के ऊपर पानी खड़ा रहता है जिस से ज़मीन के नीचे पानी का जो level है वह ऊपर आ गया है। वहां जब तक ज़मीन के नीचे के पानी को निकालने का इन्तज़ाम नहीं होता ज़मीन के ऊपर वाला पानी भी ख़त्म नहीं होगा जिस की वजह से वह ज़मीन काबिले काश्त नहीं रही। जो German Expert पंजाब में आया था उस ने जो तजरुबा किया है वह मैं ने देखा है और मैं समझता हूँ कि वह तजरुबा काफ़ी हद तक कामयाब रहा है। हमारी सरकार को चाहिये कि इस तजरुबे से फ़ायदा उठाए। उन्हों ने ज़मीन के नीचे जो पानी है उस को निकालने का जो तजरुबा किया है वह काफ़ी सस्ता मालूम होता है; उस पर ज्यादा ख़र्च नहीं होता। इस में अपने खेतों से पानी निकालने में ज़मींदार खुद भी सहयोग दे सकते हैं, बहुत सा सामान ला सकते हैं और खुदाई का काम भी खुद ही कर सकते हैं। इस लिये जब तक हम यह दोनों बातें surface drainage और sub-soil drainage साथ साथ नहीं करते तब तक मैं नहीं समझता कि हम इस मसले को हल कर पाएंगे। हम बेशक लाखों रुपया surface drainage पर ख़र्च करते जाएं जहां नीचे के पानी का level ऊपर आ गया है मैं नहीं समझता हम वहां पर काश्त कर सकेंगे या वह ज़मीन पैदावार दे सकेगी। अब जहां तक इस के लिये पैसे का ताल्लुक है तो जब मैं बजट देखता हूँ तो मुझे लाखों रुपया रखा हुआ नज़र आता है जो कि water-logging को दूर करने के लिये रखा गया है और वह पंजाब सरकार ने अपने हिस्से में से नहीं रखा बल्कि Central Government से loan की शक्ल में लिया हुआ है। मैं सरकार का ध्यान इस बात की तरफ खींचना चाहता हूँ कि यह भयानक बीमारी आज पंजाब को खा रही है। पंजाब आज एक surplus State है। अगर इस बीमारी की तरफ़ proper time पर ध्यान न दिया गया तो यह surplus नहीं रहेगी और हो सकता है जैसे कि मेरी constituency हांसी में हुआ है जो पहले पंजाब भर में कपास, गन्ना और गेहूँ की फ़सलों के लिये मशहूर थी वहां अब यह फसलें पैदा होनी बन्द हो गई हैं, तो पंजाब जो आज एक ज़रायती सूबा है वह शायद एक ज़रायती सूबा ही न रहे। यही हाल करनाल, अमृतसर, फिरोज़पुर और संगरूर के इलाकों का है और बाकी ज़िलों की भी यही हालत होती जा रही है। इस लिये मैं कहूँगा कि इस मसले को war footing पर treat किया जाए। हम चाहते हैं कि हमारे पंजाब की तरक्की हो जहां कि हम ने सड़कों, नहरों, स्कूलों और हस्पतालों पर इतना रुपया ख़र्च किया है। मगर अगर हम इस एक बात में पीछे रह जाएंगे तो सारे लोगों को यह कहने के लिये मौका

मिल जाएगा कि जहां हम ने इतना ज़्यादा अच्छा काम किया है वहां दूसरी तसवीर भी आप देख लीजिए कि लोग तबाह और बरबाद हो गए हैं। इस लिये वज़ीर साहिब से दरखास्त करूँगा कि वह इस काम के लिये लाखों नहीं बल्कि करोड़ों रुपया अपने बजट में से निकाल कर भी और Central Government से loan की शक्ल में ले कर भी इस मसले के हल के ऊपर लगाएं और इस भयानक बीमारी का इलाज करें और उन लोगों की तरफ़ ध्यान दें जिन को हम tax देने के लिये तैयार करते हैं। मैं समझता हूँ कि अगर उन की हालत अच्छी होगी तो वह tax देने से इनकार नहीं करेंगे। जिन के पास पैसा होता है, जिन की पैदावार बढ़ती है वह tax देने से इनकार नहीं करते जैसे कि सिरसा के इलाके में हुआ है, उन्हों ने कोई आवाज़ नहीं उठाई। बाकी यह जो agitations होती हैं यहां पर, तो वह तो इस लिये हैं कि पंजाब एक Border State है, लोग मेहनती, जफ़ाकश और लड़ाकू हैं इस लिये यह agitations तो होनी ही हुईं और उन का इलाज भी ठीक ढंग से होता है। जहां तक इस मसले का ताल्लुक है इसे priority ही नहीं बल्कि war footing पर treat करके इस का इलाज ढूंडें। जो वज़ीर साहिबान के पास एक २ लाख discretionary grants का रुपया है उस की इन को क्या ज़रूरत है। किसी को 5, 10 या हज़ार दो हज़ार रुपया देने से क्या होता है। इस लिये मैं कहूँगा कि इस 12 लाख रुपए को तो कम से कम इस समस्या पर लगा दें जब कि आप देखते हैं कि इस चीज़ की पंजाब के अन्दर बेहद ज़रूरत है। अगर आप यह रुपया इस तरफ़ डाल देंगे तो कम से कम यह 12 लाख रुपया तो हम बचा लेंगे।

ਕੰਵਰਾਣੀ ਜਗਦੀਸ਼ ਕੌਰ : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਸਾਡੇ leader ਦੀ seat ਤੋਂ ਬੋਲ ਰਹੇ ਹਨ ਛੋਟੇ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ।

चौधरी सरूप सिंह : तो जनाब, यह चन्द बातें थीं जिन की तरफ़ मैं अपने वज़ीर साहिब का ध्यान दिलाना चाहता हूं और उम्मीद करता हूं कि अपने जवाब में वह इस पर रोशनी डालेंगे।

ਸ਼੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ : ਤੁਸੀਂ ਕੀ ਕਿਹਾ ਸੀ ? (What did the hon. Lady Member say ?)

ਕੰਵਰਾਣੀ ਜਗਦੀਸ਼ ਕੌਰ : ਛੋਟੇ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ Leader of the Opposition ਦੀ seat ਤੋਂ ਬੋਲ ਰਹੇ ਸਨ। (ਹਾਸਾ)

कामरेड हुक्म सिंह (राए) : स्पीकर साहिब, आज जिस महकमा पर हम बहस करने चले हैं यह बड़ा अहम महकमा है। इस की अहमीयत मैं इस लिये समझता हूं क्योंकि इस महकमें के साथ पंजाब की 80 % आबादी का जो देहात में बसती है, रोटी का सीधा रिश्ता है, मगर अफ़सोस की बात है कि इस महकमा पर जो कि इस सूबे के अवाम की बेहतरी, खुशहाली का महकमा है, इस पर इन्हीं लोगों को एतबार नहीं

[कामरेड हुकम सिंह]

है। मैं ने अपने इलाके के किसानों को आम तौर पर यह कहते हुए सुना है कि महकमा नहर सब से ज़्यादा ठंडा महकमा है और इस को ठंडे महकमे के नाम से पुकारते हैं। (हँसी) स्पीकर साहिब, महकमा नहर के अन्दर जितनी delay होती है और कहीं नहीं होती। जब कोई आदमी दरखास्त देता है तो चाहे वह तीन २ साल दफ्तर के चक्कर काटता रहे उसे अपनी दरखास्त का पता नहीं चलता। इस महकमे में कई किस्म की कार्यवाहियां की जाती हैं। मेरे पास मिसालें मौजूद हैं कि किसानों ने तीन तीन साल हो गए नालियों के लिये दरखास्तें दीं मगर इस लम्बे अर्से में उन्हें नालियां नहीं दी गईं। इस के अलावा और भी मिसालें हैं। वाराबन्दी को लें। यह मेरे ज़िले में खास तौर पर इतनी नामुकम्मल है कि सारे का सारा system खराब हुआ पड़ा है। आप जानते हैं इश्तमाल के दौरान रास्ते बदलते हैं उस में भी गड़बड़ है। फिर इश्तमाल होने की वजह से अगर किसी आदमी का खेत दूसरी मोरी के साथ लग गया और दूसरी मोरी का पानी नीचे आ गया तो पानी उस को वही मिला हुआ है जो उस की पहली ज़मीन की मोरी से लगता था यानी वाराबन्दी नहीं बदली गई यह पहली ही है। ऐसी छोटी २ चीज़ों को 5, 5 साल हो जाते हैं, पूरा नहीं किया गया तो ऐसी सूरत में किसान बिल्कुल हक बजानब होगा कि वह यह कहे कि यह महकमा सब से ज़्यादा ठंडा महकमा है।

5.00 p.m. *(At this stage Mr. Deputy Speaker occupied the Chair)*

तो मैं मन्त्री महोदय से दरखास्त करूंगा कि वह limit मुकर्रर कर दें। जब किसी किसान की दरखास्त आए उस पर तारीख पड़ जाए कि इस का फैसला इस अर्सा के अन्दर अन्दर कर दिया जाएगा। उसे तारीख दे दी जाए। उसे बता दिया जाए कि वाराबन्दी की दरखास्त का तीन महीने के अन्दर अन्दर फैसला होगा और अगर मोघा के तबदील करने की दरखास्त हो तो 2 महीने के अन्दर अन्दर तबदील कर दिया जाएगा। इस तरीके से कोई time जो यह मुनासिब समझें मुकर्रर कर दें ताकि हमारे किसान भाई जो महकमा नहर से relief seek करना चाहें उन्हें relief मिल सके और उन्हें ज़्यादा देर तक परेशानी न उठानी पड़े।

इस के अलावा, डिप्टी स्पीकर साहिब, महकमा नहर की तरफ से जो गलत चीज़ें की जाती हैं उन्हें छुपाने के लिये सज़ा बेचारे किसान को भुगतनी पड़ती है। जहां कहीं नहर टूट जाए breach की वजह से या उस को properly maintain न करने के कारण या उस की महकमा की तरफ से पूरी तरह देख भाल न किये जाने के कारण तो उसे cut declare कर दिया जाता है। मेरे पास इस किस्म की कई मिसालें मौजूद हैं। मैं एक स्पष्ट मिसाल आप के सामने रखना चाहता हूं। मेरे हलका में गांव राड़धने के अन्दर एक minor है। यह कोई खास minor नहीं, बरसाती minor है और चौधरी लहरी सिंह के वक्त में गांव वालों के ज़ोर देने पर और काफी दौड़ धूप करने पर निकाला गया था। इस की शिकस्ता हालत के बारे में दरखास्त दी गई और यह request की गई

कि बरसात का मौसम आने वाला है इस लिये महकमा नहर को इत्तलाह कर दी जाए ताकि जो हिस्सा टूटा हुआ है उसे बरसात शुरू होने से पहले पहले ठीक कर दिया जाए। अगर बरसात से पहले इस की शिकस्ता हालत की तरफ ध्यान न दिया गया तो यह minor गांव के लिए एक बड़े भारी खतरे का कारण बनेगा। मैं ने गांव वालों से दरखास्त दिलवाई। दो महीने के बाद इस पर अमल शुरू हुआ। कुछ थोड़ी बहुत मिट्टी गांव वालों ने और महकमा नहर ने डाली लेकिन वक्त पर पूरा इन्तज़ाम न किए जाने के कारण सारे का सारा पानी इलाके में फैल गया। Minor और गांव में तीन फरलांग का फासला है जो सारे का सारा पानी से भर गया और सारी फसल तबाह हो गई। पानी गांव के जोहड़ों में इकट्ठा हो गया लेकिन, डिप्टी स्पीकर साहिब, कमाल की बात देखिए कि महकमा की तरफ से यह लिख दिया गया कि यहां पर cut लगाया गया है और किसानों पर तावान लगा दिया गया। गांव सारे का सारा तवाह हो गया और पानी से गांव का जोहड़ भरा पड़ा है लेकिन हैरानी इस बात की है कि जिस बात का पहले से महकमे को नोटिस दे दिया गया था उस case में भी बिना किसी बात की परवाह किए इस तरह की बातें हुई हैं। डिप्टी स्पीकर साहिब, यही एक नहीं बल्कि सैंकड़ों मिसालें हैं जहां पर breaches हुए लेकिन cuts declare कर दिए गए। गांव की फसलें तबाह हो गई लेकिन वहां के लोगों पर तावान लगा दिया गया। आखिर यह क्यों किया जाता है। महकमा नहर के अफसरान की irregularities होती हैं। फिर क्या वजह है कि किसी को भोला समझ कर ज्यादती की जाती है? मैं जहां तक समझता हूं इस की वजह यह है कि महकमा नहर की दो branches हैं। एक Engineering Branch और दूसरी Revenue Branch. Engineering Branch के अन्दर overseers, S.D.Os. वगैरह आ जाते हैं और Revenue Branch के अन्दर पटवारी, ज़िलेदार, Collector वगैरह आते हैं। X.E.N. दोनों पर ही एक होते हैं। उन्हें Engineering Branch और Revenue Branch दोनों की powers होती हैं। Engineering Branch का काम होता है सारी नहरों को maintain करना, minors को देखना और नई नहरों पर काम करने के भी यही ज़िम्मेदार होते हैं। Revenue Branch का काम होता है Revenue को assess करना, गिरदावरियां और खितौनियां तैयार करना। अगर कहीं नहर टूट जाए या cut की गई हो तो यह assess करना कि तावान कितना बनता है। इन सब के ऊपर Executive Engineer होता है। उस के नीचे काम करने वाले अफ़सरान ज़िम्मेवार होते हैं। अगर कहीं महकमा की ग़लत कार्रवाई से या अफ़सरान की कोताही से कोई breach वाक्या हो जाए तो उसे cut declare कर के सारे का सारा तावान गरीब किसानों पर डाल दिया जाता है अगर ऐसा न किया जाए तो नतीजा क्या होता है सारी ज़िम्मेवारी Engineering branch के ऊपर आ जाती है जिस का काम ही यही है कि नहरों को अच्छी तरह से maintain करे। जहां breach हो जाए या आबपाशी कम हुई हो वहां ज़िम्मेवारी immediate officer पर होती है। इस लिये इन के ज़बानी या written हुक्म की तकमील में Engineering Branch की गलतियों की वजह से जहां नुकसान

[कामरेड हुकम सिंह]
हो जाए उन में भी इस branch को justify करने की कोशिश की जाती है । और उस justification की सज़ा गरीब किसानों को भुगतनी पड़ती है । इस लिए मैं मन्त्री महोदय से यह दरखास्त करूंगा कि यह अच्छा होगा अगर किसी तरीके से Engineering Branch और Revenue Branch जो हैं उन्हें एक दूसरे से बिल्कुल independent कर दिया जाए। Engineering Branch का Chief Engineer अलग और Revenue Branch का Chief Engineer अलग हो ताकि हर कोई अपनी ज़िम्मेवारी को पहचान कर गरीब किसान पर बोझ न बनें। अगर Engineering Branch और Revenue Branch को फिलहाल एक न किया जा सकता हो तो कम से कम इतना ज़रूर कर दिया जाए कि इन्हें direct Irrigation Secretary के under कर दिया जाए और एक Chief Engineer के नीचे कर दिया जाए ताकि जो नीचे के कर्मचारी या X.E.N. अपनी गलतियों को छिपाने की कोशिश करते हैं और किसानों पर जुर्माना डाल देते हैं वह न हो सके और गरीब किसानों को बचाया जा सके ।

डिप्टी स्पीकर साहिब, इस के बाद तीसरी चीज़ जो मैं मन्त्री महोदय के नोटिस में लाना चाहता हूं वह floods के बारे में है । आप देखते हैं कि सूबे के अन्दर पिछले पांच छे सालों से ज़बरदस्त floods आ रहे हैं। फसलें तबाह हुई हैं । काफ़ी ज़्यादा नुकसान हुआ है। इस के बारे में काम के लिये मैं अपनी सरकार को मुबारकबाद देना चाहता हूं क्योंकि इन्होंने सरकारी खज़ाना से किसानों को, देहात के अन्दर रहने वाले लोगों को इमदाद की शकल में relief दिया है। यह एक अच्छा और नेक कदम है । यह अलग बात है कि relief deserving आदमियों को मिला या नहीं या department वालों ने कुछ आगे पीछे कर दिया या मन्त्री महोदय के इर्द गिर्द रहने वालों को मिल गया लेकिन यह काबिले तारीफ़ बात है कि सरकारी खज़ाने से relief के कामों पर रुपया बांटा गया। (घंटी) डिप्टी स्पीकर साहिब, दो मिनट और। मैं मन्त्री महोदय से दरखास्त करूंगा कि मेरा हलका सोनीपत तहसील दिल्ली के border से लगता है । दरियाए जमुना भी लगता है। पांच मील के area में धूनपुर से लेकर दिल्ली तक एक बांध बांधा जाना चाहिए। यहां पर इस इलाके में हर साल calamity आती है। जब पानी आता है तो वहां जा कर फैल जाता है और आठ दस गांव जो दिल्ली के साथ लगते हैं बरबाद हो जाते हैं। मन्त्री महोदय से मैं दरखास्त करूंगा कि इस जगह ज़रूर और जल्द ही बांध बनाया जाए ।

इस के साथ ही साथ झांटी कलां और पला गांव हैं जहां से डेढ़ मील ऊपर बांध बनाने की तजवीज की गई है। मैं हैरान था कि यह किस तरह से बान्ध बनाया जा रहा है। क्योंकि बान्ध बनाते वक्त और भी सारी बातों का ख्याल रखना था। मैं ने खुद जा कर देखा है और निशान देही को देखा है। डिप्टी स्पीकर साहिब, मुझे यह देख कर बहुत हैरानी हुई कि Engineers ने किस तरह से यह बांध बनाने की तजवीज़ की है जब कि दूसरी तरफ नुकसान होने जा रहा है। इस बान्ध से गांव देहसरा जमुना

side पर रह जाता है और बान्ध इस से इस तरफ़ को है। किसी भी irrigation के Engineer ने नहीं देखा कि अगर floods आ गए तो क्या नतीजा होगा। ऊपर से रास्ता डेढ़ मील के फासले पर है। अगर बान्ध ऊपर से न बनाया गया तो यह तमाम गांव पला और झांट.कलां तबाह हो जायेंगे। इन दोनों गांव वालों ने voluntary labour देने की पेशकश की है और यह भी कहा है कि अगर पैसे की जरूरत हो तो वह भी देने को तैयार हैं अगर बान्ध को ऊपर से बनाया जाए क्योंकि नीचे से बान्ध बनाने से इन गांवों को नुकसान होने का डर है। मैं आशा करता हूं कि मन्त्री महोदय इस तरफ ध्यान देकर यह बान्ध ऊपर से बनवाने का आदेश देंगे।

आखिर में, डिप्टी स्पीकर साहिब, मैं betterment levy के बारे में अर्ज़ करना चाहता हूं और मैं प्रोफैसर शेर सिंह का शुक्रगुज़ार हूं कि उन्होंने रोशनी दी है कि कितनी levy लगाई गई है। मैं इस मामले में प्रो० साहिब से सौ फ़ीसदी सहमत हूं। उन्होंने इस हाउस के अन्दर भी और बाहर भी बताया है कि productive projects कौन से हैं। Chief Minister और Governor साहिब को memorandum भी भेजे हैं कि productive projects कौन कौन से हैं लेकिन ध्यान नहीं दिया गया। इस के साथ ही बड़े अफसोस की बात है कि मन्त्री महोदय ने आज ही एक जवाब में इस हाउस के अन्दर ही कहा है कि मैं ने हिसाब नहीं लगाया। जहां तक हिसाब लगाने का सवाल है हमें आपसी इख्तलाफ़ नहीं रहने देने चाहिएं। प्रो० शेर सिंह और महकमा के अफसरान के साथ मिल कर बैठ कर दो मिन्ट में हिसाब तैयार किया जा सकता है क्योंकि सब material department के पास है और यह बात साबित की जा सकती है कि यह scheme productive है या unproductive। इस लिए इस तरफ ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।

श्री श्री कृष्ण शास्त्री : (सफीदों) : उपाध्यक्ष महोदय, आज इस सदन के समक्ष सिंचाई के विषय में चर्चा चल रही है। वाकई यह जो चर्चा है प्रशंसनीय है। मैं ने कुछ दिन हुए भाखड़ा डैम को देखा था। यह एक ऐसा इतिहासिक स्थान है जहां कि सारे भू-मंडल के लोग आते हैं। (*interruptions*)

श्री उपाध्यक्ष : Order, please. क्या आप ने demands पढ़ी हैं? (Order please. Has the hon. Member studied the demands ?)

श्री श्री कृष्ण शास्त्री जनाब, मैं इसी पर आता हूं। मैं यह बात कह रहा था कि वाकई हमारे प्रान्त में आज प्रशंसनीय बातें हो रही हैं। हमें चंद एक बातों की तरफ जल्दी से जल्दी ध्यान देना चाहिये। District सगरूर में मेरी constituency सफीदों में 5 साल से बारिशों की वजह से बरबादी होती चली आ रही है। कई Minister साहिबान भी वहां पर गये हैं और उन्होंने लोगों के साथ काफ़ी हमदर्दी जाहिर की है मगर अभी तक कोई इन्तज़ाम नहीं किया गया। हालत ऐसी होती जा रही है कि कम अज़ कम 40-45 गांव ऐसे हैं जिन के लोगों को वहां से उठना पड़ेगा। यह इलाका इस तरह से पानी से भरा रहता है कि किसी तरफ़ जाने को रास्ता नहीं मिलता। एक एक मील के फासले पर इस इलाका में से कच्ची नहरें निकलती हैं और इस इलाका की हालत यह है कि

[श्री श्री कृष्ण शास्त्री]

नीलोखेड़ी से ले कर जितना भी पानी चलता है वह सफीदों जा कर सारे का सारा जमा हो जाता है। उधर हांसी Branch के टकराओ से यह पीछे को धकेल दिया जाता है। इस से उस इलाके की तकरीबन सारी की सारी फसलें बरबाद हो गई हैं। इस पानी को निकालने के लिये हमारे Engineers ने एक scheme बनाई थी कि यह पानी मुआन फाल में जा गिरे। अगर यह पानी उधर चला जाये तभी इस इलाके का बचाव हो सकता है। इस तरह से यह आये साल की बरबादी से भी बच सकता है। एक और भी scheme बनाई थी जिसे सीख Drain कहा जाता है। लेकिन यह drain अभी तक नहीं बनी। खबर नहीं कि इस का survey ग़लत हो गया है या इस scheme को Engineers ही ग़लत रास्ता पर डाल देते हैं मगर नतीजा यह है कि 5-7 साल से एक भी drain नहीं बन पाया है। अब वह कहते हैं कि इस की अब दोबारा survey होगी। यह तो वह बात है कि "इतने में कानी का शिगार होगा कि मेला बिछड़ जायेगा"। लोग जब बरबाद हो जायेंगे तो क्या यह Drain उस वक्त निकालेंगे। इस लिये मैं सरकार के आगे यह बात रखनी चाहता हूं कि अगर वह कुछ श्रमदान से और कुछ आप सहायता दे कर एक कच्ची drain ही बना लें, जो 3-4 फुट ही गहरी हो तो उस से भी भरा हुआ पानी निकल जायेगा और इस तरह लाखों रुपया सरकार का भी बच जायेगा और लोगों का भी भला होगा।

ਸਰਦਾਰ ਆਤਮਾ ਸਿੰਘ (ਸੁਲਤਾਨਪੁਰ) : ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਆਪ ਜੀ ਦਾ ਧਨਵਾਦੀ ਹਾਂ ਕਿ ਆਪ ਨੇ ਮੈਨੂੰ ਬੋਲਣ ਵਾਸਤੇ time ਦਿਤਾ ਹੈ। ਇਸ ਵਿਚ 4,70,64,200 ਰੁਪਏ ਦੀ ਰਕਮ provide ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ। ਜਿਤਨੀ ਰਕਮ ਰਖੀ ਗਈ ਹੈ ਮੈਨੂੰ ਡਰ ਹੈ ਕਿ ਸਾਲ ਦੇ ਖਾਤਮੇ ਤਕ ਇਹ ਖਰਚ ਨਹੀਂ ਹੋਣੀ। ਇਸ ਵਿਚ 1,15,42,000 ਰੁਪਏ ਦੀ ਰਕਮ ਬੰਧ ਲਾਉਣ ਲਈ ਰਖੀ ਗਈ ਹੈ। ਮੈਂ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਅਪੀਲ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਫਤੂ ਢੀਂਗਾ ਤੋਂ ਲੈ ਕੇ ਆਹਲੀ ਕਲਾਂ ਤਕ ਅਜੇ 10 ਮੀਲ ਦਾ ਟੋਟਾ ਨਾਮੁਕੰਮਲ ਹੈ ਜਿਥੇ ਅਜੇ ਕੰਮ ਸ਼ੁਰੂ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਗਿਆ। ਸਿਆਲ ਦੇ ਮਹੀਨੇ ਜਦੋਂ ਲੇਬਰ ਵਿਹਲੀ ਸੀ, ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ ਵਿਹਲੇ ਸਨ, ਉਸ ਵੇਲੇ ਵੀ ਇਹ ਕੰਮ ਸ਼ੁਰੂ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਅਤੇ ਅਜ ਤਕ ਇਹ 10 ਮੀਲ ਦਾ ਟੋਟਾ ਵੀ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਮੁਕੰਮਲ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕੀ। ਜਦੋਂ ਹੜ੍ਹ ਆਉਂਦੇ ਹਨ ਇਹ ਸਾਰਾ ਇਲਾਕਾ ਤਬਾਹ ਹੋ ਜਾਂਦਾ ਹੈ, ਸੜਕਾਂ ਟੁਟ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ। ਮੈਂ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਬੇਨਤੀ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਇਸ ਸਾਲ ਵਿਚ ਇਹ ਮੁਕੰਮਲ ਕਰ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ।

ਦੂਸਰੀ ਗੱਲ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਰਾਜਸਥਾਨ ਨੂੰ ਪਾਣੀ ਦੇਣ ਵਾਸਤੇ ਜਿਹੜੇ ਹਰੀਕੇ ਪਾਂਡ ਏਰੀਆ ਵਿਚ 40-50 ਪਿੰਡ ਬਰਬਾਦ ਹੋਏ ਹਨ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਸਰਕਾਰ ਨੇ compensation ਦੇਣ ਦਾ ਵਾਅਦਾ ਕੀਤਾ ਸੀ। ਪਿੰਡ ਨਿਹਾਲ ਪੁਰ ਨੂੰ compensation ਦੇਣ ਦਾ ਅਦਾਲਤੀ ਫੈਸਲਾ ਭੀ ਹੋਇਆ $1\frac{1}{2}$ ਸਾਲ ਹੋ ਗਿਆ ਹੈ। ਪਰ ਉਹ compensation ਹੁਣ ਤਕ ਨਹੀਂ ਮਿਲੀ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਗਰੀਬ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਬੁਰੀ ਹਾਲਤ ਹੈ, ਜਾਂ ਤਾਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਜ਼ਮੀਨ ਦਿਤੀ ਜਾਵੇ ਜਾਂ compensation ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ।

ਤੀਸਰੀ ਅਰਜ਼ ਜਨਾਬ ਮੇਰੀ ਸੇਮ ਦੇ ਮੁਤਅਲਿਕ ਹੈ। ਮੈਨੂੰ ਖਤਰਾ ਮਹਿਸੂਸ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਤਾਂ ਸੇਮ ਆ ਹੀ ਰਹੀ ਹੈ ਪਰ ਕਿਤੇ ਮਹਿਕਮੇ ਨੂੰ ਸੇਮ ਹੀ ਨਾ ਲਗ

ਜਾਏ । ਮੈਂ ਇਸ ਬਾਰੇ ਬੜੀ ਲਿਖਾ ਪੜ੍ਹੀ ਕੀਤੀ ਹੈ ਪਰ ਮਹਿਕਮੇ ਵਾਲੇ ਇਸ ਪਾਸੇ ਕੋਈ ਧਿਆਨ ਨਹੀਂ ਦਿੰਦੇ । ਮੈਂ ਜਨਾਬ, ਇਸ ਹਾਉਸ ਵਿਚ ਇਕ ਸਵਾਲ ਪੁਛਿਆ ਸੀ ਕਿ ਮੈਨੂੰ ਦਸਿਆ ਜਾਵੇ ਕਿ

Question :—

"Will the Minister for Irrigation and Power be pleased to state —

(a) whether the Secretary to Government Punjab, Irrigation and Power Departments, received any representation for the construction of the Sultanpur Drain, if so, when, from whom and the action taken thereon ;

(b) whether any amount has been sanctioned for this work, if so, how much ?

ਪੂਰੇ 6 ਮਹੀਨੇ ਬਾਅਦ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਜਵਾਬ ਮਿਲਦਾ ਹੈ ਕਿ—

Answer :—

(a) (i) Representation from Shri Atma Singh, M.L.A., for expediting the operations in Sultanpur area was received in Pepsu Bhakra Circle through Irrigation and Power Minister in March, 1957.

The above representation was subsequently passed on the Drainage Circle viz-Phagwara Division in September, 1957.

On receipt of this representation, a detailed project estimate was prepared by the Executive Engineer, Drainage Division No. 1, Jullundur.

(ii) Representation from the residents of villages Karamjitpur, Amarjitpur, Mokhe, Gill, etc........."

श्री उपाध्यक्ष : Order, order please. यह आप क्या पढ़ रहे हैं । [Order please. What is this that the hon. Member is reading ?]

ਸਰਦਾਰ ਆਤਮਾ ਸਿੰਘ : ਮੈਂ ਜਨਾਬ, ਅਰਜ਼ ਕਰ ਰਿਹਾ ਹਾਂ ਕਿ ਕਿਸ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਸੇਮ ਦੂਰ ਕਰਾਉਣ ਵਿਚ ਢਿਲ ਕੀਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ । ਇਸ ਲਈ ਤਿੰਨ ਸਾਲ ਤੋਂ ਹਰ ਸਾਲ ਰਕਮ ਰਖੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ । ਪਰ ਇਸ ਪਾਸੇ ਕੋਈ ਧਿਆਨ ਹੀ ਨਹੀਂ ਦਿਤਾ ਜਾਂਦਾ । ਹਰ ਸਾਲ ਇਹ ਰਕਮ surrender ਹੋ ਜਾਂਦੀ ਹੈ । ਪਿਛਲੇ ਸਾਲ ਦੇ ਬਜਟ ਵਿਚ ਇਸ ਵਾਸਤੇ 40 ਹਜ਼ਾਰ ਰੁਪਏ ਦੀ provision ਕੀਤੀ ਗਈ ਸੀ ਪਰ ਮੈਨੂੰ ਅਫਸੋਸ ਨਾਲ ਕਹਿਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਸਾਲ ਦੇ ਖਤਮ ਹੋਣ ਵਿਚ 31 ਮਾਰਚ ਤਕ ਹੁਣ ਕੁਝ ਦਿਨ ਹੀ ਬਾਕੀ ਹਨ, ਪਰ ਇਸ ਰਕਮ ਵਿਚੋਂ ਅਜੇ ਤਕ ਇਕ ਪਾਈ ਵੀ ਖਰਚ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਗਈ । Sultanpur drain ਦੇ Estimate ਮਨਜ਼ੂਰ ਹੋਣ ਵਾਸਤੇ 6 ਮਹੀਨਿਆਂ ਦੇ ਗਏ ਹੋਏ ਹਨ ਅਜੇ ਤਕ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਕੋਈ ਪਤਾ ਨਹੀਂ । ਮੈਂ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਦੀ ਖਿਦਮਤ ਵਿਚ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਸੁਲਤਾਨਪੁਰ ਡਰੇਨ ਬਾਰੇ ਉਹ ਧਿਆਨ ਦੇਣ ਅਤੇ ਪਤਾ ਕਰਨ ਕਿ ਇਹ case ਕਿਸ stage ਤੇ ਹੈ ਜਿਸ ਬਾਰੇ ਹੁਣ ਤਕ ਕੋਈ ਕੰਮ ਨਹੀਂ ਹੋਇਆ । 10 ਪਿੰਡਾਂ ਦਾ ਕੋਈ 5 ਹਜ਼ਾਰ ਏਕੜ ਰਕਬਾ ਹੈ ਜਿਹੜਾ 4 ਸਾਲ ਤੋਂ ਤਬਾਹ ਹੁੰਦਾ ਚਲਿਆ ਆ ਰਿਹਾ ਹੈ । ਜੇ ਇਸ ਵਿਚ 10 ਮਣ ਫੀ ਏਕੜ ਦਾ ਹਿਸਾਬ ਵੀ ਲਾਈਏ ਤਾਂ ਹੁਣ ਤਾਈਂ 50,000 ਮਣ ਸਾਲ ਦੇ ਹਿਸਾਬ ਨਾਲ ਦੋ ਲਖ ਮਣ ਅਨਾਜ ਦਾ ਨੁਕਸਾਨ ਚਾਰ ਸਾਲਾਂ ਵਿਚ ਹੋਇਆ ਹੈ । ਇਹ 12 ਰੁਪਏ ਮਣ ਦੇ ਹਿਸਾਬ ਨਾਲ 24 ਲਖ ਰੁਪਏ

[ਸਰਦਾਰ ਆਤਮਾ ਸਿੰਘ]
ਦਾ ਬਣਦਾ ਹੈ । ਇਕ ਪਾਸਿਓਂ ਕਿਹਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਅੰਨ ਸੰਕਟ ਹੈ ਇਸ ਲਈ ਅੰਨ ਵਧ ਉਪਜਾਉ ਅਤੇ ਦੂਜੇ ਪਾਸੇ ਇਹੋ ਜਿਹੇ ਮਹਿਕਮਿਆਂ ਰਾਹੀਂ ਕਿਵੇਂ ਬਰਬਾਦੀ ਕੀਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ । ਮੈਂ ਆਪਦੇ ਰਾਹੀਂ ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਧਿਆਨ ਦਿਵਾਉਂਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਪਾਸੇ ਧਿਆਨ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ । ਕਿਤੇ ਇਸ ਸਕੀਮ ਨੂੰ ਵੀ ਸੇਮ ਵਿਚ ਹੀ ਨਾ ਖਤਮ ਕਰ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ ।

श्री रण सिंह (थानेसर रिजर्वड) : डिप्टी स्पीकर साहब, जो सदन में आज irrigation और water-logging का मसला चल रहा है वह बड़ा अहम मसला है । इस को बड़ी संजीदगी से देखना चाहिए। मेरे मुअज़िज़ दोस्त चौधरी मुल्तान सिंह ने कहा था कि ज़िला अमृतसर है जहां से चीफ़ मिनिस्टर और एक और वज़ीर हैं, दूसरा हिसार ज़िला है जहां से एक वज़ीर और डिप्टी स्पीकर साहब आप हैं और एक डिप्टी मिनिस्टर भी हैं, इन ज़िलों के लिए तो कोशिश हो रही है लेकिन और जिलों की तरफ़ इतना ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मुझे एक कहावत याद आ गई कि एक बार बादशाह अकबर ने बीरबल से पूछा कि बीरबल अगर तुम्हारी दाढ़ी में और मेरी दाढ़ी में एक साथ आग लग जाए तो पहले किस की आग बुझाओगे ? बीरबल ने जवाब दिया कि जनाब पहले तो मैं अपनी दाढ़ी में एक चुल्लू पानी डालूंगा फिर आप की दाढ़ी की तरफ ध्यान दूंगा। आज जनाब, यही हालत water-logging के बारे में हो रही है कि सब को अपने अपने ज़िले की पड़ी हुई है। लेकिन यह बीमारी एक ऐसी आग बन गई है जो किसी एक ज़िले में नहीं बल्कि सारे पंजाब में फैल गई है। इस लिए इस वक्त सिर्फ यह नहीं होना चाहिए कि सिर्फ गुरदासपुर या अमृतसर की तरफ तो तवज्जुह दी जाए और जो इलाके बुरी तरह से इस के ज़ेरे असर हैं उन को छोड़ दिया जाए या उन की तरफ कम ध्यान दिया जाए। मैं एक ऐसी constituency से कामयाब हो कर आया हूं जो न सिर्फ पंजाब में बल्कि सारे हिन्दुस्तान में एक ऐसी जगह है जो बरसात के दिनों से लेकर साल के 8 महीनों तक तालाब की तरह पानी से भरी रहती है और वह है थानेसर। जिस के कारण न तो पशु और न ही आदमी एक जगह से दूसरी जगह आ जा सकते हैं। अभी पिछले दिनों बरसात के 4 महीने बीत जाने के बाद प्रोफैसर यशवंतराय वहां पर तशरीफ़ ले गए तो उन्हें एक गांव में जाना पड़ा जिस का नाम पछताना है। जब वह पानी में हो कर गुज़रे और जो तकलीफ़ उन्होंने महसूस की तब उन्होंने फरमाया था कि सचमुच इस गांव का नाम पछताना ठीक है क्योंकि वह भी पछताए थे कि कहां आ गए। इस लिए, डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आप की मारफ़त गवर्नमेंट से अपील करना चाहता हूं कि उस हलके की तरफ खास तौर पर तवज्जुह देनी चाहिए।

अब मैं drains की बात कहना चाहता हूं। इस में कोई शक नहीं कि करनाल में drains हैं और और नई drains बनाने की स्कीमें भी हैं लेकिन जो drains अभी हैं उन से करनाल को कोई खास फ़ायदा नहीं हो रहा है। Drains बहुत तंग होने के कारण खेतों में आ के पानी फैल जाता है और फसल तबाह हो जाती है। कुछ गांव हैं जैसे गगसीना, बला जूंडला, जानी, कुड़क, कबि और जोसी वगैरह। इन में तो साल के 8 महीने पानी भरा रहता है। अभी पिछली बरसात का ज़िक्र है कि

इन गांवों की बाबत X.E.N. के नोटिस में यह बात लाई गई तो उन्होंने कहा कि जो पानी खेतों में भरा खड़ा है उस के निकास के लिये खर्च बहुत ज्यादा होगा और उस के मुकाबले में फसल कम होगी। और अब पानी निकलने से कोई फ़ायदा नहीं होगा। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आप को यह यकीन दिलाना चाहता हूं कि अगर इस इलाके को पानी की बीमारी से बचाया जाए तो यह वह इलाका है जो हमेशा चांदी उगलता रहा है और उगल सकता है। इस लिए पैदावार की वहां पर कमी नहीं होगी।

थानेसर और करनाल के इलाके में पानी खड़ा रहता है और जगह जगह बरसाती नाले हैं। इस लिये मैं दरखास्त करूंगा कि वहां पर पुल बनाने की ज़रूरत है। सभी नालों पर पुल बनाने चाहियें। (घंटी)

चौधरी बारू राम (राजौंद) : डिप्टी स्पीकर साहब, इस सदन के सामने बहुत से सभासदों ने water-logging और दूसरी गंभीर समस्याओं के ऊपर काफी रौशनी डाली है और वज़ीर साहब से यह आशा की जाती है कि वह पूरा पूरा ध्यान देंगे। मैं इन बातों की ताईद करता हुआ कुछ स्थानीय शिकायतें जो मेरी अपनी तहसील से ताल्लुक रखती हैं, डिप्टी स्पीकर साहब, आप की मारफत वज़ीर साहब के सामने रखना चाहता हूं। आज से दो साल पहले जब मैं यहां आया था तो एक question पूछा था कि शामदो जो हाबड़ा माइनर में से निकलता है, बढ़सी करी, बधाना माइनर तीन-चार साल से अधूरे बने पड़े हैं। वहां पर जो मिट्टी निकाली गई है वह अब बहती जा रही है और काम किया कराया भी न करे के बराबर होता जा रहा है इस लिये इस की तरफ़ ध्यान दिया जाना चाहिए तो वज़ीर साहब ने उत्तर दिया था कि काम पूरा किया जाएगा, लेकिन यह दुख की बात है कि यह काम आज तक नहीं हुआ। मेरे दोस्त चौधरी हुकम सिंह ने एक बात रखी थी कि वहां पर breaches होती हैं लेकिन उन को cut करार दे दिया जाता है। वहां एक घरेड़ गांव है वहां पर breach हुआ तो पंसाल नवीस को बुलाया गया और S.D.O. के नोटिस में यह बात लाई गई तो भी कुछ नहीं हुआ और लोगों पर 45 हज़ार का तावान डाल दिया गया है। मैं कहना चाहता हूं कि वह इलाका पहले से ही सेम ज़दा इलाका है। महज़ अफसरों ने अपनी जिम्मेदारी टालने के लिये breach को cut बना दिया है। Cut लगाने की वहां ज़रूरत कोई नहीं है। एक गांव और है जहां पर कि रजवाहे में breach हुआ तो उस को रोकने के लिये महकमे वालों को कहा गया लेकिन उन्होंने जवाब दिया कि तालाब में पानी ले जाने के लिए cut किया गया है। और बाद में उन्हीं लोगों ने 15 हज़ार रुपये का तावान लोगों पर डाल दिया। और उस की खबर सरपंच को दी जिस से लोग अपील भी नहीं कर सके। अब consolidation के सिलसिले में कुछ alignment को बदला गया है और ऊंची नीची ज़मीन का ख्याल नहीं किया गया। वैसे ही हावड़ी का मोघा 44565 R.D. है। एक जगह मोघा निकाला गया वह 8 फुट की ऊंचाई से और 10 फुट की गहराई से गुज़रता है। यह चीज़ मौके पर जा कर नहीं देखी गई। और अब जो कुछ किया जा रहा है उस के रास्ते में एक ज़िलेदार रोड़ा बना हुआ है। मैं दरखास्त करता

[चौधरी बारू राम]

चाहता हूं कि सरस्वती नहर पर ऐसी हेरा फेरियां होती हैं जिन की वजह लोगों को लूटना पड़ता है। और मोघाजात वक्त पर नहीं दिए जा रहे हैं। वज़ीर साहब को जब इस बात का पता लगा भी और यह वहां गए भी तो उन को अफसरों ने एक telephone कर दिया कि वहां पर cut हैं इस लिये आप वहां से न गुज़रिएगा। इस तरह की बातें की जा रही हैं।

आखिर में मैं betterment levy के मुतअल्लिक एक ही बात कहना चाहता हूं। अंग्रेज़ों के राज में एक भाई साहिब का राज था। उन को दूध की ज़रूरत पड़ गई। उन्होंने अपने नौकरों से कहा कि ताज़ा दूध लाओ। नौकरों ने कहा कि महाराज दूध तो हम दूह बैठे हैं अब कहां से लाएं। लेकिन वह भाई साहिब कहने लगे कि जिन भैंसों ने पहले दिया है वह अब भी देंगी। मगर यह नहीं सोच पाए कि उसी वक्त दोबारा कैसे दूध दूहा जा सकता है। इस लिए मैं कहता हूं कि किसानों पर और ज़्यादा बोझ न डाला जाए क्योंकि उन पर पहले ही ज़्यादा बोझ पड़ा हुआ है। मेहरबानी कर के आप लोगों पर उस भाई साहिब वाला राज न लागू करें। इस के अलावा हरियाणे में जो water-logging हो रही है उस की तरफ ध्यान देना चाहिए। मैं ने देखा है कि पंजाब के दूसरे हिस्सों में सड़को, हस्पतालों, स्कूलों, कालेजों और नहरों का जाल बिछा हुआ है। लेकिन हरियाणे में उस के मुकाबिले में कुछ भी नहीं है। इस लिए मैं निवेदन करूंगा कि हरियाणे का भी ध्यान रखा जाए क्योंकि वह भी पंजाब का ही एक हिस्सा है।

सिंचाई तथा बिजली मंत्री (सरदार ज्ञान सिंह राड़ेवाला) : जनाब Deputy Speaker साहिब, आज इस House के सामने जो मद पेश हो रही है मुझे खुशी है कि उस पर निहायत संजीदगी से इज़हारे ख्याल किया गया है और कुछ ऐसे constructive suggestions भी दिए गए हैं जिन के लिए कि मैं उन मेम्बर साहिबान का मशकूर हूं। जहां तक आज की बहस का सवाल है, सब से ज़्यादा जिस मसले बारे speeches हुईं और जिस का बार २ ज़िक्र आया वह water-logging का मसला है। इस के बाद betterment levy जो कि पेशगी रक्म वसूल करने के लिए कानून बनाया जा रहा है जिस का कि ordinance जारी हुआ था उस का ज़िक्र आया है। इस के बाद कुछ निहायत ज़िम्मेवार मेम्बर साहिबान की तरफ से अपने २ इलाकों का भी ज़िक्र किया गया है।

सब से पहले मैं जो water–logging का सवाल है उस को लेना चाहता हूं। इस में कोई शक नहीं कि पंजाब में जहां तक सेम के सवाल का ताल्लुक है वह एक निहायत खौफनाक शक्ल में हमारे सामने आ रहा है। जहां पंजाब में निहायत आला और एक निहायत वसीह irrigation system है वहां उतना ही वसीह और शानदार drainage system नहीं है। यह मसला हमारे सामने निहायत शद्दो मद से सन् 1955 से आया है। इस से पहले मैं समझता हूं कि इस की तरफ वह ध्यान नहीं दिया गया था जिस का कि यह मुस्तहिक था। या मैं यह समझता हूं कि शायद उस वक्त

यह मसला इतनी खौफनाक सूरत में नहीं था। इस में कोई शक नहीं कि irrigation की तौसीह के साथ साथ और जो पंजाब में development हुई, सड़कों का जाल बिछा, नहरें बनीं और उस के साथ distributaries वगैरह बनी उन से जो पानी का कुदरती बहाओ था वह रुका है और जो सेम का सवाल है यह रोज़ बरोज़ शिद्दत पकड़ता चला गया है। मैं, जनाब Deputy Speaker साहिब, आप की वसातत से इस House को यकीन दिलाना चाहता हूं कि इस मसले को Government ने वही अहमियत दी है जिस का यह मुस्तहिक था और इस की अहमियत के मुताबिक ही तवज्जोह इस की तरफ दी गई है। कुछ मुअज़िज़ मेम्बरान की तरफ़ से अपनी अपनी तहसीलों, ज़िलों या हलकों को देखते हुए यह कहा गया कि इस मसले की तरफ़ ग़फलत से काम लिया जाता रहा है। मैं उन मुअज़िज़ साहिबान की इतलाह के लिए अर्ज़ करना चाहता हूं कि जितना काम सालेरवां में इस water logging को रोकने के लिए किया गया है शायद इस से पहले पांच/सात सालों में भी उतना नहीं हुआ। इस अर्से में 872 मील की लम्बाई की surface drains बनाई गईं और 124 मील की लम्बाई में दरियाओं के किनारों पर उन की तुग़ियानी से इलाकों को बचाने के लिए बड़े बड़े बांध लगाए गए। इस से हज़ारों नहीं बल्कि लाखों एकड़ अराज़ी को फ़ायदा हुआ और उसी कद्र हम फसलों को बचा सके हैं। सैंकड़ों गांव जो कि आए साल इन दरियाओं की तुग़ियानी से बरबाद होते थे वह बचे और जहां पिछले 10/11 साल से कोई फ़सल नहीं हुई थी वहां इस साल निहायत अच्छी फसलें हुई हैं और मेरा अंदाज़ा है कि उस की जो estimated cost है जो ज़मीदारों को मिली है उस का अंदाज़ा पांच करोड़ रुपए का है। बहुत से मेम्बर साहिबान की तरफ से यह कहा गया था कि यह ढीला महकमा है। इस ने खर्च नहीं किया और बहुत सी रकूमात surrender की हैं। जहां तक इस बात का सवाल है मैं यह बिलाखौफे तरदीद कह सकता हूं कि कोई रकम इस में से surrender नहीं हुई। Drainage and embankments के लिए हमारे पास इस साल के लिए एक करोड़ 30 लाख रुपया था और मैं यकीन के साथ कह सकता हूं कि इस माली साल के खात्मा तक वह सारा रुपया खर्च हो जाएगा। इस वक्त तक भी जैसा कि मैं ने पहिले अर्ज़ किया था 46 से ज़्यादा drains बनी हैं। तो इस हालत में यह कहना कि यह महकमा सुस्त रफ्तारी से काम कर रहा था या कर रहा है या उस ने इस मसले की तरफ पूरी तवज्जोह नहीं दी मैं समझता हूं कि दरुसत बात नहीं है। इस सारे मसला को हल करने के लिए हमें बहुत बड़ी रकम की ज़रूरत है। जैसा कि मैम्बर साहिबान जानते हैं कि यह बीमारी किसी एक हलका या ज़िला तक महदूद नहीं बल्कि यह सारे पंजाब का ही मसला है और मैं समझता हूं कि कोई भी ज़िला इस की ज़द से बचा हुआ नहीं है तो कुदरती तौर पर इतनी बड़ी बीमारी के इलाज के लिए काफ़ी वक्त और अर्सा दरकार होगा और साथ २ रुपया भी बहुत काफी दरकार होगा। जहां तक schemes का ताल्लुक है हमारे पास drainage और embankments की जो स्कीमें तैयार पड़ी हैं वे शायद 5 करोड़ से भी ज़्यादा लागत की हैं लेकिन इन के लिये जो रकम हमें दी गई है और दूसरे पांच-साला प्लान में मन्ज़ूर शुदा है वह सारी

[सिंचाई तथा बिजली मंत्री]
2 करोड़ 96 लाख है। मैं समझता हूं कि यह रकम बहुत नाकाफी है। इस के लिए हमारी पूरी कोशिश है और हम Central Government से, Planning Commission से दरखास्त कर रहे हैं और पुर ज़ोर मांग कर रहे हैं कि पंजाब की हालत को मद्देनज़र रखते हुए और जो पंजाब को इस वक्त सेम का खतरा है उस को देखते हुए हमें ज्यादा से ज्यादा रकम दी जाए। मैं जब सारी तसवीर आप के सामने लाता हूं जो सेम की वजह से इस वक्त पंजाब की हो गई है तो मैं समझता हूं कि कम से कम पांच, छः करोड़ रुपया इसे खत्म करने के लिए हमें ज़रूरी तौर पर दरकार है। लेकिन मैं कह नहीं सकता कि हम कहां तक इस बड़ी रकम को हासिल करने में कामयाब हो सकेंगे। जहां तक हमारे महकमा का ताल्लुक है उस ने अपने resources के हिसाब से निहायत तेज़ी से काम किया है और यही वजह है कि एक करोड़ तीस लाख रुपया जो हमें मिला था हम उसे खर्च करने में कामयाब हो सके हैं। अगर हमें और रकम न मिली तो इस का मतलब यह होगा कि इस दूसरे प्लान का जो बाकी डेढ़ या दो साल का period है उस में हमारे पास महज़ 75 लाख के करीब रुपया इस काम के लिए रह जाएगा जो कि इस सारी बीमारी के इलाज के लिए बिल्कुल नाकाफी होगा। जैसा कि मैं ने पहिले अर्ज़ किया था इस के लिए हम Planning Commission और Central Government से ही रजूह कर सकते हैं। कुछ मैम्बर साहिबान की तरफ से यह कहा गया कि पंजाब के बजट से और पंजाब के खज़ाने से भी रकम निकाल कर इस पर खर्च करनी चाहिए। मैं समझता हूं कि जो बजट इस हाउस के सामने पेश है और जिस पर काफी अर्से से इस हाउस में गौर हो रहा है उस को देख कर सब इसी नतीजे पर पहुंचेंगे और सब इस बात से मुत्तफिक होंगे कि उस में से इस के लिए रकम निकालनी अगर नामुमकिन नहीं तो निहायत ही मुश्किल है। तो इस के लिए लाज़मी तौर पर हमें Central Government की तरफ़ ही जाना पड़ेगा और कर्जे की शक्ल में रकम लेने की कोशिश करनी होगी।

कुछ मैंबर साहिबान ने अपने २ हलकों का ज़िक्र करते हुए गवर्नमैंट की तवज्जोह उधर दिलाई थी और खास तौर पर जनाब डिप्टी स्पीकर साहिब ने अपनी तकरीर में कुछ सुझाव भी दिए थे। जहां तक इस सेम पर काबू पाने का सवाल है गवर्नमैंट ने जैसा कि मैं ने पहले भी अर्ज़ किया था पूरी तवज्जोह दी है। इस पर जो expert opinions हमें मिल सकती थीं वह लेने की हम ने पूरी कोशिश की है और वह expert opinion कि किस तरह से इस water-logging को खत्म किया जा सकता है, हमारे पास मौजूद है। यह जो surface drains हम बना रहे हैं यह पहला कदम है और यह आखरी कदम नहीं है। न ही, यह जो सतही drains हैं इन के बनाने से हम यह कह सकते हैं कि यह water-logging का मसला हल हो जायगा। इस के लिए हमें इस के आगे भी जाना होगा और जैसा कि डिप्टी स्पीकर साहब ने फरमाया था हमें subsoil drains भी बनानी होंगी और खास तौर पर जो इलाका थूरज़दा होता जा रहा है, बंजर होता जा रहा है उसे reclaim करने के लिए यह चीज़ निहायत ज़रूरी होगी। शायद इस के बाद भी हमें इस से आगे और कदम उठाने पड़ें और जो subsoil water है उसे tube-well के ज़रिया

से निकाल कर water-table को suppress करना पड़े। जहां तक expert राय का सवाल है वह मैं समझता हूं मुकम्मलतौर पर हमारे पास मौजूद है। सवाल सिर्फ यह होगा कि organisation कैसे हो। Organisation के मुतअल्लिक कहा गया था कि अगर इस काम को हम ने जो मौजूदा हमारा स्टाफ है S.E. और X.E.N. हैं जो कि running canals के जिम्मेदार हैं उन के स्पुर्द किया गया तो वे शायद इसे खुश असलूबी से और कामयाबी से सरअंजाम न दे सकें। यह मसला जो है इस वक्त गवर्नमेंट के ज़ेरेग़ौर है। इस से पहले एक अलहदा circle बनाया गया था और मैं समझता हूं उस circle में इस सिलसिला में काफी काम किया गया है और उस का काम यही है कि वह जो स्कीमें हैं उन्हें मुरत्तब करे और उन की execution का जो सवाल है वह Irrigation Branch के मौजूदा स्टाफ के पास है। और मैं समझता हूं कि जहां तक इस काम की execution का सवाल है अभी तक उस में कोई ढील नहीं हुई और मैं यह नहीं कह सकता कि काम पीछे पड़ गया है। जितना काम स्पुर्द किया गया था, जितना रुपया disposal पर दिया गया था वह खर्च हुआ है और काम भी हुआ है लेकिन अगर इस की ज़रूरत होगी और हमें अगर इस कद्र funds मुहैया हो जायें जैसा कि मैं समझता हूं होने चाहिएं क्योंकि खुराक का मसला इस से वाबस्ता है तो staff का और प्रबन्ध भी किया जा सकता है। जहां irrigation schemes से हम पानी दे कर अनाज ज़्यादा पैदा कर सकते हैं वहां ज़रखेज़ ज़मीन, सरसब्ज़ ज़मीन water-logging की वजह से ख़राब भी होती जा रही है। उस को बचाना होगा और मैं यह समझता हूं कि अगर इस की तरफ पूरी तवज्जोह न दी गई और इकदामात न किए गए तो यह मसला शायद पांच-सात साल के बाद लाइलाज शक्ल अख्तियार कर ले क्योंकि जिस तेज रफ्तारी से पंजाब के अन्दर water-table ऊंचा उठ रहा है वह निहायत तशवीशनाक है। तो जहां तक organisation का सवाल है यह कोई ऐसी बात नहीं। अगर ज़रूरत हुई तो मैं समझता हूं कि इस के लिए अलहदा circle जैसा कि पहले था कायम किया जा सकता है।

इस के अलावा दूसरी चीज़ जो कि प्रोफेसर शेर सिंह जी ने अपनी तकरीर में कही वह यह थी कि इस सेम का मुकाबला करने में भी उस इलाका की तरफ तवज्जोह नहीं दी गई जो कि हरियाना प्रान्त कहलाता है। मैं इस हाउस को यकीन दिलाता हूं कि ऐसी कोई बात नहीं। 1955 में floods आए और उस के बाद repeat होते रहे। यह ठीक है कि पिछले साल हरियाना के अंदर बहुत बड़ी तबाही हुई और मुसलसल बारिशें होती रहीं। उन्होंने इतना पानी गिराया कि वहां वाकई कुछ इलाके झील की शक्ल अख्तियार कर गए। मुझे सुन कर हैरत भी हुई जब एक आनरेबल मेम्बर साहब ने इस के लिए भी गवर्नमेंट को ज़िम्मेदार करार दिया और गवर्नमेंट पर मुकद्दमा चलाने की बात भी कही। ठीक है कि बारिशें निहायत ज़्यादा हुईं और उस से वहां नुक्सान हुआ है लेकिन यह नहीं कि गवर्नमेंट ने उस की तरफ तवज्जोह नहीं दी। आख़िरकार सेम का जो काम है, नालियां बनाने का सवाल है वह कोई एक दिन में तो नहीं हो सकता। जब

[सिंचाई तथा बिजली मंत्री]
वहां उस इलाका में यह तबाही आई थी तो गवर्नमेंट की तरफ से निहायत फराखदिली से इमदाद दी गई और उस वक्त से ही high priority देकर उस इलाका की drainage के मुतअल्लिक सिर्फ सोचा ही नहीं जा रहा बल्कि अमली इकदामात भी किए गए हैं। घांची स्कीम और रीवाड़ी स्कीम भी मुरत्तब की गई हैं और एक की तामीर के मुतअल्लिक तो orders भी issue हो चुके हैं। कहा गया कि जो order immediate तौर पर किए गए थे वह दफ्तर में एक महीना पड़े रहे और इंजीनियरों के पास नहीं पहुंचे। यह ठीक है कि उस में इतना वक्त लग गया था। लेकिन मैं उन्हें यकीन दिलाता हूं कि इस मसला को हम ने जैसे कि उन्होंने suggestion दी थी हल करने की कोशिश की है। घांची स्कीम जो ज़ेरे तामीर है उस में कुछ तवक्कुफ हुआ। क्या हुआ? मैं समझता हूं और मैं नहायत आजज़ी के साथ कहना चाहता हूं कि यह बात पंजाब गवर्नमेंट के लिए credit की है कि अगर सिर्फ पंजाब गवर्नमेंट का ही ताल्लुक होता तो हम ने इस अमली शक्ल दे दी होती। लेकिन इस का सम्बन्ध यू. पी. के साथ भी था और Central Water and Power Commission ने जो तरमीमें दी थीं वह बेहतरी के लिए दी थीं। इसलिए उस में कुछ थोड़ी सी देर हो गई थी। लेकिन जहां तक उसे अमल में लाने का सवाल है वह इस वक्त अमल में लाई जा रही है और मैं यकीन रखता हूं कि इस का वह हिस्सा जिसे हम ने बनाना है हम कोशिश करेंगे कि जल्दी से जल्दी तैयार किया जाये।

इस के अलावा कहा गया था कि गुड़गांव स्कीम कैनाल प्राजेक्ट जो है आई दफा बजट में आती है और उसी तरह रहती है। उस को अमली शक्ल नहीं दी जाती। मैं समझता हूं कि प्रोफैसर साहिब भी इस से बखूबी वाकिफ हैं। पंजाब

6.00

गवर्नमैण्ट इस स्कीम को अमली शकल देने के लिये हर मुमकिन कोशिश करती रही है लेकिन चूंकि इस का हल सिर्फ पंजाब गवर्नमेंट के ही इख्तियार में न था—इस में दूसरी Governments का भी सवाल था, देहली गवर्नमैण्ट का सवाल था और यू. पी. गवर्नमैण्ट का सवाल था, इसलिए कुछ मसले ऐसे थे जिन को खतो-किताबत के ज़रिये तय करने में तवक्कफ हुआ। मिसाल के तौर पर इस सकीम के लिये देहली में ज़मीन हासिल करने का सवाल था। इस के मुतअल्लिक पिछले साल भी मैं ने खुद गवर्नमैण्ट level पर देहली गवर्नमैण्ट को लिखा था लेकिन देहली गवर्नमैण्ट उस वक्त notification करने के लिये रज़ामंद नहीं होती थी जब तक कि उस को Planning Commission की आखिरी मंज़ूरी न मिल जाये। इस वजह से उस में कुछ देर पड़ती चली गई लेकिन अब मैं आप को यकीन दिलाता हूं कि यह जो मुश्किल मरहला था वह खत्म होने वाला है और मेरा ख्याल है कि महीने दो महीने के अंदर Delhi Government यह notification हमारी दरखास्त पर जारी कर देगी। इस के मुतअल्लिक पूरी कोशिश हो रही है और हम देहली गवर्नमेंट के मुख्तलिफ महकमाजात से खुद बात चीत कर के इस को खत्म करवाना चाहते हैं और जैसे कि मैं ने अर्ज़ किया मुझे यकीन है कि जो इस ज़मीन को हासिल करने का सवाल है या notification जारी करने का मसला है वह सब तय हो जाएंगे।

जहां तक Agra Scheme का ताल्लुक है वह नहीं बनाई गई वह मंज़ूर शुदा थी लेकिन जैसे कि इस हाउस में भी मैम्बर साहिबान की तरफ से कहा गया उस इलाके वाले खुद इस बात के लिये रज़ामंद नहीं होते थे कि उस स्कीम को पहले बनाया जाये।

मौलवी अब्दुल ग़नी डार : मिनिस्टर साहिब, हम तो रज़ामंद होते थे।

सिंचाई तथा बिजली मंत्री : मैं आज यह बात कह सकता हूं कि जिन देहात में इस का पानी आना है वह शद्दोमद से इस की मुखालिफत करते थे। न मालूम उन के दिल में यह ख्याल था कि शायद इस स्कीम को अगर पानी दिया गया तो दूसरी स्कीम रुक जाये। वजह वह यही देते थे कि यह जो स्कीम है इस से पानी उन देहात में जायेगा जो पहले से water-logged हैं। इस वजह से इस में रुकावट होती रही। गवर्नमैण्ट की जानब से यह भी यकीन दिलाने की कोशिश की गई कि ऐसा नहीं होगा। इस का असर Tunnel Scheme पर नहीं पड़ेगा। लेकिन बावजूद इस के भी यह मुखालिफत जारी रही है। इस वजह से जो Agra Canal Scheme है वह आज तक मुकम्मल नहीं हो सकी। अब इस के साथ ही पहले phase या दूसरे phase या तीसरे phase की शक्ल में बनेगी। इस के अलावा यह भी शिकायत थी कि Rewari Lift Scheme काफी अरसे से गुड़गांव टनल स्कीम की तरह ही कागज़ात में आती है और आये साल बजट में उस को दोहरा दिया जाता है लेकिन खर्च कुछ नहीं होता। 1,000 रुपया खर्च करने की तजवीज़ है वह भी शायद उद्घाटन के लिये हो। मैं समझता हूं कि प्रोफैसर शेर सिंह इस बात को बखूबी जानते हैं कि इस स्कीम में क्या रुकावटें थीं। Planning Commission ने यह समझते हुए कि शायद यह स्कीम इतनी फायदामंद न हो इस को बिल्कुल खट्टे में डाल दिया था लेकिन बड़ी कोशिश के बाद इस स्कीम को वहां से approve कराया गया। यह sanction हो चुकी है और 26 तारीख को इस स्कीम का उद्घाटन Central Government Irrigation and Power मिनिस्टर हाफिज़ साहिब कर रहे हैं। मैं समझता हूं कि यह कहना हमारे साथ इनसाफ न करने के बराबर है कि उस इलाके की तरफ तवज्जोह नहीं दी जाती।

Remodelling of Jamuna Canal के मुतअल्लिक भी कहा गया था। मैं यह मानता हूं, कि इस में कुछ technical difficulties हैं क्योंकि चलती हुई canal को remodel करना बहुत मुश्किल होता है, इसलिए इस सिलसिले में काफी तेज़ रफ्तार से काम नहीं हुआ लेकिन यह ख्याल करना कि इस की अहमियत को समझा नहीं गया या तसाहिल से या सुस्त रफतारी से काम हो रहा है, ठीक नहीं है। हमारे experts की राये है कि canals की remodelling कर के जो उस में पानी बढ़ाया जा रहा है उस से water-logging की problem बढ़ती जा रही है। मैं, डिप्टी स्पीकर साहिब, आप की मार्फत यकीन दिलाना चाहता हूं कि water-logging का मसला जिसे तफसील से बयान करने की कोशिश की गई है उस को हम ऐसे तरीकों से निपटाना चाहते हैं कि उन का असर इस remodelling के काम पर न पड़े और जमुना की जो remodelling है, जो तजवीज़शुदा है उस को ही मुकम्मल किया जायेगा।

श्री शेर सिंह : Construction Circle बनाइए ।

सिंचाई मंत्री : Construction Circle खोलने का सवाल ही पैदा नहीं होता । अगर ज़रूरत हुई तो लाज़मी तौर पर circle भी खोला जा सकता है ।

इस के बाद Bet area के मुतअल्लिक कुछ मैम्बर साहिबान की तरफ से कहा गया था । इस के मुतअल्लिक मैं ने पहले भी अर्ज़ किया है कि वहां water-logging का सवाल था, बांध और drains बनाने का सवाल था । इन सवालों के हल की तरफ निहायत तेज़ रफतारी से काम हुआ है और उस का फायदा भी पहुंचा है । वहां एक main drain का ज़िक्र करते हुए कई hon. Members की तरफ से कहा गया कि उस में 6, 7 महीने लग गए या 9 महीने लग गए या 10 महीने लग गए । लेकिन उन्होंने उस इलाका को बचाने के लिए जो कुछ किया गया उस का उतने खुले अल्फाज़ में एतराफ नहीं किया । वह drain मन्ज़ूरशुदा drain है और वह drain आखिरी शक्ल अख्तियार कर गई है । अनकरीब उस drain को मुकम्मल किया जाएगा ।

इसी तरीका से फीरोज़पुर के ज़िला में भी हालत निहायत खराब थी । वहां भी और लुध्याना में भी हालत काफी खराब थी । वहां भी हम ने बहुत से drains तामीर करने की स्कीमें बनाई हैं और उन को आखिरी शक्ल दे दी गई है । जो मोगा drain है, हिञ्त्रा drain और दूसरी drains हैं उन को बनाने की तैयारी ही नहीं की गई है बल्कि काम शुरू भी कर दिया गया है । मैं समझता हूं कि इन से आने वाले साल में उन इलाकों को काफी relief होगा । संगरूर के अंदर भी दर्जनों drains हैं जो कि वहां बनाए गए हैं और इस वक्त भी ज़ेरेतामीर हैं ।

जैसे कि मैं ने पहले अर्ज़ किया था कि आम तौर पर यह कहा जाता है कि हरियाणा की तरफ ध्यान कम किया जाता है । उधर ज़्यादा drains नहीं बनाए गए हैं । मैं ने अर्ज़ किया था कि बार २ यह बात कही जाती है, लेकिन असलियत की तह तक जाने की कोशिश नहीं की जाती । 1955 में सैलाब आया । उस के बाद 1956 और 1957 में भी सैलाब आए । उस से वहां सेम का काफी खतरा पैदा हो गया था क्योंकि वहां drainage काफी नहीं थी । हरियाणा प्रान्त में पहले भी काफी drains मौजूद नहीं थीं । और जहां तक इस घग्गर tract, सरहिंद और फीरोज़पुर tracts का सवाल है वहां तो बिल्कुल ही drainage का कोई इंतज़ाम नहीं था । संगरूर में 138 मील के करीब हम ने drains बनाई हैं और इसी तरह से सरहिंद और फीरोज़पुर tracts में 204 मील drains बनाई हैं । तो इस थोड़े से वक्त में यह सब कुछ हुआ है । (घंटी)

I am sorry. मैं अब drains को और इस मसले को ज़्यादा तवालत न देता हुआ, चूंकि प्रोफैसर शेर सिंह जी ने betterment levy का ज़िक्र किया है, उस के मुतअल्लिक House के 5 मिन्ट ज़रूर सर्फ करना चाहता हूं । Betterment levy जैसा कि उन्होंने खुद इस House की पुरानी proceedings को पढ़ कर सुनाया, का मसला आज ही हमारे सामने नहीं आया । जिस वक्त यह फैसला किया गया था कि

यह Bhakra Dam बनाया जाए और भाखड़ा canals बनाई जाएं और आब-रसानी का इंतज़ाम किया जाए तब उस के साथ २ जो कर्ज़ा लिया जाए उस को वापस अदा करने का फिक्र भी उसी वक्त से ही था और उस के लिए 1955 में कानून बनाया गया। यह ठीक है कि उस वक्त यह तजवीज़ हुई और मैं समझता हूं कि निहायत बेहतरीन तजवीज़ थी कि इस project का जो unproductive portion है महज़ उस की ही वसूली की जाए, उस को हम ने वापस करना है, जो productive portion है उस को नहीं करना। आज House में इस बात को भी तसलीम किया गया है कि जहां तक असूल का सवाल है, जहां तक principle का सवाल है levy लगानी चाहिए और इस में किसी को ऐतराज़ नहीं। मुझे खुशी है कि आज वे लोग भी, जिन्होंने कि इस के खिलाफ एक आन्दोलन शुरू करने की कोशिश की और पंजाब में कुछ नाखुशगवार हालत पैदा की, वे भी इस बात को मानते हैं और तसलीम करते हैं कि levy का principle ठीक है, वह लगनी चाहिए। तो फर्क कितना रह जाता है? सिर्फ अदादोशुमार का फर्क है, calculations का फर्क है। हम बैठ कर देखें कि कौन सा portion productive है और कौन सा unproductive है। महज़ इतना सवाल है। (*Interruption*) Principle को सब मानते हैं। मैं अर्ज़ कर रहा था कि यह सवाल महज calculations पर ही महदूद हो जाता है। जैसा कि इस से पहले जनाब Chief Minister साहब ने इस House में भी कई दफा उन figures को दोहराया है कि हमारी जो calculations हैं उन के मुताबिक भाखड़ा का 33 करोड़ रुपया ऐसा है जो हम ने वापस करना है। इतना unproductive है।

श्री शेर सिंह : Western Jamuma Canal के बारे में भी कहें।

सिंचाई तथा बिजली मंत्री : हां, हां। मेरे दोस्त एक बात भूल जाते हैं जब वे इस पर इतना ज़ोर देते हैं कि यह जो levy है इस वक्त यह एक advance levy है। यह रकम बतौर पेशगी वसूल की जा रही है। जो रकम आखिरी इंतज़ाम होने पर ली जानी है यह महज़ उस का बहुत थोड़ा सा हिस्सा है जो कि इस Ordinance के ज़रिए लिया जा रहा है। इस के मुतअल्लिक भी मैं यकीन दिला सकता हूं कि जब आख़िरी शक्ल हमारे सामने आएगी—हर एक irrigator का हिसाब हमारे पास है—तब अगर unproductive portion कम हुआ तो calculations के बाद जितनी रकम कम वसूल करनी होगी उसी के मुताबिक levy वापस की जायगी। इस बात को नज़रअंदाज़ नहीं किया जाना चाहिए। यह advance payment है जो इस कानून के जरिये ली जाती है। जो figures department की तरफ से Government के पास आई हैं वह कहीं misplace हो गई हैं।

जहां तक Jamuna canal का सवाल है उस के बारे में मैं यह कहना चाहता हूं कि जो figures department की तरफ से मुहय्या की गई हैं उन के मुताबिक जो tube-wells इस के पानी को supplement करने के लिये इस पर लगाए गए थे उन पर जो ईज़ादी खर्च हुआ और जो ईज़ादी आमदनी हुई उस

[सिचाई तथा बिजली मंत्री]

में जो difference है--अगर मैं गलती नहीं करता तो वह चार लाख का है। मैं अपने दिमाग की बात कह रहा हूं। वह unproductive है और उस पर betterment levy तजवीज़ की गई है। जैसा कि मैं ने पहले भी अर्ज़ किया था, चूंकि इस सम्बन्ध में एक बिल हाऊस के सामने आ रहा है, मैं उस वक्त betterment levy के बारे में सारी चीज़ हाऊस के सामने रखूंगा और यह कोशिश करूंगा कि हाउस की तसल्ली कराऊं कि Jamuna canal पर भी जो खर्च हुआ वह unproductive है और इसी वजह से उस पर betterment levy लगाई गई है। डिप्टी स्पीकर साहिब, चूंकि वक्त हो गया है इसलिये मैं अर्ज़ करूंगा कि यह जो demand हाउस के सामने रखी गई है इस को बजिंसही पास किया जाए।

Mr. Deputy Speaker : Question is —

That the demand be reduced by Rs. 100.

The motion was lost.

Mr. Deputy Speaker : Question is —

That the demand be reduced by Rs. 100.

The motion was lost.

Mr. Deputy Speaker : Question is —

That the demand be reduced by Rs. 2.

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Deputy Speaker : Question is —

That the demand be reduced by Re. 1.

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Deputy Speaker : Question is —

That the demand be reduced by Re. 1.

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Deputy Speaker : Question is —

That the demand be reduced by Re. 1.

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Deputy Speaker : Question is —

That the demand be reduced by Re. 1.

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Deputy Speaker : Question is —

That the demand be reduced by Rs. 100.

The motion was lost.

Mr. Deputy Speaker : Question is —

That the demand be reduced by Rs. 100.

The motion was lost.

Mr. Deputy Speaker : Question is —

That the demand be reduced by Rs. 100.

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Deputy Speaker : Question is —

That a sum not exceeding Rs. 4,70,64,200 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1959-60 in respect of charges under head 68—Construction of Irrigation, Navigation, Embankment and Drainage Works.

The motion was carried.

(*The Sabha then adjourned till* 2 *p.m. on Wednesday, the* 18*th March,* 1959.)

5977 P.V.S.—350—21-11-59—C.P., & S., Pb., Chandigarh.

Punjab Vidhan Sabha Debates

18th March, 1959

VOL. I—No. 20

OFFICIAL REPORT

CONTENTS

Wednesday, 18*th March*, 1959

P.T.O.

CHANDIGARH:
Printed by the Controller of Printing and Stationery, Punjab
1959

Price : Rs. 4.35 N P.

ERRATA

PUNJAB VIDHAN SABHA DEBATE, VOL. I, NO. 20

DATED THE 18TH MARCH, 1959.

Read	*for*	*on page*	*line*
lobby	lobbi	(20)4	10
special	specia	(20)6	16th from below
power	powers	(20)36	first
unculturable	unculunrable	(20)45	21
add 'District' after the word 'each'		(20)45	19
their	there	(20)47	last but one
of	if	(20)48	17
Karnal	Karna	(20)62	6
Total	Toal	(20)66	last
of	o	(20)67	last
officer	ofiicer	(20)68	3rd
हिन्दुस्तान	हिन्दुतान	(20)84	5th from below
नहीं	नह	(20)97	11th from below

PUNJAB VIDHAN SABHA

Wednesday, 18th March, 1959

The Vidhan Sabha met in the Assembly Hall, Sector 10, *Chandigarh Capital, at* 2.00 *p.m. of the Clock. Mr. Speaker* (*Sardar Gurdial Singh Dhillon*) *in the Chair.*

मैं, जनाब, अमृतसर की मिसाल देना चाहता हूं जिसको, स्पीकर साहिब, आप भी अच्छी तरह से जानते हैं। जहां तक Administration of Justice के head का ताल्लुक है, उसके लिए 1 लाख 69 हज़ार रुपया रखा गया है। जिसमें से मजिस्ट्रेटों की रिहायश के लिए और वह भी सारे प्रांत के मजिस्ट्रेटों के लिए सिर्फ 5 हज़ार रुपया रखा गया है। इसमें तामीर भी शामिल है। अमृतसर का निवासी होने के नाते मुझे मालूम है कि वहां पर इस दृष्टि से लोगों के सामने कितनी मुश्किल है। वहां पर अफसर डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन के लिए मकानों की requisition करते रहते हैं और उसका कारण यही है कि सरकार इस तरफ ध्यान नहीं देती, District Headquarters पर रिहायश का कोई प्रावीज़न नहीं करती। इसका नतीजा यह होता है कि अफसरान मकान मालिकों से दरखास्तें करते फिरते हैं और जब उनकी मेहरबानी से उन्हें मकान मिलते हैं तो उसका क्या नतीजा होता है? वह यह कि हो सकता है उन्हें administration चलाते वक्त उन मकान मालिकों से influenced होना पड़ता है। यह बात हमें इस दृष्टि से देखने को मिलेगी अगर इस तरह की बात न हो तो फिर सरकार के पास दूसरा requisition का जो डण्डा है वह इस्तेमाल किया जाता है। Requisition के अन्दर ऐसे ऐसे cases हमारे notice में आए हैं जिन को अगर बयान किया जाए तो आप को सुन कर ज़रूर दुःख होगा। स्पीकर साहिब, मैं थोड़ा सा इस demand की discussion के scope से इस लिए बाहिर जा रहा हूं ताकि Government District headquarters में अफसरों के रहने के लिए मकानात बनाए। इस बात की मैं आप से मुआफी चाहता हूं। अमृतसर में जो मकानात को requisition करने वाले A.D.M. साहिब हैं मेरी उन के साथ इस सम्बन्ध में कई बार बातचीत हुई है। वह कहते हैं कि हम क्या करें हमारे पास इस के सिवा और कोई चारा नहीं है। क्योंकि सरकार के अपने बनाए हुए houses नहीं हैं जहां पर officers रह सकें। स्पीकर साहिब, कई बार ऐसे लोगों के मकानों को requisition कर लिया जाता है जिन के पास वही एक मकान होता है। उस मकान को Government requisition कर लेती है और वह बेचारे किसी दूसरे के मकान में रहते हैं। इसलिए मैं निवेदन करूंगा कि हमारी सरकार को जरूर इस बात की तरफ ध्यान देना चाहिए और officers की रिहायश के लिए अपने मकान बनाने चाहिए। हम ने यहां तक देखा है कि Amritsar में बहुत से offices भी कोठियों में बने हुए हैं। Amritsar में District Industries Office जो है वह एक कोठी में है। इसी तरह Civil Supplies का office भी वहां पर कोठी में housed है। यह जो चीज़ें हैं इन से सरकार का वकार कम होता है। जो officers हैं उन को residence के लिए भी ऐसी ही तकलीफ हैं। इस लिए, मैं निवेदन करूंगा कि सरकार को इस ओर ज़रूर जल्दी ध्यान देने की कोशिश करनी चाहिए।

[श्री बलराम दास टण्डन]

इस के बाद दूसरी बात मैं Jails और convicts के बारे में कहना चाहता हूं। स्पीकर साहिब, jails और convicts की settlement के लिए हमारी सरकार ने एक लाख 30 हज़ार रुपए का provision रखा है। स्पीकर साहिब, इस सरकार की मेहरबानी के कारण आज़ादी मिलने के बाद मुझे कई बार Jail में जाने का मौका मिला है। कैरों साहिब की हमारे ऊपर दया रहती है और हम उन के मेहमान बने रहते हैं। वहां पर रिहायश के प्रवन्ध को देख कर पता लगता है कि सरकार इस सम्बन्ध में बहुत लापरवाही से काम ले रही है।

Chaudhri Suraj Mal : Have you seen the new Jail?

श्री बलराम दास टंडन : चौधरी साहिब, हमें तो सब जेलों का पता है और जिन को नहीं देखा वह भी देख लेंगे। लेकिन आप को इन के बारे में क्या पता हो सकता है। जब अंग्रेज़ों का राज था तो आप उन के साथ थे और अब Congress Government है तो उनके साथ हो गए हैं। खैर, इस बात में ज्यादा न जाते हुए मैं अपने point पर आता हूं।

स्पीकर साहिब, वहां पर बहुत insanitation है और 10'x10' के छोटे छोटे कमरों के अन्दर 15. 15 या 20, 20 आदमी रखे जाते हैं। इस बात की तरफ सरकार को ध्यान देना चाहिए और sanitation वगैरह का खास खयाल रखना चाहिए। इसलिए मैं समझता हूं कि यह जो इस काम के लिए रुपया रखा गया है बहुत थोड़ा है। इस के इलावा जेलों में जो खुराक दी जाती है वह अंग्रेज़ों के ज़माने से भी खराब है। इन दोनों बातों की तरफ सरकार को ध्यान देना चाहिए।

इस के बाद अब मैं Education and Medical के लिए जो रक्म इस budget में earmark की गई है उस के बारे में कुछ कहना चाहता हूं। यह रक्म भी बहुत थोड़ी है। यह दोनो महकमे ऐसे हैं जिन पर देश की तरक्की का इनहसार है। आज हम देख रहे हैं कि हमारे सूबे में हस्पतालों की बहुत कमी है। दूसरे मुलकों के अंदर यहां तक हालात पहुंच गए हैं कि उन्होंने हरेक सौ आदमी के पीछे एक bed provide किया हुआ है और वह दिन बदिन इस से भी आगे जा रहे हैं ताकि किसी भी मरीज़ को मायूस होकर घर न लौटना पड़े। लेकिन यहां पर हमारी सरकार इस बात की तरफ ध्यान नहीं दे रही है। यहां पर हम ने देखा है जिन मरीज़ों की हालत खराब होती है उन को छः-छः महीनों का time दे कर टालने की कोशिश की जाती है। इस का कारण यह है कि hospitals कम हैं और अगर किसी जगह पर hospital भी हो तो beds कम होते हैं। इस लिए मैं समझता हूं कि यह जो provision किया गया है यह बहुत कम है इसे बढ़ाना चाहिए ताकि लोगों का भला हो सके।

अब मैं Education पर आता हूं। यह बात ठीक है कि Government ने District Boards को स्कूलों को provincialize किया है। लेकिन इस के साथ ही हम यह भी देख रहे हैं जो नए सरकारी schools खोलने का provision था वह बहुत कम हो गया है। सरकार पहले जिस रफतार से स्कूल खोलने की तरफ ध्यान देती थी उस तरह के हालात आज हमारे सामने नहीं हैं। नए schools खोलने तो एक तरफ रहे हमने तो यहां तक देखा है कि Amritsar में जो स्कूल municipal Committee ने

Government को दिए उनकी छतें चोती हैं और buildings खराब हो रही है। कई जगह तो बिजली और पानी के connections भी काट दिए गए क्योंकि उन के bills की payment नहीं की जाती। मेरा कहने का मतलब यह है कि सरकार उन स्कूलों को look after करने के लिए एक पैसा भी खर्च नहीं कर रही इसलिए उन की हालत खराब हो रही है और उस से वहां पर पढ़ने वाले बच्चों को कई तरह की तकलीफों कासामना करना पड़ता है। यह उन स्कूलों की हालत है जो सरकार ने अभी लिए हैं। दूसरी बात यह है कि education को ज्यादा बढ़ाने के लिए जहां तक नए schools खोलने का सवाल है वह नहीं खोले जा रहे हैं और न ही इस budget में इसके लिए कोई खास provision रखा गया है इस लिए मैं निवेदन करूंगा कि सरकार को नए school और नई buildings बनाने की तरफ ध्यान देना चाहिए। Education एक ऐसी चीज़ है जिस से हम तरक्की कर सकते हैं। आज स्कूल buildings की इतनी तंगी है कि एक एक कमरे में तमाम बच्चे भेड़ों की तरह बैठाए जाते हैं। स्पीकर साहिब, अगर हमारी सरकार ने पंजाब को आगे बढ़ाना है, इसका तरक्की का जो मयार दूसरे सूबों और मुल्कों में गिना जाता है उस को बरकरार रखना है तो फिर इन सब बातों की तरफ इन्हें ध्यान देना पड़ेगा जोकि मैं निवेदन कर चुका हूं। यहां पर नए स्कूल और नए हस्पताल बनाने की तरफ खास ध्यान देना चाहिए।

स्पीकर साहिब, Veterinary Hospitals के लिए हमारी सरकार ने 50 हज़ार रुपए की provision की है। यह hospitals, agriculture की back-bone होती है। लेकिन इस के लिए बहुत कम रुपए रखे गए हैं। Veterinary hospitals की तरफ बहुत कम ध्यान दिया जाता है। Amritsar में मुझे दो तीन veterinary hospitals देखने का मौका मिला है जोकि properly housed नहीं हैं। कई जगह से तो ऐसी शिकायतें आई हैं कि hospital में पूरी facilities न होने की वजह से Doctor मवेशियों का इलाज न कर सका और इस वजह से बहुत से cattle मौत का शिकार बन गए हैं। इस लिए मैं निवेदन करूंगा कि veterinary hospitals को हर लिहाज से मुकम्मल बनाना चाहिए क्योंकि इस का agriculture के साथ बहुत सम्बन्ध है। अगर हम agriculture में तरक्की करना चाहते हैं तो सब से पहले हमे veterinary system को अच्छा करने की कोशिश करनी चाहिए।

स्पीकर साहिब, मैं एक दो बातें roads के बारे में भी कहना चाहता हूं। इस में शक नहीं है कि पिछले कुछ सालों के अन्दर सड़कें बनी हैं। लेकिन कुछ सड़कें जो हमारे सामने बनी हैं उनकी हालत बताने में और जो उनकी maintenance की हालत है उसे बताने में मुझे बहुत दुःख होता है। कई एक सड़कें तो बड़ी haste में और rush में बनाई गईं क्योंकि यह मिनिस्टर साहिबान उन में interested थे। जिस किसी सड़क में किसी मिनिस्टर का interest है उसे ही बनाने की कोशिश की जाती है और उसे बनाने के लिए एक दौड़ सी लग जाती है किसी तरह से जल्दी बना कर उसको खुश किया जाए। लेकिन यह कोई नहीं देखता कि इस में material कैसा लगाया जा रहा है और कैसा लगाया जाना चाहिए सिवाए इसके कि एक दौड़ लग जाती और जो व्यक्ति वहां खड़े हैं S.D.O. Overseer वगैरह

[श्री बलराम दास टंडन]

वह पैसे बनाने की तरफ ध्यान देते हैं और ठेकेदार अपने हाथ रंगने की कोशिश करते हैं। इसके साथ साथ मिनिस्टर साहिब को जिन्होंने सड़क बनाने के लिए कहा, उसे rush through करके खुश कर देते हैं। वह सड़कें इस तरीके की बनाते हैं कि एक बार मिनिस्टर साहिब की कार उसके ऊपर से गुज़र जाए फिर जो हो सो हो। होता भी यही है कि जब उनकी कार गुज़र जाती है तो पीछे से सड़क भी गुज़र जाती है। मैं आपको एक मिसाल देता हूं। तरनतारन से पट्टी तक एक सड़क बनाई गई है और कैरों गांव से वहां पहुंचने के लिए बनाई गई है क्योंकि हमारे चीफ मिनिस्टर साहिब के किसी नज़दीकी रिश्तेदार के शादी थी और उनकी कार वहां से गुज़रनी थी। उस सड़क को बनाने के लिए इतनी दौड़ हुई और इतनी जल्दी में वह सड़क और सारे culverts वगैरा बनाए गए और इतना घटिया material लगा कर वह सड़क इतने अजीब तरीके से खड़ी की गई कि उनकी कार तो गुज़र गई लेकिन चंद दिनों के बाद वह सारी सड़क टूट गई। चूंकि वह पहिले से ठीक नहीं बनी थी और जल्दी में बनाई गई थी इसलिए अब उसकी maintenance पर इतना heavy खर्च होता है कि कोई ठिकाना नहीं। वह इतने rush के अन्दर बनाई गई है और शादी की वजह से इतने थोड़े समय के अन्दर बनाई गई कि किसी ने नहीं देखा कि इसमें material कैसा लग रहा है और तमाम की तमाम पिल्ली ईंटें लगाई गई हैं। इस तरह से चंद लोगों ने अपनी जेबें भरने की कोशिश की, और चीफ मिनिस्टर को खुश करने की कोशिश की गई ताकि उनकी कार उस समय के अन्दर वहां से गुज़र सके और वह बरात में शामिल हो सकें। स्पीकर साहिब, जो बड़ी २ सड़कें हैं उनकी तरफ भी ध्यान देने की ज़रूरत है और इनको ध्यान देना चाहिए क्योंकि उनकी maintenance ठीक तरीके से न होने के कारण वह भी बरबाद हो रही हैं। कुछ दौड़ तो ज़रूर सरकार चला रही है कि हम एक साल में कितनी mileage complete करते हैं लेकिन mileage दिखाने के लिए एक अंधा धुंध दौड़ और लगती है कि बनाओ, बनाओ परन्तु जो defects रह जाते हैं उनकी तरफ इस rush में कोई ध्यान नहीं देता। यह दौड़ भी वहां लगती है जहां कोई minister interested हो और उसकी कार गुज़रनी हो। लेकिन जहां उनकी ज़रूरत है वहां का कोई ख्याल नहीं रखा जाता। इस rush में इन बातों को कोई नहीं देखता कि कोई सड़क किस quality की बन रही और कहां उसकी ज्यादा ज़रूरत है। तो मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि ये defects इनकी आंखों से बिल्कुल ओझल हो रहे हैं और इनकी तरफ ध्यान देने की ज़रूरत है। मैं गुज़ारिश करना चाहता हूं कि यह इन बातों को देखें कि कहां इनकी ज़रूरत है और कहां इन को बनाने में priority देनी है। इस priority का यह मतलब नहीं होना चाहिए कि किस सड़क में मिनिस्टर साहिबान interested हैं या उनके चन्द साथी interested हैं। मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि इस मामले में उनकी अपनी constituency को benefit करने की और अपने साथियों की constituencies को ही benefit करने की कोशिश न करके जहां ज़रूरत हो वहां इनको बनाया जाए। अगर आप इस तरह करके पंजाब की administration को ठीक नहीं करते और सरकार चलाने का जो तरीका है उसको ठीक करने की कोशिश नहीं करते तो इस का असर बहुत बुरा होगा और भयंकर परिणाम निकलेंगे। सही तरीका यह है कि इनकी आवश्यकता कहां है और इस मामले में जनता की आवश्यकता देखी जानी चाहिए न कि मिनिस्टरों की और उनके साथियों की। जब समय

समय पर यहां सवाल आए हैं तो आप भी कह देते हैं कि ज़्यादा न पूछा जाए और मिनिस्टर साहिब की इच्छा भी यही रहती है कि न पूछे जाएं और यह अपनी स्याह चलाएं या सफैद चलाएं; जो हो उन के मुताबिक हो। यह मदाखलत है और यहां भी एक तरह से Non-co-operative attitude है जैसा कि उनके जवाबों के अन्दर बताया गया है। हम इस के सिवा और कुछ नहीं समझते। तो मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि वह इन बातों की तरफ ध्यान दें और देखें कि कहां जनता की आवश्यकता है जिस तरह कि कांगड़ा का ज़िला है वहां सड़कों की आवश्यकता है। वहां सिवाए एक बड़ी सड़क के जो पठानकोट से कुल्लू जाती है बाकी कोई बड़ी सड़क नहीं है। और जो हैं वह छोटी २ हैं। वह इतना productive ज़िला है कि जहां से पंजाब के एक बड़े हिस्से को बिजली मिल रही है और अब गैस और तेल भी मिलेगा जो एक बड़ी भारी नेमत होगी जिससे सारे हिन्दुस्तान को फायदा होगा। (घंटी) सिर्फ दो मिनट और दें? लेकिन इस के बावजूद उस ज़िला की तरफ ध्यान नहीं दिया जाता। मिनिस्टर साहिबान जिन इलाकों में interested होते हैं चाहे education की बात है चाहे roads and buildings का सवाल हो या कोई और भी फायदे की चीज़ हो वह सारी की सारी facilities उन्हीं इलाकों को मिलती है और उन पर ही उनकी निगाह पड़ती है। आखिर में मैं यही कहना चाहता हूं कि जो आवश्यक बातें मैं ने बताई हैं उनकी तरफ ध्यान दिया जाए जैसा कि मैंने बताया है कि यह जो Judges, Magistrates और दूसरे बड़े २ अफसरान को वहां जाकर लोगों से अपने रहने के लिए मकानों की भीख मांगनी पड़ती है इस बुराई को खत्म किया जाए और यह requisition की बात खत्म होनी चाहिए। अगर सरकार चण्डीगढ़ में एक छोटे से छोटे मुलाज़िम से लेकर बड़े से बड़े तक करोड़ों रुपए खर्च करके मकान दे सकती है तो हमारे बड़े बड़े अफसरान District Headquarters में जाकर मकानों की भीख मांगे और टक्करें मारें तो यह शोभा की बात नहीं है। अगर हम चाहते हैं कि वह बगैर किसी के influence से काम करें और पूरा justice दें तो पहिले उनको मकान दें। इस के अलावा जो दूसरी बातें education, medical and veterinary के बारे में मैंने कहीं हैं उनकी तरफ भी ध्यान दें और सड़कें जहां ज़रूरत हो वहां बनाएं ताकि जनता को सुविधाएं मिलें। तब ही आपकी यह demand justify हो सकेगी; वरना नहीं।

श्री श्री कृष्ण शास्त्री वैद्य (सफीदों): स्पीकर साहिब, इसमें सन्देह नहीं कि पंजाब प्रदेश में सड़कों का निर्माण काफी से ज़्यादा हुआ है और लोगों को इन के बनने के कारण लाभ भी काफी हुआ है। स्पीकर साहिब, सोने की बारिश तो हुई थी लेकिन बुढ़िया बिचारी वहां ही बैठी रही; उसे कुछ न मिला। अब पता लगा कि सिरसा के अन्दर सोने की बारिश हुई है तो बुढ़िया बिचारी रह गई और जब उस को कहा कि सोने की बारिश हुई तो उस बेचारी ने फिर कहा कि हमारे हां तो हुई नहीं; औरों के हुई होगी। बिल्कुल यही हालत मेरे इलाके की है। जब चारों तरफ देखते हैं तो सड़कें ही सड़कें दिखती हैं। कोई 20 मील निकल जाती है कोई दस मील और 5 मील उधर से निकल जाती लेकिन मेरे इलाके को कोई नहीं छूती। वह एक ऐसा इलाका है जहां चारों तरफ से पानी लगता है और जिसके कारण यातायात में बहुत असुविधाएं हैं। वहां सड़कें न होने की वजह से व्यापार ठप हो चुका है क्योंकि बाहर से गाड़ियां वहां आ नहीं सकतीं इसलिए ज़मींदार लोग अपनी जिनस दूसरी मंडियों में ले जाते हैं और हमारी

[श्री श्री कृष्ण शास्त्री]

उस मंडी का सारा व्यापार खत्म हो गया है। वहां हमारी सफीदों की जो मंडी है वह इतनी बड़ी है कि सारे पंजाब में उससे बड़ी मंडी नहीं जहां कि 400 जोड़ दुकानों के हैं। वहां एक सड़क पानीपत सफीदों असांध होकर जींद गई है। उस सड़क की हालत ऐसी है कि वह पांच साल से बन रही है और पांच साल में तीन बार उस पर मिट्टी डाली गई है। जोकि हर बरसात में बह जाती है। वहां ठेकेदार इस तरह का लगाया गया जिस का XEN के साथ मेल था। उनको गलत ठेके दे कर मिट्टी डलवाई गई। किसी का rate कुछ है, किसी का rate कुछ है और वे सब रोते फिरते हैं। न किसी को payment मिली है और न काम ही मुकम्मल हुआ है। वहां ऐसा हुआ है कि रोड़ी डालने का जो agreement था वह चार इंच या 6 इंच का था लेकिन वहां सिर्फ 2 इंच डाली गई है। वह सड़क आगे से बनती है और पीछे से उखड़ जाती है। जब मैं परसों गया था तो उसे देख कर आया हूं कि उसकी क्या हालत हो रही है। वह सड़क अभी बनी नहीं लेकिन पुलियां वगैरह पहिले ही टूट गई हैं। वहां एक Overseer बैठा रहता है। पांच सात मजदूर उस के पास बैठे रहते हैं और वक्त काटते रहते हैं। हमारे चौधरी सूरज मल ने मलहोतरा साहिब को तो बदल दिया है और अब दूसरा S.E. वहां गया है। हमारे चारों तरफ से जो सड़कें लगने वाली हैं वह इतनी बरबाद हैं कि न उनका काम बनता है, न चलती हैं और न ही उनके बारे कोई शुनवाई होती है। यह सड़कें न होने के कारण हमारा शहर बरबाद हो गया है। जुलाना सफीदों से 35 मील पर है लेकिन वहां कोई सड़क नहीं।

सफीदों और जींद में 26 मील की सड़क है, सफीदों और पानीपत में 20 मील है उसमें से तीन मील का टुकड़ा पड़ा हुआ है। इन सड़कों के न होने के की वजह से लोगों को बहुत ज़्यादा दिक्कत होती है। जींद सब-डिवीज़न में सिर्फ एक गाड़ी जाती है। और अगले दिन वही वापस आती है। अगर बदकिस्मती से वह गाड़ी निकल जाय तो लोग पेशी से ग़ैरहाज़िर हो जाते हैं। इसलिए इन सड़कों का बनाना निहायत ज़रूरी है। एक सड़क गोहाना से सफीदों मंज़ूर हुई है वह पिछले साल के बजट में थी लेकिन अब के साल वह भी नहीं रही और इसमें सात मील का टुकड़ा है जहां पानी भरा रहता है।

चौधरी लहरी सिंह : कोई रिश्तेदारी कर लो।

श्री श्री कृष्ण शास्त्री : चौधरी साहिब, हमारे यहां रिश्तेदारी भी है लेकिन फिर भी ख्याल नहीं होता। आए साल कहा जाता है कि ये सड़कें बनाएंगे लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जाता। बगैर सड़कों के वहां का वातावरण बिल्कुल खराब होता जा रहा है। स्पीकर साहिब, कल यहां पर एक ठेकेदार रोता हुआ आया था उसने ईंटों का ठेका लिया। उसने मिट्टी डाल दी है लेकिन उसे अभी तक payment नहीं मिली। उसने एक और बात बताई कि ईंटें पकाने के लिए और ठेकेदारों को तो एक कोटा दिया गया लेकिन उसे दो कोटे दिए और इस तरह जबरन पैसे काट दिए गए। इस लिए वह कल रोता हुआ आया। अगर ठेकेदारों के साथ इस तरह का सलूक किया गया तो कैसे काम चल सकेगा ? उस ने inquiry की दरखास्त भी दी है। हमारे चीफ इंजीनियर शर्मा साहिब यहां बैठे हैं मेरा ख्याल है वह इस बात का ध्यान रखेंगे।

अन्त में मैं एक बार फिर request करूंगा कि जुलाना से सफीदों, सफीदों ते जींद और सफीदों-गोहाना की पक्की सड़कें बनाई जाएं और इस बैकवर्ड इलाका की तरफ ध्यान देना चाहिए।

श्री अमर नाथ शर्मा : (कांगड़ा) : स्पीकर साहिब, मैं कुछ ज्यादा अर्ज़ नहीं करना चाहता। मैं आप के द्वारा यह कहना चाहता हूं कि पंजाब सरकार सड़कों का काम तन दही के साथ कर रही है। जब मैं इन मैदानी इलाकों को देखता हूं तो यही ख्याल होता है कि गवर्नमेंट तनदही से काम कर रही है लेकिन कांगड़ा का प्रसंग आने पर कुछ दूसरे शब्द हे कहने पड़ते हैं। कांगड़ा पिछड़ा हुआ है। इनसानों के लिहाज से पिछड़ा नहीं कांगड़ा में सब से ज़्यादा बहादुर लोग रहते हैं जोकि hospitable हैं। बहादुर का लफ़ज़ मैं ने इसलिए कहा कि उन की फौज में काफी ज़्यादा भरती है लेकिन उन ग़रीब इनसानों को दस मील, 20 मील, 30 मील बिस्तरे उठाकर जाना पड़ता है और जब उन्हें नौकरी से घर जाना होता है तो उन्हें बहुत ज़्यादा मुश्किल का सामना करना पड़ता है। पिछले साल हमें खुशी हुई जब सरकार ने एक किताब छाप कर सदन में बांटी जिस में बड़े ज़ोर से कहा गया था कि कांगड़ा ज़िला के लिए चालीस लाख रुपया सड़कें बनाने के लिए दिया जाएगा। यही नहीं हमारे ज़िला के डिप्टी मिनिस्टर साहिब भी कांगड़ा तशरीफ ले गए उन्होंने बड़े ज़ोर से कहा कि चालीस लाख रुपया कांगड़ा को मिल गया है। पंजाब सरकार ने मेहरबानी की है लेकिन मुझे हैरानी हुई कि उस चालीस लाख में से हमें सिर्फ दो लाख रुपया नसीब हुआ। वह भी पांच स्कीमों के लिए—कहीं तीन मील, कहीं चार मील सड़कें बनाने के लिए, । स्पीकर साहिब, हमारे इलाके में मुख्य मन्त्री साहिब भी तशरीफ ले गए थे और उन्हें वहां की सड़कों का इल्म है। चौधरी सूरज मल जी जब Co-operative Minister थे तो उन्होंने एक कान्फ्रेन्स के सिलसिला में वहां आना था लेकिन बदबख्ती से बारिश हो गई। अगर वह जाते तो वहां देखते कि एक तरफ दरिया बहता है और दूसरी तरफ खड्ड है। लेकिन चौधरी सूरज मल की जीप वहां नहीं जा सकी और वह होशियारपुर में ही रुक गए। हमें ख्याल था कि वह वहां आएंगे तो उन को कांगड़ा के लोगों की मुश्किलों का पता चलेगा। स्पीकर साहिब, चंगड़, बडगरां और नौरा की तीन ज़ैलें इस स्कीम में नज़र नहीं आ रहीं। वहां से तेल और गैस लाने की कोशिश की जा रही है लेकिन वहां पर यातायात का कोई प्रबन्ध नहीं किया जाता। स्पीकर साहिब, मैं यकीन के साथ कह सकता हूं कि कांगड़ा का इलाका एक ऐसा मालदार इलाका बन जाएगा और कांगड़ा के लोग इस सरकार के लिए ऐसे वफादार साथी साबत होंगे जिन का मुकाबला नहीं हो सकता। मैं ज्यादा वक्त न लेता हुआ आप के द्वारा सरकार से यह अर्ज़ करूंगा कि इन पिछड़ी हुई तीन ज़ैलों में जहां कि खुशकिस्मती से चीफ पार्लियामेंट्री सेक्रेटरी भी हो आए हैं, मुख्य मन्त्री साहिब और पंडित मोहन लाल जी भी देख आए हैं सड़कों की कोई तरक्की नहीं हो सकी। इस लिए मैं आप के द्वारा पब्लिक वर्क्स मिनिस्टर से दरखास्त करूंगा कि रानी ताल से सरौत्री और दौलत पुर से सरौत्री तक सड़कें बनाई जाएं और बालारूपी और नागनी के पुल बनाने का पूरा यत्न किया जाए। इस से कांगड़ा के साथ सरकार ने जो वायदा किया है वह भी पूरा हो जाएगा।

चौधरी धर्म सिंह राठी (सम्भालका) : स्पीकर साहिब, किसी इलाके की तरक्की या पसमांदगी का दारोमदार ज़्यादातर roads और means of communications पर होता है। जहां तक हरियाने का ताल्लुक है, यह roads के मामले में बहुत पीछे है। बेशक एक वज़ीर Cabinet में हरियाने का है लेकिन जहां तक सड़कों का ताल्लुक है इसे इन का बहुत कम हिस्सा मिला है। अगर करनाल को शामिल कर लिया जाये तो इसे कुछ भी नहीं मिला। स्पीकर साहिब, इस department को judge करने के दो

[चौधरी धर्म सिंह राठी]

तरीक हैं। एक तो यह कि आया इस department ने सड़कों के बारे में नई स्कीमें merits पर बनाई हैं और दूसरे यह कि इस महकमे में corruption या बददियानती तो नहीं। जहां तक सड़कों के merits के basis पर बनाये जाने का सवाल है, पहले सड़कें दूर दूर इलाकों या पसमांदा इलाकों में बनाई जानी चाहिएं। लेकिन पोज़ीशन अब यह है कि जिस ज़िले का मिनिस्टर होता है वह अपने ज़िले का खास तौर पर ख्याल रखता है। जहां तक सड़कों के बारे में नई स्कीम का ताल्लुक है करनाल को एक नई सड़क भी नहीं दी। नई स्कीम के मातहत गुड़गांव को सड़कें दी गई हैं, हिसार को दी गई है क्योंकि P. W. D. Minister पहले गुड़-गांव के थे। इसलिए मैं डिप्टी मिनिस्टर साहिब से अर्ज़ करूंगा कि वह यह भी देखने की तकलीफ गवारा किया करें कि करनाल को भी मिली है या कि नहीं। मैं पिछले तीन साल से देख रहा हूं कि Karsa-Dhanda Road, Rajaund-Pewa Road, Patiala Road, Panipat-Sufedon Road वगैरह २ अभी तक नहीं बनीं। इन सड़कों में एक मील की बढ़ौत्री नहीं होती और न ही इन के बनाने के लिए बजट में provision किया गया है। इस से साफ जाहिर है कि गवर्नमैंट करनाल ज़िले के साथ सौतेली मां का सलूक कर रही है। मेरा इलाका ऐसा है कि जींद तक 60 मील में कोई सड़क नहीं। खास तौर पर मैं देख रहा हूं कि जिस इलाके से Opposition के मैम्बर ताल्लुक रखते हैं उन्हें गवर्नमैंट जान बूझ कर neglect कर रही है। जैतो के इलाके में कोई सड़क नहीं, हमीरपुर के इलाके में कोई नहीं और न ही रजौंद के इलाके में किसी नई सड़क का प्रबन्ध किया गया है। मैं अपने हलके के मुतअल्लिक कह सकता हूं कि वहां के लोगों ने महीना डेढ़ महीना मेहनत कर के सड़क पर मिट्टी डाली लेकिन आज तक वह सड़क नहीं बनी हालांकि Development Commissioner ने यकीन दिलाया था कि वह सड़क ज़रूर बना दी जायेगी। हमारे चाचा जी मेरे हलके के मुतअल्लिक बिल्कुल ख्याल नहीं रखते। उन्हें अपने गांव के अलावा किसी का कोई ख्याल नहीं। मैं उन से दरखास्त करूंगा कि वह कम से कम करनाल ज़िले का तो ध्यान रखें। वहां के देहाती लोग मिट्टी डालने को तैयार हैं। इस मामले में उन्हें preference दी जानी चाहिए। जब तक राओ साहिब मिनिस्टर इनचार्ज थे उन्होंने कहा था कि जिस इलाके में लोग मिट्टी डालेंगे उसे preference देंगे लेकिन इस पर अमल नहीं हुआ। मेरे इलाके में मिट्टी डाली गई लेकिन फिर भी शुनवाई नहीं हुई। जहां तक Buildings और Roads का ताल्लुक है, लोग चिल्लाते हैं कि पुल बनाओ लेकिन महकमे में शुनवाई नहीं होती। जिस वक्त सड़कें टूटने लगती हैं तो फिर महकमे को ख्याल आता है। (घंटी की आवाज़) स्पीकर साहिब, मुझे दो मिनट और दीजिए। मैं एक दो बातों का जिक्र कर के बैठ जाऊंगा। आप गोहाना रोड पर गये होंगे। वह सड़क कई जगह पर टूटी हुई है लेकिन यह महकमा उस की मुरम्मत नहीं करवा रहा। न ही पुलों की तरफ ध्यान दिया जाता है।

इस के अलावा, स्पीकर साहिब, हमारी तरफ एक जमुना का पुल है जो पंजाब को U.P. के साथ connect करता है। इस सम्बन्ध में बहुत सी तजवीज़ें हो रही हैं लेकिन यह पुल नहीं बनता। सैंट्रल गवर्नमैंट agree कर चुकी है लेकिन पता नहीं कि इस के बनाने में क्या hitch है। मैं गवर्नमैंट से दरखास्त करूंगा कि इस की तरफ ध्यान दिया जाये।

फिर, स्पीकर साहिब, जहां तक Buildings का ताल्लुक है कचहरियों में litigant public के लिए साये में बैठने के लिए कोई shed नहीं जिस की वजह से उन लोगों को गर्मियों में बहुत तकलीफ का सामना करना पड़ता है। पानीपत में मैं ने देखा है कि Bar Association के लिए कोई कमरा नहीं हालांकि सरकार लाखों रुपये कोर्ट-फीस द्वारा पब्लिक मे वसूल करती है। पानीपत में Treasury में strong room नहीं बनाया गया जिस से लोगों को बहुत तकलीफ हो रही है और उन्हें पैसे State Bank से जाकर लेने पड़ते हैं। मैं यह तजवीज़ करना चाहता हूं कि इन दो तजवीज़ों की तरफ सरकार ध्यान दे। एक तो यह कि सरकारी बसों से जो मुनाफा होता है वह Government सड़कें बनाने पर लगाए। दूसरी तजवीज़ यह है कि पंजाब Government के पास जो passengers tax और goods tax आता है वह सड़कें बनाने पर लगाया जाए।

4-00 p.m.

इन अलफाज़ के साथ मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं और वज़ीर साहिब से दरखास्त करता हूं कि वह मेरी बातों की तरफ ध्यान दें।

श्री मोहन लाल : (पटौदी) :स्पीकर साहिब, जहां तक roads का ताल्लुक है Opposition के Member ने कहा है कि roads बड़ी तेज़ी से बनाई जा रहीं हैं और Government सिर्फ milage दिखाने की कोशिश कर रही है। इस से साबित है कि हमारी Ministry ने इन कई सालों में roads का एक लम्बा चौड़ा जाल बिछाया है। मेरा ज़िला सब से backward है और बहुत से departments की तरफ से वहां कोई तवज्जोह नहीं दी गई। लेकिन जहां तक P.W.D. का ताल्लुक है मैं वसूख के साथ कह सकता हूं कि इसकी तरफ से कोई कमी नहीं रखी गई। पहले हम जिन गांवों के अन्दर ऊंट पर चढ़ कर जाते थे और सवारी नहीं मिलती थी, वहां अब सड़कों पर फरलांग २ पर साइकलों की घंटियां सुनाई देती हैं और बड़ी तेज़ी से सड़कें कूटी जा रही हैं। जिस से अनुमान होता है कि वाकई स्वराज्य का कुछ हिस्सा मेरे ज़िला को भी मिल गया है। इसके अलावा मैं अर्ज़ करूंगा कि जहां तक maintenance का ताल्लुक है आप देखेंगे कि जहां पहले हरे भरे दरख्त नज़र आते थे वहां अब सूखे दरख्त खड़े नज़र आते हैं। उनकी देखभाल P.W.D. की तरफ से नहीं की जाती।

कई माननीय सदस्य : वह तो Forest Department का काम है। (*Interruptions*)

Mr. Speaker : Order, please.

श्री मोहन लाल : मैं अर्ज़ कर रहा था कि जहां तक सड़कों की maintenance का ताल्लुक है उस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। जहां तक मेरे हलका का ताल्लुक है उसके अंदर एक सड़क जोकि बड़ी ज़रूरी है बनाएं। मैं अपने वज़ीर साहिब से अर्ज़ करूंगा कि वह अब के Budget में भी नहीं है। पिछली दफा भी मैंने अर्ज़ किया था। नूह से तावड़ू तक इस वक्त 23 मील की दूरी पड़ती है। अगर सड़क बन जाए तो 23 मील की बजाए 7 मील का सफर रह जाता है। इस बात का ख्याल रखें।

तीसरी चीज़ जो देखने में आती है वह यह है कि P. W. D. corruption की वजह से बदनाम है। Civil Supplies और P. W. D. दो ही Departments

[श्री मोहन लाल]
इस बात के लिए बदनाम हैं । परसों एक ठेकेदार यहां आया। वह बता रहा था जिसका मुझे यकीन नहीं आया, कि cent per cent अफसराने महकमा 10 फीसदी रकम ऐसे वसूल करते हैं जैसे कि Sales Tax वसूल किया जाता है । ऐसे ही यह रक्म वसूल की जाती है, गो यह काबले तसलीम बात नहीं । अगर यह ऐसा है तो यह लानत है और इस लानत को खत्म करना चाहिए ।

इसके अलावा जहां तक buildings का ताल्लुक है इसमें कोई शक नहीं कि Government private लोगों से buildings किराए पर ले कर अपने दफतर खोल रही है जिस से कि partiality और favouritism हो रही है । हमारे ज़िले में Consolidation Department एक private building में है । इसी तरह से Civil Supplies Department private building में है । बहुत से अफसर भी private buildings में रहते हैं। जब किसी मकान का मुकद्दमा होता है तो उस के मुखालिफ़ को इनसाफ नहीं मिल सकता क्योंकि जिस building के अन्दर एक Magistrate रहता हो वह किसी न किसी को कह कर मुकद्दमें का फैसला अपने मालिक मकान के खिलाफ करवा देता है । इस ज़िला में Government buildings बननी चाहिएं । इन लफज़ों के साथ, स्पीकर साहिब, मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं ।

श्री अध्यक्ष : अब जितने साहिबान बोलने के लिए उठे हैं उस से कम मिनट रह गए हैं । (The number of minutes at my disposal now is less than the number of hon. Members who have risen to speak.)

श्रीमती सरला देवी शर्मा (हमीरपुर, 'जनरल') : स्पीकर साहिब, मैं आपका धन्यवाद करती हूं कि आपने मुझे कुछ समय buildings and roads की demand पर बोलने के लिए दिया । सब से पहले मैं यह कहना चाहती हूं—जैसा कि हमारे hon. Member पंडित अमर नाथ जी ने भी कहा—कि हमारी पंजाब Government बहुत ध्यान देती है कि वह अपनी State के अन्दर बहुत सी सड़कें और buildings वगैरह बनाए ताकि लोगों को कुछ सुविधाएं मिल सकें । लेकिन इसके साथ साथ जब मैं ने यह Budget देखा, पिछला भी देखा तो मुझे बहुत ही ज़्यादा दुःख हुआ । हमारा कांगड़ा ज़िला, जिसे हम पिछड़ा हुआ तो नहीं कह सकते, वह ज़िला इस लिहाज़ से बहुत आगे है कि हमेशा यही सोचता है कि हमारा सूबा ज्यादा से ज़्यादा तरक्की करे और हमारी जो मांगें हैं वह हम शांति के साथ मनवा सकें वैसे नहीं जैसा कि पंजाब के दूसरे ज़िलों में हो रहा है । बहरहाल मैं यह कहना चाहती हूँ कि ज़िला कांगड़ा के लिए जो रुपया सड़कों के लिए दिया गया है वह बहुत कम है । मैं खास तौर पर हमीरपुर तहसील के लिए बोलना चाहती हूं । स्पीकर साहिब, आपने देखा होगा कि हमीरपुर तहसील के लिए हमारा कोई भी officer या हमारे Buildings and Roads के वज़ीर साहिब यह नहीं सोचते कि बावजूद इस बात के कि वह sub-division है; उसके अन्दर एक इंच भर भी पक्की सड़क नहीं । हमने यह देखा है कि Budget में होशियारपुर से नदौन और मुबारकपुर के रास्ता हमीरपुर की सड़क पक्की करने के लिए एक लाख रुपया रखा गया है । इस से हमारा एक मील टोटा भी पक्का नहीं बनता

सिर्फ labour को तनखाह देने के लिए या किस काम के लिए यह एक लाख रुपया दिया गया है मुझे यह समझ नहीं आता । दूसरी बात यह है कि होशियारपुर से via ऊना हमीरपुर को एक सड़क आती है । मैं तो खुशकिस्मती समझती हूं कि हमारी तहसील में बड़ा भारी गोविन्दसागर बन रहा है जिस से जनता को पानी दिया जाएगा, बिजली निकाली जा रही है, ताकि कारखाने बनें और बेकारी दूर हो । लेकिन इसके साथ साथ अफसोस है कि सड़क के लिए दूसरा रास्ता अख्तियार करना पड़ा । Budget के अन्दर सड़क को पक्का करने के लिए कोई भी scheme नहीं बनी हुई । लोग इस सड़क के आस पास से उजड़ने वाले हैं । फौजी भाई जब छुट्टी आते हैं तो उन्हें कच्ची सड़क पर लारियों के खराब हो जाने से तीन-तीन चार-चार दिन रास्ते में लग जाते हैं । हमारी इस scheme के लिए Budget में एक लाख रुपया रखा गया है । पर पता नहीं यह कब मुकम्मल होगी । मैं यह समझती हूं कि हमारे साथ एक बड़ा भारी अन्याय किया जाता है । इतना फर्क है कि कोई अफसर वहां जाना नहीं चाहता । वहां पिछले 4 महीनों से कोई तहसीलदार नहीं । जिसकी वहां transfer होती है वही cancel करवा लेता है । वहां कुनाह खड्ड में पानी इतना चढ़ जाता है कि 4 महीनों के लिए आना जाना बन्द हो जाता है । मैं आपके ज़रिये अपने मिनिस्टर साहिब से प्रार्थना करती हूं कि उस Sub-Division की तरफ तवज्जह देनी चाहिये ताकि वहां पक्की सड़कें बन जाएं । स्पीकर साहिब, मुझे खुशी है कि इस budget में हमारी सड़कों के लिए 99 लाख रुपया रखा गया है । 241 मील लम्बी सड़क के लिए वहां 240 लाख रुपया चाहिए । (*Interruptions*)

एक माननीय सदस्य : मिनिस्टर साहिब तो यहां हैं नहीं; आप किस को सुना रही हैं ?

श्रीमती सरला देवी शर्मा : Deputy Minister साहिब तो बैठे हैं । स्पीकर साहिब, आप के ज़रिये मैं यह बात अपनी Government को बताना चाहती हूं कि इन्होंने 99 लाख रुपया हमारी सड़कों के लिए रखा है ।

241 मील लम्बी सड़क बनाने के लिए इन्होंने केवल 99 लाख रुपया रखा है । लेकिन मैं कहना चाहती हूं कि 241 मील लम्बी सड़क बनाने के लिये तो 240 लाख रुपये की आवश्यकता है । इस से कम रुपये में काम नहीं चलेगा । एक और सड़क है जो कि सुजानपुर से जंगल बेरी तक जाती है । उस के बारे में लिखा गया है कि—

> "At present, Sujanpur Jungle-Beri Road in Kangra District is just a foot-path. At places it is only 1′ wide and part of it goes along River Beas. As it is extremely dangerous for traffic, it is proposed to widen and improve the portion from Sujanpur to Banera at a cost of Rs. 1,44,520".

पिछली दफा भी पच्चास हज़ार रुपया उस सड़क के लिए रखा गया था लेकिन एक पैसा भी खर्च नहीं किया गया । अब केवल 75 हज़ार रुपया रखा गया है जिस में से एक तिहाई तो लोगों को देने में ही खर्च हो जाएगा । वहां हर साल बरसात के मौसम में गिर कर चार पांच मौतें हो जाती हैं । रास्ता बहुत तंग है । मुझे अफसोस तो इस बात का है कि हर साल रुपया इस काम के लिए रखा जाता है लेकिन वह खर्च नहीं किया जाता और वह सारे का सारा lapse हो जाता है । इस तरह से जनता को फायदा

[श्रीमती सरला देवी शर्मा]

नहीं पहुंचता। मुझे खुशी है कि हमारे मुख्य मन्त्री महोदय केन्द्रीय सरकार की Planning committee के साथ बातचीत कर रहे हैं। जिस तरह से हिमाचल प्रदेश को सहायता के तौर पर रुपया दिया जाता है इसी तरह से कांगड़ा को भी नौ करोड़ रुपया दिया जा रहा है। मैं उन से यह प्रार्थना करती हूं कि वे इस सम्बन्ध में जल्दी ही correspondence कर के रुपया मंजूर करवाएं। जब रुपया मंजूर हो जाए तो एक Special Committee बना देनी चाहिए ताकि वह रुपया सभी तहसीलों में खर्च किया जाए और हमारी तहसील भी फायदा उठा सके। कच्ची सड़कें होने के कारण लोगों को economically नुकसान होता है। उन को हमीरपुर तक एक मन का भाड़ा 1-12-0 देना पड़ता है। इस से चीज़ें महंगी हो जाती हैं। लोग पहले ही बहुत गरीब हैं। कच्ची सड़कें होने से उन्हें और भी बहुत तकलीफ होती है। (घंटी की आवाज़) स्पीकर साहिब, मैं ने figures तो बहुत निकाली थीं लेकिन चूंकि आप बैठने के लिए कह रहे हैं इसलिए मैं अंत में इतना ही कह कर बैठ जाती हूं कि जो सड़क headquarters के साथ हो वह तो पक्की होनी चाहिए ताकि लोगों की तकलीफ दूर हो।

कामरेड हुकम सिंह (राए) : स्पीकर साहिब, मुझे आज भी यह कहते हुए संकोच नहीं होता कि हमारे सूबे के अन्दर सड़कों का जो काम हुआ है वह बिलकुल न होने के बराबर ही हुआ है। हमें यह देखना है कि जो काम इस सिलसिले में हुआ है वह आबादी की ज़रूरयात को पूरा करता है या कि नहीं, आबादी की proportion के हिसाब से हुआ है कि नहीं। जितने भी hon. Members मुझ से पहले बोले हैं उन सब ने अपने २ हलके की इतनी २ भारी कमियां हाउस के सामने रखी हैं कि अगर मौके पर जा कर देखा जाए तो शायद उतनी कमियां मौजूद न हों। हकीकत यह है कि जिस तरीके से हम ने काम किया है उस से हम सूबे की सारी आबादी की पांच फीसदी ज़रूरयात को भी पूरा नहीं कर सके। इस लिए यह काम जो हम ने किया है इस को कोई बहुत भारी development नहीं समझना चाहिए। हमारा काम करने का यह तरीका ही बड़ा काबिले एतराज़ है। जितनी भी सड़कें बनाई गई हैं आप उन में से किसी को भी चल कर देखें, मैं दावे के साथ कहता हूं कि उन में कोई न कोई कमी ज़रूर आप को मिलेगी। कहीं पर तो culverts नहीं बन पाईं, कहीं पर पुल ही नहीं बनाया गया और कहीं पर जिस जगह पर सड़क को पहुंचना चाहिए था वहां तक नहीं पहुंचाई गई। इस की पहली वजह तो यह है कि ओवरसियर और S. D. Os. जोकि सड़कों के estimates बनाते हैं, जिन्होंने काम की sanction लेनी होती है वे गांव के उन आदमियों को confidence में नहीं लेते जिन आदमियों का सड़क के साथ सीधा ताल्लुक होता है। वे लोग इस बात की परवाह नहीं करते कि वह सड़क बनाते वक्त उन को क्या क्या तकलीफ होगी ताकि सड़क बनाते वक्त उन बातों का ख्याल रखा जाए। इस की दूसरी वजह यह है कि सरकारी महकमों की आपस में co-ordination नहीं है। Irrigation Department जिसने देखना होता है कि सड़क के बनने से पानी का flow न रुक जाए, P.W.D. के महकमे से co-operate नहीं करता। इस सम्बन्ध में मैं आप के सामने मिसाल रखना चाहता हूं। P.W.D. के मिनिस्टर साहिब इत्तफाक से उठकर चले गए हैं। मेरे हलके में एक गांव नाथूपुरा नाम

का है उस की approach road पर एक पुली थी। उस को बनाने के लिए वज़ीर साहिब ने कहा कि हम दस हज़ार रुपया देंगे और पांच हज़ार रुपया गांव वाले इकट्ठा कर लें। चुनांचि गांव की पंचायत की तरफ से पांच हज़ार रुपया इकट्ठा किया गया और दस हज़ार रुपया चौधरी साहिब ने S.D.O., सोनीपत को भेज दिया ताकि approach road पर जो पुल बनने वाला है उस पर खर्च कर दिया जाए। S.D.O., सोनीपत ने, D.C., रोहतक ने और चौधरी सूरज मल ने Irrigation वालों को लिखा कि जिन specifications से पुल बनाया जाना है वे भेज द.। लेकिन मुझे ताज्जुब है कि अभी तक उस बात का फैसला नहीं किया गया। Irrigation मिनिस्टर साहिब को भी approach किया गया। उन्होंने भी आगे लिखा लेकिन वहां के मुतअिल्लका अफसर पता नहीं कौन हैं वे refuse करते रहे हैं। मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि सारे का सारा रुपया lapse हो जाएगा। क्योंकि साल खत्म होने को है। (घंटी की आवाज़) स्पीकर साहिब, मैं 2 मिनट में एक और सड़क के बारे में बात कर के अपनी तकरीर खत्म कर दूंगा। तहसील सोनीपत का एक मशहूर गांव है जिस का नाम भटगांव है। आप को भी शायद पता होगा कि मास्टर बुलगानन और कामरेड ख्रुश्चेव भी उस गांव में गए थे। मौजूदा चीफ मिनिस्टर और महकमे के बड़े बड़े अफसरान ने यह कहा था कि अगर तुम लोग approach road पर मिट्टी खुद डाल दो तो 15 दिन के बाद सड़क को पक्का बना दिया जाएगा। गांव वालों ने हिम्मत कर के 24 घंटों के अदन्र अन्दर मिट्टी डाल दी और approach road को मुकम्मल कर दिया। इस काम में दो साल लग गए और कागज़ दफतरों में घूमते रहे। खैर, sanction हो गई और tenders भी invite कर लिए गए। लेकिन हमारे गांव के नज़दीक एक मुलाना गांव है वहां का सरपंच पुलिस का tout है। जब उसे पता लगा तो वह चीफ मिनिस्टर को मिलने गया। उस ने 100 रुपय का note चीफ मिनिस्टर के गले में डाल दिया और साथ ही दरखास्त दे दी कि भटगांव वाली सड़क तो बेकार होगी। उस तरफ अगर सड़क बनाई गई तो वह 11 मील लम्बी होगी और अगर मुलाने की सड़क बनाई जाए तो वह छोटी बनानी पड़ेगी। असलियत यह है कि जो हमारे गांव वाली सड़क थी वह सारी अढ़ाई मील लम्बी थी। चीफ मिनिस्टर साहिब को mislead किया गया है। यह बड़े दुःख की बात है। मैंने मुलाना वालों की application भी देखी है। मुझे उन से कोई दुश्मनी नह. है मैं नहीं चाहता कि उन की सड़क न बने। मैं चीफ मिनिस्टर साहिब को मिला था कि भटगांव वाली सड़क को न रोका जाए। उन्होंने P.W.D. वालों को भी लिखा था। लेकिन बड़े अफसोस की बात है कि इस बात को 6 महीने हो गए हैं, एक M.L.A. एक Public का representative, दरखास्त देता है लेकिन 6 महीने तक कोई जवाब नहीं दिया जाता। मुझे इस बात का बहुत अफसोस है। (घंटी की आवाज़) चीफ मिनिस्टर साहिब को इस की तरफ ध्यान देना चाहिए।

पंडित भागीरथ लाल शास्त्री (पठानकोट) : स्पीकर साहिब, मैं आप का धन्यवाद करता हूँ कि आप ने मुझे समय दिया। (*Interruption*) आपके ज़रिए मैं hon. Members से दरखास्त करूँगा कि मेरे टाईम के अन्दर मुझे बोलने दें और इस तरह से न बोलें क्योंकि time मुझे मिला है। अभी जो सड़कों के सम्बन्ध में ज़िक्र चल रहा है, इसके मुतअल्लिक

[पंडित भागीरथ लाल शास्त्री]
दो चार बातें कहना चाहता हूँ। सब से पहली बात तो यह है कि House को इस बात का ज्ञान ही है कि गुरदासपुर पंजाब में सीमा का ज़िला है। सीमा की रक्षा करने के लिए, border को बचाने के लिए ज़रूरी है कि सरकार विशेष ध्यान दे। अगर किसी ने Frontier का इलाका देखा हो——मैं तो वहां कुछ अर्सा गया भी था——तो मालूम होता है कि वहां पर सड़कों और दूसरी सुविधाओं के लिए गवर्नमेंट ने करोड़ों रुपया पानी की तरह बहाया। ज़रूरी भी है कि strategic points के कारण border की विशेष तौर पर रक्षा की जाए। कई दोस्त ज़िला गुरदासपुर की बाबत कहते हैं कि वहां यह हो गया, वहां वह हो गया। लेकिन, स्पीकर साहिब, आज मैं आप के द्वारा बता देना चाहता हूँ कि अगर border के ज़िलों की सड़कों के ज़रिए और दूसरे ज़रूरी साधनों के द्वारा रक्षा न की गई तो कोई भी आदमी वहां पर बसना पसन्द नहीं करेगा। कल करनाल के एक साथी ने गुरदासपुर की बात करते हुए क्या कुछ कहा। मैं उन्हें कहना चाहता हूँ कि अगर आप सचमुच यह समझते हो कि गुरदासपुर को बहुत कुछ दिया गया है तो आओ! हम तबादला कर लें, हम करनाल चले जाते हैं और आप गुरदासपुर आ जाओ।

अब मैं नरोट जैमल सिंह की बाबत अर्ज़ करना चाहता हूं। पिछले दिनों जो बाँध बनाया गया था और जो बह गया, उसको देखने के लिए या और दूसरे गांव देखने के लिए अगर नरोट जैमल सिंह जाना हो तो, स्पीकर साहिब, जम्मू स्टेट से होकर ही वहां पर जाया जा सकता है। सीधे कोई सड़क नरोट जैमल सिंह को नहीं जाती। ठीक है कि दीना नगर की सड़क बन रही है। लेकिन पता नहीं कि दो चार मील बन कर फिर क्यों रुक गई है। जो बनी है वह काफ़ी अच्छी बनी है और काम भी अच्छा हुआ है लेकिन इस को काफी तेज़ी के साथ मुकम्मल करने की ज़रूरत है। मैं आशा करता हूँ कि सरकार इस पर विशेष ध्यान देगी।

इसके अलावा, स्पीकर साहिब, गुरदासपुर और मुकेरियां के दरम्यान जो ब्यास नदी है——दरिया है——उस पर पुल की भी बड़ी भारी ज़रूरत है। स्पीकर साहिब, मैं आप को बताता हूँ कि एक ऐसा भी समय आया जबकि वहां पर——सीमा पर——एक बड़ी भारी panic फैली। (*Interruptions*) हमारी सीमा के दूसरे पार तहसील शक्करगढ़ में पाकिस्तान की एक बड़ी भारी छावनी है। जब प्रातः काल वहां पर ठाएं ठाएं होता है तो मुझे टोकने वाले भाई उसके डर से पता नहीं कहां भाग जाएं, हम border की रक्षा के लिए वहां मज़बूती के साथ बैठे रहते हैं। लेकिन मैं आप को बता रहा था कि जिस वक्त पिछले दिनों वहां panic फैली तो ब्यास पर पुल की ज़रूरत को बुरी तरह से महसूस किया गया। इसलिए मैं अर्ज़ करूंगा कि अगर दूसरा नहीं तो फिलहाल बेड़ियों का पुल ही वहां पर बना दिया जाए, ताकि लोगों को आने जाने में सुविधा हो।

इसके साथ ही एक और अर्ज़ करना चाहता हूँ। गुरदासपुर के अन्दर जो हस्पताल है, वह ज़िला मुकाम होते हुए भी बहुत छोटा है। मरीज़ों की रिहायश के लिए वह बहुत छोटा है। इसलिए मैं आप के द्वारा मन्त्री महोदय का ध्यान इस बात की तरफ दिलाना चाहता हूँ कि वहां पर हस्पताल के लिए इमारत का अच्छा प्रबन्ध किया जाए——ज़्यादा कमरे बनाएं :

(घण्टी) स्पीकर साहिब, एक मिनट और । आखरी बात पठानकोट के Government High School की बाबत करना चाहता हूँ । यह स्कूल बहुत पुराने वक्त का बना हुआ है । उसके लिए भी नई building बनाने की ज़रूरत है । मैं उम्मीद करता हूँ कि जो बातें मैंने अर्ज़ की हैं, उन की तरफ सरकार विशेष तौर पर ध्यान देगी ।

राजा रघुवीर सिंह (कुल्लु, 'जनरल') : अध्यक्ष महोदय, लोक कार्य विभाग के लिए जो रुपये की व्यवस्था की गई है मेरे ख्याल में यह काफी नहीं है । मैं निवेदन करना चाहता हूँ कि विशेषकर पिछड़े हुए इलाकों के लिए सड़कें ही एक ऐसा मुख्य साधन हैं जोकि वहां की जहालत और गुरबत को दूर करने की हमारी लड़ाई में हमें कामयाबी की राह पर ले जाती हैं । बुनियादी तौर पर इस मकसद के लिए जो रुपया रखा गया है वह काफ़ी नहीं । इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि पंजाब गवर्नमेंट इतने भारी काम के लिए सारा रुपया अपने पास से देने की ताकत नहीं रखती । लेकिन, अध्यक्ष महोदय, मैं आप के द्वारा सरकार के notice में यह बात लाना चाहता हूँ कि कम से कम पहाड़ी इलाकों के लिए सड़कें बनाने के प्रोग्राम को भली प्रकार treat नहीं किया गया । वरना मुझे पूरा विश्वास है कि भारत सरकार से इस प्रयोजन के लिए काफ़ी सहायता मिल सकती थी । हम जानते हैं कि इस मकसद के लिए हिमाचल को कितना रुपया मिला । हम जानते हैं कि काश्मीर सरकार को कितना रुपया मिला और हम यह भी जानते हैं कि सड़कों के निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश के पहाड़ी इलाकों के लिए कितना रुपया मिला । मगर कौन नहीं जानता कि यहां पर कुछ खास ही हालात हैं । यहां पर जबान से तो कहा जाता है कि हमें पहाड़ी जनता के लिए बड़ी हमदर्दी है—गिरिजनों के लिए बड़ी हमदर्दी है । लेकिन मैं आप के द्वारा, अध्यक्ष महोदय, इस सरकार की सेवा में निवेदन करना चाहता हूं कि अगर आप को वाकई उन पिछड़े हुए लोगों के साथ हमदर्दी है और अगर आप उन के प्रति सद्भावना रखते हैं तो सब से पहले उन के लिए सड़कें बनाइए । मैं चाहता हूँ कि सरकार हमारे पहाड़ी इलाकों के लिए पूरी गम्भीरता के साथ case plead करे और जो रुपया मिले उसका सही ढंग से खर्च भी होना चाहिए । आज आप भली प्रकार जानते हैं कि Public Works Department इस बात के लिए बुरी तरह से बदनाम है कि जो रुपया इसकी disposal पर रखा जाता है उसे बहुत गलत तरीके से खर्च किया जाता है । बहर हाल, जो बात मैं कहना चाहता हूँ वह यह है कि सब को एक लाठी से हांकना भी गुनाह है । मैं बहुत से P.W.D. के अफसरों को जानता हूँ, जोकि ऊंचे ऊंचे ओहदों पर हैं, जो अच्छी नीयत के भी हैं और जिन की यह प्रबल इच्छा है कि जनता का रुपया जनता के ही कामों पर ख़र्च हो । लेकिन जो खर्च करने का तरीका है—खास कर जहां lower level पर जिन जिन हाथों में रुपया जाता है, उन के ऊपर कोई effective control नहीं है । आम जनता को पता ही नहीं लगता कि रुपया कहां और कैसे खर्च हो रहा है । मेरा इसके लिए यह सुझाव है कि छोटी से छोटी culvert से लेकर बड़ी से बड़ी highway के जो budget estimates हों वह आम जनता की निगाह में आने चाहिएं ताकि जो जनता में सूझबूझ रखने वाले लोग हैं वह देख सकें कि इस तरह से इन की construction और maintenance पर जो रुपया खर्च होता है वह ठीक है या नहीं । इसमें कोई शक नहीं कि जो भी proposal जाती है वह चीफ़ इंजीनियर तक जाती है लेकिन एक चीफ़ इंजीनियर कितने estimates को details के साथ देख सकता है । आखिर सारे पंजाब में Buildings

[राजा रघुबीर सिंह]

and Roads का एक ही तो Chief Engineer है। (*Interruptions*)(*Voices*): एक नहीं दो. . . . दो भी नहीं, तीन) अच्छा चलो, तीन ही मान लेता हूँ। कोई Capital का चीफ इंजीनियर है (*Interruptions*) तीन ही हैं लेकिन उन का काम बांटा हुआ है। वह proper checking नहीं कर पाते। वह नहीं देख सकते कि मौके पर जो छोटे अफसरान हैं--Overseers हैं या Road Inspectors या Work Inspectors के ज़रिए जो रुपया खर्च होता है वह सही तौर पर होता है या नहीं। एक अफसर ऊपर बैठा हुआ हर site को कैसे देख सकता है? हर work को कैसे inspect या check कर सकता है? आखिर उसके काम की भी कोई capacity है। इसलिए ज़रूरी है कि staff बढ़ाया जाए। (घंटी) स्पीकर साहिब, मैं इसके लिए एक दो ज़रूरी तजवीजें आपके द्वारा मिनिस्टर महोदय के सामने रखना चाहता हूँ। यह देखा गया है कि जो routine nature की checking की reports जाती हैं, ऊपरी level पर किसी को उन्हें देखने की फुरसत ही नहीं मिलती। कई मिसालें मौजूद हैं जब लोग बार बार यह शिकायतें करते हैं कि फलां work पर पूरा material नहीं लगा। लोग कई तरह की शिकायतें करते हैं लेकिन पता नहीं लगता कि वह कहां पर fizzle out हो जाती हैं। कई तरह की technicalities को सामने पेश किया जाता है। अगर cases को Anti-Corruption Department के सुपुर्द किया जाए तो उनको अन्दर के भेदों का पता ही नहीं होता। पुलिस को पता ही नहीं होता कि वहां पर कितने C.Ft. सीमेंट पड़ता है, कितना लोहा पड़ता है, कितनी बजरी वग़ैरा पड़ती है। (घंटी) यह उन की अपनी समझ की बात ही नहीं। इसलिए मेरी एक suggestion तो यह है कि इसके लिए special checking staff रखा जाए।

और साथ ही जो इस का muster-roll होता है उस की पूरी पूरी निगरानी होनी चाहिए। जो corruption muster-rolls के ज़रिये होती है वह Overseers से नहीं हटती। गलत muster-roll बनाया जाता है। (*Interruptions*)

तो मैं इस बारे में यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि इस महकमे के जो estimates होते हैं वह इसी तरह से check हो सकते हैं अगर इन का आम public को पता हो ताकि जो सूझ-बूझ वाले आदमी हों उन को इन तमाम चीज़ों का पता हो। दूसरी बात इस corruption को check करने के लिए यह होनी चाहिए कि इस महकमा का जो working staff हो उस के लिए हकूमत ऐसे ऐसे आदमी employ करे जिन की इस सम्बन्ध में background अच्छी हो और वे अच्छी reputation रखते हों। स्पीकर साहिब, बाज़ आदमी पहले Road Inspector लगे हुए होते हैं बाद में उन्हें Overseer बना दिया जाता है लेकिन वे Overseer के काम की जो proper functioning होती है उसे understand भी नहीं करते। खास कर पैप्सू area में कई ऐसे Overseer हैं जिन का नाम तो मैं नहीं लेता लेकिन इतना ज़रूर कहता हूं कि उन्हें Overseer के काम की कुछ समझ नहीं। (घंटी की आवाज) अध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि अगर P.W.D. में से corruption को हटाना है तो यह काम सिर्फ एक well planned तरीके से ही हो सकता है।

फिर मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि इस में कोई शक नहीं कि पंजाब सरकार पहाड़ी areas की development सड़कें बना कर करना चाहती है लेकिन इस बारे में मैं यह कहना चाहता हूं कि लाहौल और स्पिती के इलाकों को बाकी पंजाब से सड़क द्वारा connect नहीं किया जा सकता जिस के लिए हमारी सरकार यत्न कर रही है क्योंकि बावजूद इस बात के कि हर साल हमारी सरकार उस सड़क को maintain करने के लिए खर्च करती है, वहां से reports आ जाती हैं कि वह टूट गई है। इस पर इसे फिर खर्च करना पड़ता है। वहां पर avalanche और glaciers की वजह से वह सड़क तीन महीनों के अन्दर खत्म हो जाती है। अगर उस इलाके को पंजाब के बाकी इलाकों के साथ connect किया जा सकता है तो यह सिर्फ electric trolly bridge के ज़रिये ही किया जा सकता है। अगर इस काम के लिए हमारे engineers काफी न समझे जाते हों तो engineers दूसरे मुल्कों से मंगवाये जा सकते हैं जो यह काम बखूबी कर सकें। मेरे ख्याल में बाहर के मुल्कों से engineers मंगवाने में कोई हरज नहीं जैसा कि भाखड़ा डैम की तामीर के लिए मिस्टर सलोक्म और उस के कुछ साथी engineers की services हासिल की गई हुई हैं। (घंटी की आवाज़) इस में कोई शक नहीं.....(फिर घंटी की आवाज़ें)

श्री अध्यक्ष : आप घंटी की आवाज़ को सुनते हैं या कि नहीं ? (Does the hon. Member hear the bell or not?)

राजा रघुबीर सिंह : जी मैं सुन रहा हूं लेकिन यह बात खत्म तो कर लूं। मैं अर्ज कर रहा था कि इस काम के लिए engineers बाहर से मंगवाये जाएं और इस के लिए बेहतर होगा अगर यह engineers Scandinavian countries, या हंगरी और आस्टरिया जैसे countries से मंगवाये जायें। (घंटी की आवाज़)

श्री अध्यक्ष : मुझे अफसोस है कि आप bell को भी सुन रहे हैं और अपनी speech भी करते जा रहे हैं। यह बात गलत है। (I am sorry that inspite of hearing the bell the hon. Member is still continuing his speech. This is a wrong procedure.)

राजा रघुबीर सिंह : मुझे, स्पीकर साहिब, आज ही time मिला है इस लिये थोड़ा सा time और दे दीजिए। (फिर घंटी की आवाज़)

श्री अध्यक्ष : और time है नहीं। मुझे अफसोस है कि हर साल मुझे यह बताना पड़ता है कि जब आखरी दिन सारी demands आती हैं तो normal interruption hour से $1\frac{1}{2}$ घंटा पहले guillotine apply करनी पड़ती है। इस rule को relax करने के लिये स्पीकर के पास भी कोई power नहीं। इसी लिये मैं ने पहले बता दिया था कि $4\frac{1}{2}$ बजे मिनिस्टर साहिब को time दूंगा क्योंकि 5 बजे guillotine period शुरू होना है। आखर time की भी कोई हद होती है। इस बारे में मैं rule आप को पढ़ कर सुनाता हूं। (No more time please. I regret to say that every year I have

[श्री अध्यक्ष]

to remind the hon. Members that when the Demands for Grants come before the House on the last day of the Budget discussion, guillotine has to be applied 1½ hours before the normal hour of interruption and even the Speaker has no power to relax this rule. That is why I had told the House beforehand that I would give time to the hon. Minister at 4.30 p.m. because guillotine was to be applied at 5 p.m. After all, some time-limit has to be imposed. In this connection I would like to read out the relevant rule.)

> 'On the last day of the days so allotted, the Speaker shall, one and a half hours before the normal hour of interruption of business, forthwith put every question necessary to dispose of the demand under consideration, and shall then forthwith put one by one all the outstanding demands for grants.'

There is no alternative for me.

लोक कार्य मंत्री (चौधरी सूरज मल) : साहिबे सदर, आज की demand पर नुकताचीनी करने में हमारे साथी श्री बलराम दास टण्डन, जोकि अमृतसर से चुन कर आये हैं, ने श्री गणेशायनमः किया । (हंसी) लेकिन जो बातें उन्होंने कहीं वे तो तमाम की तमाम अमृतसर के ज़िले में पहले ही मौजूद हैं और अगर उस ज़िले वालों को इन बातों में शिकायत हो तो मुझे इस पर बड़ा अफसोस है । उन्होंने जो बातें कहीं हैं उन में से एक बात उन्होंने अमृतसर के हस्पताल के बारे में कही है । मैं बताना चाहता हूं कि जितना शानदार हस्पताल वहां है, या उस हस्पताल की building है या उस में indoor patients के लिए जो इंतज़ाम है या वहां Medical College है या उस के साथ boarding-house की जो शानदार building है उतनी शानदार building और किसी ज़िले में नहीं हैं । पिछले दो तीन साल के अरसे में वहां इन buildings पर तकरीबन 15 या बीस लाख रुपया और खर्च किया गया है । वहां का हस्पताल इतना शानदार बना हुआ है और मैं तो टंडन साहिब की सेहत को देख कर कह सकता हूं कि वहां के हस्पताल में कोई खराबी नहीं है । वहां पर पीने के पानी का जो इतना अच्छा इन्तज़ाम है उस ने भी, मैं समझता हूं, टंडन साहिब की सेहत में बहुत कुछ अज़ाफा किया है ।

फिर इस के बाद वहां की जेल के बारे में ज़िक्र किया गया है । मेरा ख्याल है कि मेरे इस साथी ने वह जेल जो नई बनी है, जा कर नहीं देखी । मैं उन से कहूंगा कि वह नई जेल के अन्दर जा कर उसे देखें और देखें कि वहां किस किस्म के कमरे बने हुए हैं । अगर आप उस जेल को जा कर देखेंगे तो आप उस की तारीफ करेंगे । आप उसे बतौर एक visitor के ही जा कर देखें । मैं तो कहूंगा कि हस्पतालों, roads और जेल की जितनी अच्छी हालत ज़िला अमृतसर में है इतनी और कहीं भी नहीं । (एक आवाज़ : आप सिर्फ अमृतसर की हालत बतायेंगे या बाकी के पंजाब की भी बतायेंगे ।) मैं तो इन का जबाब दे रहा हूं । अभी बाकी पंजाब के बारे में भी बताऊंगा । इन चीज़ों के बावजूद मुझे पता नहीं कि मेरे साथी को क्यों हर वक्त गिला रहता है । (एक आवाज़ : यह

सब कुछ तो देहात में हो रहा है अमृतसर शहर में क्या किया गया है?)। आखिर देहात में भी तो सूबा पंजाब के ही रहने वाले हैं। अगर कैरों या कैरों गांव के आस पास में कोई सड़क बन गई है जो बड़ी मुदत से नहीं बनाई गई थी तो क्या यह बुरी बात हो गई ? इस पर आप को गिला नहीं होना चाहिये। यह नहीं कि सारा रुपया देहात पर ही खर्च हो रहा है। अमृतसर शहर के लिए जो रकूमात खर्च की जानी हैं वह भी इस बजट में दर्ज हैं। अगर वहां देहात में कोई अच्छी सड़क बनाई गई है तो उस के लिए आप को गिला नहीं होना चाहिये। आप को इस बात का इल्म होना चाहिये कि P.W.D. का महकमा जल्दी से जल्दी सड़कें बना रहा है इस लिये अगर कोई सड़क जल्दी में ठीक नहीं बनी तो वह लुक के दूसरे कोट से ठीक हो जायेगी और उस के लिये आप को कोई शिकायत नहीं रहेगी। एक दो बातें और कई मैम्बर साहिबान ने कही हैं जिन का जवाब मैं अभी देता हूं। दरअसल आज की बहस इतनी फीकी २ है कि जवाब देने को तबियत भी नहीं करती। खैर कुछ कह ही पड़ेगा।

जनाब, आज यहां जितने मैम्बरान बोले हैं उन में से ज़्यादातर कांगड़े के मैम्बर साहिबान हैं लेकिन इन के बारे में मैं यह ज़रूर कहूंगा कि वह असलियत को देखते नहीं, कागज़ात को देखते नहीं और अपने ज़िले के बारे में ज़रूर कुछ कहना चाहते हैं। स्पीकर साहिब, अगर आज आप इस बजट को देखें और खास तौर पर P.W.D. के बजट को देखें तो आप को मालूम होगा कि अगर सब से ज़्यादा खर्च किसी ज़िले पर हो रहा है तो वह ज़िला कांगड़ा पर ह। हो रहा है और P.W.D. के महकमे में भी सब से ज़्यादा खर्च ज़िला कांगड़े पर हो रहा है। (*Interruptions*) आप शान्ति से बैठ कर सुनिए। मैं अपनी बहन से दरखास्त करूंगा—मगर वह तो चली गई हैं, पता नहीं कहां चली गई हैं। (हंसी) वैसे मुझे किसी बहन के मुताल्लिक कहना तो नहीं चाहिये मगर वह कभी अपने हलके में जा कर देखती तो हैं नहीं। वहां पर मुबारिकपुर से हमीरपुर तक सड़क बननी शुरू हो गई है। मैं खुद उस पर एक दो मील जा कर देख कर आया हूं। फिर आप जानते हैं कि पंजाब के और ज़िलों में हमारा एक एक Division है। किसी में दो भी नहीं हैं मगर अकेले कांगड़े में तीन Divisions हैं। (तालियां) जहां सारे पंजाब में 19, 20 Division काम कर रहे हैं वहां अकेले कांगड़े में तीन Division हैं, और किसी ज़िले में एक या डेढ़ Divisions से ज़्यादा नहीं हैं। यह तीन Divisions धर्मसाला, कुल्लु और एक लाहौल स्पिती के लिए खास तौर पर खोली गयी हैं। फिर इस अकेले ज़िले के अन्दर 11 Sub-Division काम कर रहे हैं। और दोस्त तो कहते ही हैं मगर जब पण्डित अमर नाथ जी ने कहा कि इस में सिर्फ दो लाख रुपया कांगड़े ज़िले के लिए रखा गया है तो मुझे अफ़सोस हुआ। स्पीकर साहिब, मैं आप के ज़रिए इन को बताना चाहता हूं कि इस बजट के अन्दर सिर्फ कांगड़े ज़िले के लिए 25,29,000 रुपया सड़कों के लिए रखा गया है। (*Hear, hear*) इस तरह आप देखिए......

राजा रघुवीर सिंह : Lapse कितना हुआ ?

लोक कार्य मंत्री : आप पिछले साल की बात कर रहे हैं, इस साल को देखें । आप देखते जाइए खर्च हो रहा है और बड़े ज़ोरों से हो रहा है । (*Interruption*) कांगड़े के ज़िले में....राजा साहिब आप क्यों.....

